सेंसेक्स 73,057.40 ▲ +349.24

डॉलर 82.908 ▼ -0.115

**तापमान** (डिग्री सेल्सियस)

आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 31.0 | 16.0 | 22.0 |
| धनबाद | 32.0 | 19.0 | 24.0 |
| जमशेदपुर | 36.0 | 19.0 | 27.0 |
| पलामू | 32.0 | 17.0 | 23.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, माघ शुक्ल पक्ष 12, विक्रम संवत 2080 | रांची, बुधवार, 21 फरवरी 2024, वर्ष-25, अंक-22, पृष्ठ-10, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



संपादकीय — मेगा प्रोजेक्ट्स और स्थानीय हितों ... 06

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

सरकार किसी परिवार की नहीं, जम्मू-कश्मीर ...10 — देश विदेश





## एक नजर

### मृतका के परिवार की आशुतोष तिवारी ने की आर्थिक मदद

**चान्हो।** बीते 9 फरवरी को हुए टांगर निवासी अंजनी देवी की मृत्यू के पश्चात उनके क्रिया क्रम के लिए मंलवार को जिला परिषद सदस्य आशुतोष तिवारी ने अपने प्रतिनिधि हसबुल अंसारी व विशाल उरांव के हाथों आर्थिक मदद किया। मृतका अंजनी देवी काफी दिनों से बीमार चल रही थी। इनके परिवार की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय है। मौके पर उन्होंने कहा कि ये मदद बहुत ज्यादा तो नहीं है, लेकिन जरुरतमंदों को इस तरह से छोटी छोटी मदद भी कुछ लोग करेंगे तो उनका काम आसान हो जायेगा।

### श्री श्री वैष्णवी दुर्गा पूजा समिति के द्वारा माता के जागरण का आयोजन

मुरी। श्री श्री वैष्णवी दुर्गा पूजा समिति पुराना बाजार छोटा मुरी की ओर से 7 वर्ष के उपलक्ष में बुधवार को संध्या में माता का जागरण का आयोजन किया गया है। यह जागरण रांची के जय माता दी जागरण मंडली के कलाकारों के द्वारा जागरण प्रस्तुत किया जाएगा साथी साथ दुर्गा माता की पूजा अर्चना एवं भक्तगणों में प्रसाद का वितरण भी किया जाएगा। इसकी जानकारी समिति के सदस्य तुलसी महतो ने दिया।

### बाइक दुर्घटना में दो युवकों की मौत

दुमका। मुफस्सिल थाना क्षेत्र के दुमका-पाकुड़ मुख्य पथ पर मंगलवार को गुहियाजोरी गांव के समीप बाइक दुर्घटनाग्रस्त होने से दो युवक की मौत हो गई। मृतकों में विनय हेम्ब्रम (22) बांसकनाली और संदीप गृह (24) शामिल हैं। दोनों गादीकौरेया के रहने वाले थे। जानकारी के अनुसार दोनों युवक दोपहर को केटीएम बाइक से रामगढ़ गए थे। शाम को दोनों तेज गति से वापस आ रहे थे। गुहियाजोरी के पास एक स्कूल के समीप मोड़ में विनय ने अपनी बाइक में नियंत्रण खो दिया और बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस एंबुलेंस के साथ मौके पर पहुंच दोनों युवकों को फुलो-झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर आई, जहां चिकित्सक ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। बुधवार को दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की खाद्य सामग्री की जांच

**खूंटी।** जिले के सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार और चिकित्सा प्रभारी ने मंगलवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, कालामाटी का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने निरीक्षण के क्रम में भोजन, दाल, सब्जी, चावल की जांच की । जांच में साफ सफाई एवं भोजन की गुणवत्ता को संतोषजनक पाया गया। खाद्य सामग्री के स्टोरेज रूम की जांच कर तेल, मसाला, नमक आदि की मैन्युफैक्करिंग डेट और एक्सपायरी डेट की जांच की गई। सिविल सर्जन द्वारा बच्चों और शिक्षकों को भोजन के महत्व की जानकारी दी गई।

## मतदाता जागरुकता में सोशल मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण : राशिद



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सह स्वीप कोषांग के नोडल प्रभारी सैय्यद राशिद अख्तर की अध्यक्षता में मंगलवार को आगामी चुनाव 2024 को लेकर खूंटी जिले के सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स के साथ बैठक की गई। चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए खूंटी जिले में जन जागरूकता कार्यक्रम चलाने पर विशेष बल दिया गया। इसमें मुख्य रूप से स्वीप के तहत संचालित मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर बताया गया कि जिले में विभिन्न प्रभावशाली माध्यमों से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। जनसंपर्क पदाधिकारी ने कहा कि वर्तमान समय में सोशल मीडिया आमजनों तक पहुंचने का एक प्रभावशाली माध्यम है। ऐसे में जिले के सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर्स की भूमिका अहम मानी गई है। बैठक में बताया गया कि सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म जैसे फेसबुक, एक्स, यूट्यूब और इंस्टाग्राम से मतदाताओं से सम्पर्क स्थापित कर उन्हें अपने मताधिकार के पूर्ण प्रयोग के लिए प्रेरित किया जाय, ताकि हर मतदाता जागरूक दृष्टिकोण अपनाकर अपने मतदान करे।

### राजीव गांधी पंचायती राज संगठन, झारखंड प्रदेश की बैठक

## पार्टी में मजबूती के लिए संगठन में नये लोगों को जोड़ना जरूरी : जय शंकर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजीव गांधी पंचायती राज संगठन, झारखण्ड प्रदेश की बैठक सर्वोदय संवाद प्रदेश कांग्रेस भवन में संपन्न हुई कार्यक्रम की अध्यक्षता राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष, सुनीत शर्मा ने की। यह जानकारी राजीव गांधी के पंचायती राज के प्रदेश प्रवक्ता एफ.एन. निलेश ने दी। इस अवसर पर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के पूर्व अध्यक्ष जय शंकर पाठक को सम्मानित किया और उनके द्वारा संगठन मे किये गये कार्यों की सराहना की गई। इस अवसर पर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के पूर्व अध्यक्ष सह धार्मिक न्यास के अध्यक्ष जय शंकर पाठन ने सर्वोदय संकल्प के उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित किया और संगठन के संबंध में



विस्तार से जानकारी दी उन्होंने प्रतिभागियों को बताया कि राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि इस संगठन का उद्देश्य पंचायती राज को सश्क्त बनाने का प्रयास करना है। आज की बैठक में झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर उपस्थित थे और उन्होंने राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि पंचायती राज से जुड़े हुए लोगों को इस संगठन से जोड़ना है और उन्हें प्रशिक्षित करना है ताकि ग्रामसभा एवं पंचायती राज मजबूत हो सकें उन्होंने कहा कि प्रतिभागियों को अपने से उपर के पदधारकों के पास चक्कर नहीं लगाना चाहिए बल्कि अपने से नीचे के पदधारकों के पास जाना चाहिए और उन्होंने सहायता करना चाहिए। उन्होंने कहा कि संगठन में नये लोगों को जोड़ना चाहिए और पुराने के साथ समन्यव करना चाहिए।

## न्यूज बॉक्स

### 19 वर्षीय युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**सिल्ली।** सिल्ली थाना अंतर्गत छोटा चंगडू निवासी परमानंद बडाईक उम्र 19 वर्ष ने अपने घर में ही फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार उसके भाई संजय बडाईक ने बताया कि मेरा भाई परमानंद बडाईक का किसी लड़की के साथ प्रेम प्रसंग था। सुबह लगभग 10 बजे से 11बजे के बीच घर के ही सामने एक कमरा में फांसी लगा लिया। हम लोग उस समय काम करने गए हुए थे। घर आने के बाद देखा कि उस कमरा का खिड़की खुला हुआ है और दरवाजा बंद है खिड़की के पास जाकर देखा तो मेरा भाई फांसी लगा लिया था तत्पश्चात आनंन फानन में हम लोग दरवाजा तोड़कर अंदर घुसे और उसका जान बचाने के लिए नीचे उतारे। उसके बाद इसकी सूचना सिल्ली थाना को दिया गया। सिल्ली थाना दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक अस्पताल सिल्ली लाया गया जहां डॉक्टर के द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। थाना के द्वारा शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रांची रिम्स भेज दिया गया।

### अधूरे पुल निर्माण को लेकर टॉल प्लाजा के समीप धरना



मांडर । एन एच 39 के मलटोटी स्थित अधूरे पुल में आए दिन हो रहे घटना को देखते हुए मांडर के जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि रबुल अंसारी के नेतृत्व में मंगलवार को मांडर( टेढ़ी पुल) के निकट स्थित टोल प्लाजा के निकट धरना दिया गया । साथ ही एक स्वर में कहा गया कि पूल नहीं तो तो टोल टैक्स नहीं। मौके पर ही टोल प्लाजा के मैनेजर हर्षित अग्रवाल द्वारा एन एच आई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर से दूरभाष पर जिला परिषद प्रतिनिधि से बात कराया गया। डायरेक्टर द्वारा दस दिनों के अंदर बाई पास सड़क की मरम्मती एवं शीघ्र ही पूल निर्माण हेतु पहल के आश्वासन के बाद धरना समाप्त किया गया। इसके पश्चात एन एच 39 के मल्टोटी स्थित अधूरे पूल को शीघ्र पूरा करने से संबंधित एक ज्ञापन टोल प्लाजा के मैनेजर को सौंपागया।

### उग्रवादी हिंसा में मारे गए भुक्तभोगी के आश्रित की मां को मिला एक लाख का मुआवजा



लापुंग। उग्रवादी हिंसा में मारे गए लापुंग प्रखंड के कारूम गांव के दिलीप सिंह प्रधान के आश्रित परिवार को आठ वर्षों के बाद मिला एक लाख रुपए का मुआवजा। अंचलाधिकारी पंकज कुमार ने विधायक प्रतिनिधियों के साथ मिलकर दिवंगत दिलीप सिंह की माता देवंती देवी को एक लाख का चेक सौंपा । कांग्रेस पार्टी के प्रखण्ड अध्यक्ष जयंत बारला, युवा अध्यक्ष जन्मेंजय पाठक, सचिव सुदामा महली ने संयुक्त रूप से भुक्तभोगी परिवार को चेक सौंपा। उल्लेखनीय है कि 2016 में उग्रवादी हिंसा में दिलीप सिंह प्रधान मारे गए थे। लंबे समय से मुआवजा की मांग की जा रही थी। लंबे समय से इंतजार के बाद मुआवजा मिलने पर मां देवंती देवी की आंखें भरभरा उठी। इस मौके पर अंचल के प्रधान लिपिक गुफरान अख्तर एवं विधायक के पंचायत प्रतिनिधि दुर्गा नाथ पाईक दिलीप सिंह प्रधान के परिजन सहित कई लोग मौके पर मौजूद थे।

## हमें खुशी होती है टीबी मरीजों की सेवा करने में : रवि नारायण



**नवीन मेल संवाददाता। मुरी**
हिंडालको कंपनी के सीएसआर फंड के द्वारा सिल्ली प्रखंड के 14 पंचायतों के टीवी मरीजों के बीच छः महीने का राशन एवं दवा का निशुल्क वितरण किया गया। यह वितरण हिंडालको के यूनिट हेड रवि नारायण मिश्रा एवं एचआर हेड अरुण राय दोनों ने संयुक्त रूप से टीवी मरीजों के बीच वितरण किया साथ ही साथ यूनिट हेड रवि नारायण मिश्रा ने मरीजों को संबोधित करते हुए कहा कि सही रूप से संतुलित भोजन एवं दवा का सेवन करें तथा किसी प्रकार का धूम्रपान ना करें। धूम्रपान करने से दवा असर नहीं करेगा। हमें खुशी होती है कि टीवी मरीजों की सेवा करने का मौका मिला है। वहीं एचआर हेड अरुण राय ने भी मरीज को संबोधित करते हुए कहा कि हिंडालको हमेशा ग्रामीणों के सेवा में तत्पर रहेगी। सीएसआर फंड के द्वारा ग्रामीणों की मदद हर एक क्षेत्र स्तर पर किया जाएगा। हमारे भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लक्ष्य है कि भारत को टीवी मुक्त कर देना उसको देखते हुए हमारा ग्रामीण इलाकों में जो भी टीवी से ग्रसित मरीज है उनको हिंडाल्को की तरफ से मदद मिलते रहेगा। इस मौके पर डॉक्टर सौरभ कुमार, अविनाश कुमार, भरत सिंह, अनिल कुमार सिंह, अभिषेक कुमार सिंह, प्रतीक कुमार, रंजीत कुमार, संजीव कुमार महतो आदि कर्मचारी गण उपस्थित थे।

## भाजपा के संपर्क अभियान के तहत लोकसभा क्षेत्र स्तरीय कार्यशाला शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
प्रदेश भाजपा लाभार्थी संपर्क अभियान के तहत लोकसभा क्षेत्र स्तरीय कार्यशाला का आयोजन मंगलवार से आरंभ हुआ। इस अभियान के प्रदेश संयोजक एवं पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद ने कहा कि 20 से 24 फरवरी तक प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में कार्यशाला का आयोजन होगा। प्रदेश के प्रमुख नेता प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में जाकर कार्यशाला में हिस्सा लेंगे। प्रसाद ने कहा कि 20 फरवरी को सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र के कार्यशाला में नीलकंठ सिंह मुण्डा एवं नंदजी प्रसाद शामिल हुए। 21 फरवरी को गोड्डा लोकसभा क्षेत्र में दुर्गा मराण्डी एवं विवेक विकास, धनबाद लोकसभा क्षेत्र में सत्यनारायण सिंह एवं बारी मुर्मू, रांची लोकसभा क्षेत्र में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी एवं मनोज महतो वाजपेयी, खूंटी लोकसभा क्षेत्र में नीलकंठ सिंह मुंडा एवं बालमुकुंद सहाय, पलामू लोकसभा क्षेत्र में भानु प्रताप शाही एवं आरती कुजूर शामिल होंगी। फरवरी को राजमहल लोकसभा क्षेत्र में राकेश प्रसाद एवं लुईस मरांडी, चतरा लोकसभा क्षेत्र में सांसद आदित्य प्रसाद साहू एवं सीमा पासवान, गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह एवं मुन्ना मिश्रा, जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र में डॉ प्रदीप वर्मा एवं सरोज सिंह शामिल होंगे। 23 फरवरी को दुमका लोकसभा क्षेत्र में राकेश प्रसाद एवं शोभा यादव, कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में बालमुकुंद सहाय एवं सुनीता सिंह, लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र में जवाहर पासवान एवं मनोज सिंह शामिल होंगे। 24 फरवरी को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में बड़कुंवर गागराई एवं मनोज सिंह शामिल होंगे।

## उप विकास आयुक्त ने की शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा



**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई बैठक में शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त ने छात्रों को पोशाक की उपलब्धता, विद्यालय अनुदान की उपयोगिता, ई-विद्यावाहिनी के माध्यम से शिक्षकों की उपस्थिति, यू डायस, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों, झारखण्ड बालिका आवासीय विद्यालयों में नामांकन एवं पठन-पाठन की स्थिति, व्यावसायिक शिक्षा के संचालन एवं बच्चों को इससे मिलने वाले लाभ, विद्यालयों में आईसीटी के तहत कम्प्यूटर कक्षा का संचालन तथा प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना (मध्याह्न भोजन योजना) की समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में प्रखण्ड स्तरीय पदाधिकारियों को कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए क्षेत्र भ्रमण एवं योजनाओं में अपेक्षित उपलब्धि प्राप्त करने के लिए विद्यालयों की नियमित समीक्षा करने का निदेश दिया गया।

### प्रखंड स्तरीय सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब के अध्यक्ष बने सत्य नारायण महतो

## बीडीओ की देखरेख में हुआ कमेटी का गठन, दिलाई गई शपथ

**नवीन मेल संवाददाता। लापुंग**
लापुंग प्रखंड के सभागार में झारखंड सरकार की ओर से चलाई जा रही युवा खेल क्लब योजना के तहत रांची जिला के लापुंग प्रखंड में प्रखंड स्तरीय सिद्धू कान्हू युवा खेल क्लब का गठन किया गया। काफी गहमागहमी के बीच सर्वसम्मति से दानेकेरा पंचायत के सत्यनारायण महतो को अध्यक्ष चुन लिया गया। वहीं लतरातु पंचायत के सिकंदर महतो को उपाध्यक्ष, दोलैचा पंचायत के सरोज राम धुसिया को सचिव बनाया गया तथा कार्यकारिणी समिति के सदस्यों में अलग-अलग पंचायतों से विक्रमजीत तिर्की, अमित उरांव, गंगा उरांव, अजीत कुमार, संजय



प्रधान, विशाल मुंडा, प्रदीप खलखो, शिव उरांव, पंकज खलखो तथा पीटर खलखो का चयन किया गया। लापुंग प्रखंड के सभी पंचायतों से चुने गए अध्यक्ष सत्यनारायण महतो, उपाध्यक्ष सिकंदर महतो तथा सरोज राम धुसिया सहित सभी सदस्यों को सभी सदस्यों को प्रखंड विकास पदाधिकारी इमानुएल जयवीरस लकड़ा और लापुंग प्रखंड के प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी जयवीरस लकड़ा ने किया जबकि संचालन प्रखंड प्रमुख कंचन उरांव ने किया। सिद्धू कान्हु युवा खेल क्लब के प्रखंड स्तरीय सिद्धू कान्हु युवा खेल क्लब के प्रभारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। बैठक के दौरान लतरातु पंचायत के पंचायत सचिव महेंद्र साहु, बड़ा बाबु विष्णु पूर्ति सहित सभी पंचायतों के प्रतिनिधि मौजूद थे।

### अनीमिया मुक्त भारत के लिए सभी लोगों को मिलकर करना होगा प्रयास : डॉ नागेश्वर



**खूंटी।** जिले में अनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत मंगलवार को सदर अस्पताल के सभागार में प्रखंड ब्लॉक स्टोर कीपर, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक, एमओआरएसबी और प्रखंड डाटा प्रबंधकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया।कार्यक्रम की शुरूआत जिले के सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी द्वारा किया गया। मौके पर डॉ मांझी ने कहा कि खूंटी को अनीमिया मुक्त बनाने के लिए सभी लोगों को मिलकर प्रयास करना होगा। उन्होंने कहा कि सभी को कार्यक्रम के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना होगा। उम्र के अनुसार बच्चों एवं महिलाओं को आयरन की गोली एवं सिरप देना सुनिश्चित किया जाए, ताकि खूंटी जिले को अनीमिया मुक्त किया जा सके। अनीमिया से ग्रसित महिलाओं और बच्चों की पहचान सामान्यतः हाथों की लालिमा में कमी, जीभ का सफेदपन, पैरों में सूजन, नाखूनों का टूटना और पीलापन तथा होंठों के कोने में फटने से किया जा सकता है। एविडेंस एक्शन के क्षेत्रीय प्रतिनिधि नीरज कुमार सिंह ने अनीमिया की रोकथाम के लिए प्रयोग में आनेवाली आयरन की गोली तथा आयरन सिरप की उपलब्धता तथा इसकी सप्लाई को लेकर कैसे सुनिश्चित किया जाए, इसके बारे में जानकारी दी।

### मूलवासी सदानों को हक और अधिकार देना होगा

## झारखंड के सदान राज्य की दशा और दिशा तय करेंगे : राजेंद्र

**सुनील कुमार गुप्ता, बेड़ो**
सदान मोर्चा की 27 फरवरी को रांची में होने वाली अधिकार मार्च को लेकर बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मैदान रंगमंच पर आयोजित बैठक के दौरान सदानों ने भरी हुंकार कहा कि सदानों को हक और अधिकार देना होगा। बतौर मुख्य अतिथि मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदानों के प्रति सरकार की नियत ठीक नहीं है। रांची गुमला लोहरदगा सिमडेगा खूंटी सहित कई जिलों में मूलवासी सदान अपनी उपेक्षा से त्रस्त हैं। इन जिलों में ओबीसी का आरक्षण शुन्य कर दिया गया है। अब 27 फरवरी को रांची में होने वाली अधिकार मार्च में झारखंड के सदान राज्य की दशा और दिशा तय करेंगे। इस दौरान केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदान अपने बाल बच्चों के भविष्य के लिए मर मिटने को तैयार रहें । 27 फरवरी को होने



वाली अधिकार मार्च को लेकर बेड़ो प्रखंड के लिए तैयारी समिति गठित गई जिसमें प्रमुख रुप से सुशील कुमार साहु, बसंती देवी, सावित्री देवी, उमेरा खातून, सरिता देवी,नवदीप महतो, मुकेश गोप आदि को शामिल किया गया है। इसके अलावा धनंजय कुमार राय, विश्वनाथ गोप, वाणी कुमार राय और मुमताज खान को संरक्षक बनाया गया। बैठक में आदित्य चौधरी, ओमप्रकाश साहू, ब्रजेश महतो, कयुम फराश, कुदुस अंसारी, मुरारी पांडे, राजेश सहाय, संजय कुमार राय, कृष्णा गोप, गौरी शंकर साहू, मो अमीन अंसारी, हेमंत कुमार, विमला देवी, महेश्वरी देवी, सविता देवी, कल्पना, राजेश गोप, विशेश्वर हजाम, मुस्ताक मलिक सहित सैकड़ों की संख्या में मूलवासियों ने बैठक को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित थे। मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद ने बैठक के दौरान राजनेताओं को आड़े हाथ लेते हुए कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि राज्य में बनने वाली सरकारों ने

**रांची गुमला लोहरदगा सिमडेगा खूंटी सहित कई जिलों में मूलवासी सदान अपनी उपेक्षा से त्रस्त हैं**

मूलवासी सदानों की अधिकार को छीनने का काम किया। उन्होंने कहा राजनीतिक दल लोकसभा और विधानसभा में बाहरी उम्मीदवार को प्रत्याशी बनाकर सदानों के अधिकार को छीनने का काम कर रहे हैं। जबकि सदान पहले से ही बहुत सारे जिलों में सांसद , विधायक, नहीं बन पाते हैं इसके बाद भी सदानों को प्रमुख ,मुखिया, जिला परिषद अध्यक्ष बनने से वंचित कर दिया गया है। उन्होंने कहा इतना ही नहीं पिछड़ों का राज्य में 55% आबादी होने के बाद भी केवल 14% आरक्षण मिलता है। जबकि रांची लोहरदगा एवं गुमला सहित अनुसूचित जिलों में आरक्षण शून्य कर दिया गया है।

### पत्रकार संतोष मिश्रा का हुआ अंतिम संस्कार

## पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया



**नवीन मेल संवाददाता। कोडरमा**
पत्रकार संतोष मिश्रा का मंगलवार झुमरीतिलैया मुक्तिधाम में अंतिम संस्कार किया गया। वहीं सोमवार शाम झुमरीतिलैया के बाईपास रोड ओवरब्रिज के पास हुई मौत मामले में पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया है। मृतक पत्रकार की पत्नी रंजीता मिश्रा के आवेदन के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है.। दर्ज मामले में एनएचएआई हजारीबाग के प्रोजेक्ट डायरेक्टर, बरही से कोडरमा तक फोरलेन का निर्माण करा रही कंपनी आरकेएस कंस्ट्रक्शन के मालिक, साइट इंचार्ज व अन्य पर साजिश के तहत हत्या का आरोप लगाया गया है.। पुलिस अब पूरे मामले की जांच करेगी.। इस बीच मंगलवार को पुराना बस स्टैंड आदर्श नगर स्थित आवास पर उनका शव पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया। परिजनों की चित्कार से हर आंख नम हो गईं। शहर के बुद्धिजीवियों, पत्रकारों व गणमान्य लोगों ने दिवंगत पत्रकार को अंतिम विदाई दी.। अंतिम यात्रा में भारी संख्या में पत्रकार व अन्य लोग शामिल हुए.।

### हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत पंचायतों में शिविर का आयोजन



**खूंटी।** तोरपा प्रखंड के बारकुली और तोरपा पश्चिमी एवं कर्रा के घुनसुली व जुरदाग के पंचायत भवन में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत शिविर का आयोजन किया गया। कर्रा के जुरदाग एवं तोरपा के बारकुली और तोरपा पश्चिमी पंचायत में आयोजित शिविरों में कार्यक्रम के जिला प्रभारी पदाधिकारी रवि कुमार वर्मा ने शिविर की गतिविधियों का निरीक्षण किया। साथ ही हमारा संकल्प विकसित भारत की प्रतिज्ञा भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने के सपने को साकार करेंगे। गुलामी की मानसिकता को तड़ से उखाड़ फेकेंगे। देश की समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे। भारत की एकता को सुदृढ़ करेंगे और देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे। नागरिक होने का कर्तव्य निभाएंगे, की शापथ दिलाई गई। जिला प्रभारी ने केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

संसेक्स 73,057.40 ▲ +349.24
डॉलर 82.908 ▼ -0.115

तापमान (डिग्री सेल्सियस)
आज का अनुमान

| | अधिकतम | न्यूनतम | (न्यूनतम) |
|---|---|---|---|
| रांची | 31.0 | 16.0 | 22.0 |
| धनबाद | 32.0 | 19.0 | 24.0 |
| जमशेदपुर | 36.0 | 19.0 | 27.0 |
| पलामू | 32.0 | 17.0 | 23.0 |

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



रांची, माघ शुक्ल पक्ष 12, विक्रम संवत 2080 | रांची, बुधवार, 21 फरवरी 2024, वर्ष-25, अंक-22, पृष्ठ-10, मूल्य ₹3.00, रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

संपादकीय | मेगा प्रोजेक्ट्स और स्थानीय हितों ... 06
रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित
सरकार किसी परिवार की नहीं, जम्मू-कश्मीर ...10 | देश विदेश

### रांची सर्राफा

सोना (10 ग्राम) 59,050

चांदी (1 किलो) 77,500

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों की प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर है, जिसमें आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में इस नंबर **82925 53444** पर भेज सकते हैं। आपत्तिजनक सामग्री भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर **8292373444** संपर्क करें।

## एक नजर

### झारखंड कैबिनेट की बैठक 23 फरवरी को

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 23 फरवरी को होगी। इस संबध में मंगलवार को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) की ओर से जानकारी दी गई है। मंत्रिपरिषद की बैठक शुक्रवार को अपराह्न चार बजे या विधानसभा की बैठक के तुरंत बाद झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

### अमित शाह पर टिप्पणी मामले में राहुल गांधी की याचिका खारिज

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट से मंगलवार को कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को बड़ा झटका लगा है। हाईकोर्ट ने राहुल गांधी की याचिका पर सुनवाई के बाद उनकी याचिका को खारिज कर दिया। जस्टिस अंबुज नाथ की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई।

### राहुल के खिलाफ अब राजस्थान में मुकदमा सुनवाई 23 को

**जयपुर।** प्रधानमंत्री की जाति पर की गई टिप्पणी के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग करते हुए एक शिकायत यहां दायर की गई है। याचिका सोमवार को दायर की गई थी और जयपुर मेट्रो-द्वितीय के मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट की अदालत 11 ने सुनवाई के लिए 23 फरवरी की तारीख तय की है। वकील विजय कलंदर की ओर से दायर की शिकायत में कहा गया है कि पीएम मोदी की जाति के खिलाफ राहुल गांधी के बयान ने विभिन्न वर्गों और समुदायों के बीच अविश्वास की भावना पैदा की है। शिकायत में राहुल गांधी के न्याय यात्रा के दौरान दिए गए उस बयान का हवाला दिया गया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि पीएम मोदी जन्मजात ओबीसी नहीं हैं। उनके बयान को देश की शांति, सुरक्षा, एकता और अखंडता के खिलाफ बताया गया है।

# 3 माह में देंगे और नौ लाख अबुआ आवास : मुख्यमंत्री

■ तीन जिलों के 35, 840 अबुआ आवास लाभुकों को सौंपा स्वीकृति पत्र

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि अबुआ आवास योजना के दूसरे चरण में अगले तीन महीनों में नौ लाख और बेघरों को आवास दिये जायेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार खनिज सम्पदाओं से परिपूर्ण राज्य के गरीब पिछड़े, दबे कुचले आदिवासी मूलवासियों को आर्थिक, सामाजिक, और शैक्षणिक स्तर पर विकसित करने के संकल्प के साथ राज्य का विकास कर रही है। मुख्यमंत्री मंगलवार को गिरिडीह स्टेडियम में आयोजित राज्य सरकार की अति महत्वाकांक्षी अबुआ आवास योजना का शुभारंभ करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने गिरिडीह, धनबाद और बोकारो जिले के 35 840 लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र प्रदान किये। इसमें गिरिडीह जिले के 7165, धनबाद जिले के 5931 और बोकारो जिले के 5550 गरीब-जरूरतमंद लाभुक शामिल हैं। इस दौरान सभी लाभुकों के बैंक खाते में डीवीटी के ▸▸शेष पृष्ठ 09 पर



### 50 साल उम्र तक के लाभुकों के लिए पेंशन योजना की शुरूआत

मुख्यमंत्री ने 50 साल उम्र तक के लाभुकों के लिए राज्य सरकार की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना की भी शुरूआत की। सोरेन ने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि 2019 में प्रदेश की जनता ने हेमंत सोरेन को पांच सालों के लिए जनादेश दिया था लेकिन केन्द्र द्वारा विकास योजनाओं में भेदभाव की नीति अपनायी जाने लगी, जिसके फलस्वरूप हेमंत सोरेन सरकार द्वारा राज्य में समावेशी विकास किया जाने लगा। इससे विरोधी बौखला गए और सरकार को अपदस्थ करने का खेल खेला। हेमंत को जेल जाना पड़ा, जिससे राज्य की जनता में रोष है और जनमानस दुखी है।

### गत चार साल में जितना विकास हुआ उतना तो 23 सालों में भी नहीं हुआ

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग हमारी सरकार पर काम नहीं करने का आरोप लगा रहे हैं, जो हमेशा से झारखंड को चारागाह मानते रहे हैं। वैसे लोग झूठ फैलाकर झारखंड का अपमान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले चार सालों में जितना विकास हेमंत सरकार ने किया उतना तो 23 सालों में किसी सरकार ने नहीं किया। विकास योजनाओं की सूची में आज से हमारी सरकार ने 50 साल उम्र वाले झारखंडियों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन देने वाली योजना की भी शुरूआत की है। इसके अलावा 100 के बजाय 125 यूनिट फ्री बिजली का लाभ अब 30 लाख उपभोक्ताओं को मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबों के बच्चों को शिक्षा मिलती रहे इसके लिए छात्रवृति राशि तीन गुणा बढ़ा दी गई है।

# खालिस्तानी आतंकी पन्नू ने रांची टेस्ट रद्द कराने नक्सलियों को उकसाया

**झारखंड पुलिस में अलर्ट , स्टेडियम से लेकर होटल तक सुरक्षा के कड़े इंतजाम**

**एसआई मदन कुमार ने धुर्वा थाने में (कांड संख्या 69/2024) प्राथमिकी दर्ज कराई**

**यूट्यूब पर वीडियो जारी कर नक्सलियों को उपद्रव फैलाने के लिए उकसाया**

**जेएससीए स्टेडियम आदिवासियों की जमीन पर बनी है, इस पर मैच नहीं होना चाहिए**

**इस टेस्ट को रद कराने माओवादी झारखंड और पंजाब में उत्पात मचाएं**



**भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और इंग्लिश कप्तान बेन स्टोक्स को भी दी धमकी**

**इंग्लिश कप्तान स्टोक्स भारत दौरा रद्द करें और टीम लेकर वापस अपने देश लौटे**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड पुलिस को मंगलवार को बिलकुल अलग तरह की चुनौती मिली। फिलहाल अमेरिका और कनाड़ा की दोहरी नागरिकता रखने वाले खालिस्तानी आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू ने यूट्यूब पर वीडियो जारी कर रांची में भारत-इंग्लैंड के बीच 23 फरवरी से होने वाले चौथे टेस्ट मैच को रद कराने के लिए नक्सलियों को उकसाया है। साथ ही उसने मैच रद्द कर इंग्लैंड की टीम को लौट जाने की धमकी दी है। पन्नू ने वीडियो में नक्सलियों से कहा है कि भारत और इंग्लैंड के रांची में होने वाले मैच को अविलंब रद्द करवाएं। इस मामले को लेकर एसआई मदन कुमार महतो के बयान पर धुर्वा थाने में (कांड संख्या 69/2024) में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। दर्ज प्राथमिकी के अनुसार गुरुपतवंत सिंह पन्नू ने भारत में दहशत फैलाने के उद्देश्य तथा आदिवासियों के मन में सरकार के प्रति घृणा और अवमान पैदा करने का प्रयास किया है, जो यूएपी अधिनियम, आईटी अधिनियम के तहत एक दंडनीय अपराध है। साथ ही दो मित्र देशों के बीच खेल संबंधों को बिगाड़ने तथा प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन के माध्यम से खेल में बवंडर मचाने के लिए सोशल मीडिया के माध्यम से वीडियो जारी करने के कारण क्षेत्र के लोगों में दहशत पैदा हो गया है। पन्नू ने नक्सलियों के नाम जारी वीडियो में कहा है कि रांची का जेएससीए स्टेडियम आदिवासियों की जमीन पर बना है। आदिवासियों की जमीन पर मैच नहीं होना चाहिए। पन्नू ने यूट्यूब पर यह वीडियो जारी किया है। उसने माओवादियों से कहा है कि रांची में होने वाले टेस्ट मैच को रद्द कराने के लिए झारखंड और पंजाब में उत्पात मचा देना चाहिए।

> "रांची के वरीय आरक्षी अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा और सिटी एसपी राजकुमार मेहता ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज की गयी है जांच चल रही है पर इसे गंभीरता से लेने की आवश्यकता नहीं है पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है।"

# दिल्ली हाईकोर्ट डिवीजन बेंच ने शिबू सोरेन मामले में फैसला सुरक्षित रखा

**कोर्ट ने कहा... आज या कल तक फैसला अपलोड कर दिया जाएगा**

**एजेंसी। नई दिल्ली**
दिल्ली हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच ने झारखंड मुक्ति मोर्चा प्रमुख और राज्यसभा सदस्य शिबू सोरेन के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति के मामले में लोकपाल के नोटिस पर रोक लगाने से इनकार करने के सिंगल बेंच के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। बेंच ने कहा कि इस मामले पर फैसला अपलोड करने में ज्यादा वक्त नहीं लगाएगी और आज से कल तक आदेश अपलोड हो जाएगा।

जस्टिस रेखा पल्ली की अध्यक्षता वाली बेंच ने शिबू सोरेन की ओर से पेश वकील कपिल सिब्बल से कहा कि वो प्रथम दृष्ट्या



लोकपाल के नोटिस पर रोक लगाने पर सहमत नहीं है। हालांकि वो आदेश करने के पहले मामले के हर तथ्य पर गौर करेंगे।

उल्लेखनीय है कि 22 जनवरी को जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद की सिंगल बेंच ने शिबू सोरेन के खिलाफ लोकपाल के नोटिस पर रोक लगाने से इनकार करते हुए कहा था कि याचिका प्री-मेच्योर है। सिंगल बेंच ने कहा था कि लोकपाल ने ▸▸शेष पृष्ठ 09 पर

### केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा कल आएंगे खूंटी

**खूंटी।** केंद्रीय मंत्री सह खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान 22 फरवरी को अपने संसदीय क्षेत्र के मुख्यालय खूंटी आएंगे। पूर्वाहन 10.30 बजे खूंटी आगमन के बाद वे सदर अस्पताल खूंटी परिसर में आइसीएल द्वारा सीएसआर फंड से सीटी स्कैन यंत्र के अधिष्ठापन कार्य के लए भूमि पूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके बाद खूंटी परिसदन में अल्प विश्राम करने के बाद दोपहर 1.30 बजे तोरपा प्रखंड के दियाकेल गांव जाएंगे और वहां स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र में खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआइसी) सुक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आजीविका और रोजगार उपलब्ध कराने संबंधित कार्यक्रम एवं केवीके खूंटी द्वारा कृषि सामग्री वितरण कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे।

# बजट सत्र के मद्देनजर स्पीकर ने की उच्च स्तरीय बैठक, दिए कई दिशा-निर्देश

**सभी सवालों का जवाब विधानसभा में कराया जाए उपलब्ध**



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होगा। इसे लेकर मंगलवार को स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने कार्यालय कक्ष में विभिन्न विभागों के वरीय पदाधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की। स्पीकर ने सदन में आने वाले विभिन्न विभागों से संबंधित सवालों और उनके जवाब पर चर्चा की। साथ ही कई दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में विभागीय अधिकारियों को सदन में उठने वाले प्रश्नों का सही और सटीक जवाब देने को कहा गया। बैठक में विधानसभा अध्यक्ष ने विभागीय सचिवों को निर्देश दिया कि आज भी सदन के अंदर लाए गए कई सवालों का जवाब अनुत्तरित होने के कारण सदस्य संतुष्ट नहीं हैं। ऐसे में लंबित सभी सवालों का जवाब विधानसभा में ▸▸शेष पृष्ठ 09 पर

### हेमंत सोरेन ने ईडी कोर्ट से मांगी बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति

जमीन घोटाला मामले में जेल में बंद पूर्व मुख्यमंत्री ने मंगलवार को ईडी की विशेष अदालत से 23 फरवरी से शुरू हो रहे झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने की अनुमति मांगी है। मामले की सुनवाई आज ईडी की विशेष अदालत में होगी। झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू होगा। हेमंत अभी ईडी की न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद हैं। इस अनुमति के लिए अदालत में हेमंत के अधिवक्ता ने कोर्ट में पूर्व में पारित किए गए कई आदेश पेश किये।

### सोनिया राजस्थान से पहली बार राज्यसभा के लिए चुनी गईं



**जयपुर।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी राजस्थान से पहली बार राज्यसभा सांसद चुनी गईं। साथ ही भाजपा के दो उम्मीदवार चुन्नी लाल गरासिया और मदन राठौड़ भी राज्य से ऊपरी सदन के लिए निर्विरोध निर्वाचित हुए। राजस्थान विधानसभा के प्रमुख सचिव और राज्यसभा के रिटर्निंग अधिकारी महावीर प्रसाद शर्मा ने घोषणा की कि राज्यसभा चुनाव में राजस्थान के सभी तीन उम्मीदवार निर्विरोध चुने गए हैं। नामांकन वापस लेने की समय सीमा बीतने के बाद चुनाव अधिकारी ने तीनों उम्मीदवारों की जीत की घोषणा की।

# चतरा में टीपीसी के सब-जोनल कमांडर समेत 3 उग्रवादी गिरफ्तार, कई समान व कैश बरामद

**दो देशी पिस्टल, 7.65 एमएम की आठ गोली, 7.62 एमएम की तीन गोली, लेवी वसूली के 22500 रुपये नकद हुए बरामद**



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**
पुलिस ने मंगलवार को टीपीसी के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो देशी पिस्टल, 7.65 एमएम का आठ गोली, 7.62 एमएम का तीन गोली, टीपीसी का 14 लेटर पैड पर्चा, कोयला कारोबारी का मोबाइल नंबर लिखा नोट बूक, लेवी वसूली के 22500 रुपये नकदी बरामद हुआ है। गिरफ्तार आरोपितों में लातेहार जिले के बालूमाथ थाना क्षेत्र स्थित मुरपा निवासी इरफान अंसारी उर्फ तूफान, रांची के मैक्लूस्कीगंज थाना क्षेत्र के धमधमियां निवासी शोभित शर्मा उर्फ राजा उर्फ अभिषेक और खलारी थाना क्षेत्र के जमुनाघौड़ा निवासी संदीप लोहरा उर्फ बलवन्त शामिल हैं। इरफान अंसारी ▸▸शेष पृष्ठ 09 पर

# पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ एक और मामला दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ समन की अवहेलना को लेकर एक और मामला दर्ज हुआ है। इस संबंध में ईडी की ओर से शिकायतवाद संख्या 3952/2024 सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गई। इसकी सुनवाई मंगलवार को हुई। सुनवाई के बाद कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई



27 फरवरी निर्धारित की है। शिकायतवाद में शिकायतकर्ता ईडी की ओर से बताया गया है कि हेमंत सोरेन को ईडी ने जमीन घोटाला मामला में 10 समन जारी किया था, जिसमें से मात्र दो समन पर ही हेमंत सोरेन ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे। यह ईडी के समन की अवहेलना है। पीएमएलए की धारा 63 एवं आईपीसी की धारा 174 के तहत ईडी ने हेमंत सोरेन के खिलाफ समन ▸▸शेष पृष्ठ 09 पर

## इंडिया

# संदेशखाली की महिलाओं का संदेश राजनीतिक या शर्मनाक



सुनील बादल

***बंगाल*** के राज्यपाल आनंद बोस जब संदेशखाली दौरे पर थे, तो रोती-कलपती कुछ महिलाओं ने उन्हें राखी बांधकर रक्षा की गुहार लगाई।जो दिख रहा है सच है तो देश की इकलौती महिला मुख्यमंत्री और वाम राज में महिला उत्पीड़न को लेकर सड़क पर संग्राम करने वाली ममता के राज में ऐसा भी होता है, किसी ने कल्पना तक नहीं की थी। बंगाल के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सुंदरवन के मुहाने पर बसे संदेशखाली के चेहरे की कुरूपता आज पूरा देश देख रहा है। महिलाओं को आधी रात में पार्टी ऑफिस में बुलाने, जमीन और जलागार हड़पने, दुकानदारों से अवैध वसूली करने, इलाके को विपक्ष शून्य करने के लिए हमले करने जैसी दर्जनों शिकायतों का निपटारा करने वाला कोई नहीं था। संवेदनहीन पुलिस अब प्रभावित इलाकों में घूम-घूमकर लोगों, खासकर महिलाओं को मीडिया के सामने मुंह नहीं खोलने की हिदायत दे रही है। यहां की सांसद नुसरत जहां को इलाके की महिलाओं के आंसू पोंछने चाहिए थे, पर वह 14 फरवरी को इंस्टाग्राम पर वेलेंटाइन डे मना रही थीं। भ्रष्टाचार के मामलों में जिस सरकार के एक दर्जन से ज्यादा मंत्री, उनके बेटे-बेटी व अफसर जेल की हवा खा रहे हों, उस पर संदेशखाली कांड ने जले पर नमक छिड़का है, पर सरकार के चेहरे पर शिकन तक नहीं है। सरकार पूरी ताकत से इस इलाके में विपक्षी नेताओं का प्रवेश रोकने में लग गई है। राज्य भाजपा अध्यक्ष और बालुरघाट से लोकसभा सांसद सुकांत मजूमदार संदेशखाली जाते समय सुरक्षाकर्मियों से झड़प में घायल हो गए और उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से शिकायत की। उनकी शिकायत पर लोकसभा की विशेषाधिकार रक्षा समिति ने मुख्य सचिव भगवती प्रसाद गोपालिका, पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार, उत्तर 24 परगना के डीएम शरद कुमार द्विवेदी, बशीरहाट के एसपी और एएसपी को 19 फरवरी को दिल्ली में हाजिरी लगाने को कहा है। 14 फरवरी को संदेशखाली मामले पर कलकत्ता हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर पूरे इलाके में जारी निषेधाज्ञा खारिज कर दी। उसी दिन सुकांत को रोककर पुलिस प्रशासन ने उनका



विशेषाधिकार हनन किया। याद करें, राजीव कुमार वही आईपीएस अधिकारी हैं, जिन्हें शारदा चिटफंड मामले में सीबीआई की संभावित गिरफ्तारी से बचाने के लिए ममता धरने पर बैठी थीं। कलकत्ता हाईकोर्ट ने साफ कहा कि पुलिस ग्रामीण महिलाओं के विरोध को कुचलने के बदले अपराध में शामिल कथित दो प्रमुख आरोपियों की तलाश करे। मालूम हो कि कई सौ करोड़ रुपये के राशन घोटाले के सिलसिले में छापा मारने गई प्रवर्तन निदेशालय की टीम पर शाहजहां के गुर्गों ने हमला किया था और तभी से वह फरार है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग तक कह चुका है कि बंगाल में कानून का शासन नहीं, बल्कि शासक का कानून चलता है। विधानसभा में ममता ने शाहजहां का बचाव किया और भाजपा व आरएसएस पर दोष मढ़ा। जून, 2019 में भी तीन राजनीतिक हत्याओं के मामले में शेख शाहजहां का नाम आया था, पर तब भी ममता ने उसका बचाव किया था। वाम जमाने में शेख शाहजहां की औकात एक स्थानीय रंगबाज की थी, पर ममता की शरण में आने के बाद रसूख के साथ उसकी संपत्ति भी तेजी से बढ़ी। बताया जाता है कि आज वह कई सौ करोड़ रुपये की संपत्ति का मालिक है। शिक्षा घोटाले में पार्थ चटर्जी, पशु तस्करी घोटाले में अणुव्रत मंडल, राशन घोटाले में जेल में बंद मंत्री ज्योतिप्रिय मल्लिक सहित काले कारनामे करने वाले दर्जनों अभियुक्तों का ममता ने हर बार बचाव किया। लोकसभा चुनाव करीब है और सरकार को लगता है कि लक्ष्मी भंडार के पांच सौ रुपये (जिसे बजट में बढ़ाकर एक हजार किया गया है) और अनुसूचित जाति व जनजाति के लिए एक हजार रुपये का भत्ता देकर राज्य की दुर्गा शक्ति को खुश कर देगी। राज्यपाल सी वी आनंद बोस से महिलाओं ने अपनी व्यथा सुनाई थी और जब मीडियाकर्मियों ने पूछा कि उन्होंने रेप की शिकायत पुलिस से क्यों नहीं की। संदेशखाली में रहने वाली 48 वर्षीय महिला ने बताया कि जिन महिलाओं से गैंगरेप हुआ, पुलिस उससे ही मेडिकल रिपोर्ट मांग रही है। आखिर पीड़ित महिलाएं मेडिकल रिपोर्ट कहां से लाएंगी। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को पीड़ित महिलाओं ने बताया कि शिकायत करने पर पुलिस रात में आकर दरवाजा पीटती है। टीएमसी के ब्लॉक अध्यक्ष पर आरोप है कि वे महिलाओं के पतियों को धमकी देते हैं। महिलाओं के अंदर सुरक्षा जगाने के लिए उच्च स्तरीय जांच के साथ बंगाल में पारा मिलिट्री फोर्स की उपस्थिति आवश्यक है।

# चौथे टेस्ट मैच के लिए रांची पहुंचीं भारत-इंग्लैंड की टीमें



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाले चौथे टेस्ट मैच के लिए दोनों टीमें मंगलवार शाम रांची पहुंच गईं। रांची के झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड की टीमें 23 फरवरी से चौथे टेस्ट के लिए एक दूसरे से भिड़ेंगी। रांची में दोनों टीमों का पारंपरिक अंदाज में स्वागत किया गया। बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पर खिलाड़ियों के उतरते ही प्रशंसकों ने दोनों टीमों का स्वागत किया और हाथ हिलाकर उनका अभिवादन किया। कई खिलाड़ियों ने भी हाथ हिलाकर फैंस को धन्यवाद दिया। क्रिकेट प्रेमियों की भारी भीड़ को देखते हुए एयरपोर्ट प्रबंधन ने खिलाड़ियों के निकलने के लिए विशेष गेट का इंतजाम किया था। इस गेट के दोनों तरफ लोहे की बैरिकेडिंग लगाई गई थी। खिलाड़ी दो अलग-अलग बसों में एयरपोर्ट से रेडिशन ब्लू होटल चले गए। दोनों टीमें 21 और 22 फरवरी को अलग-अलग सेशन में जेएससीए स्टेडियम में अभ्यास करेंगी। भारत ने ▸▸शेष पृष्ठ 09 पर

# रांची के उत्कृष्ट स्कूलों में तीन मार्च तक एडमिशन का मौका

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में स्थित पांच उत्कृष्ट स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। जिले में टीवीएस हाई स्कूल, जगरनाथपुर, अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव जिला स्कूल, शहीद चौक, राजकीय बालिका प्लस 2 स्कूल, बरियातू, मॉडल स्कूल, कांके और कस्तूरबा गांधी बालिका स्कूल, नामकुम को उत्कृष्ट स्कूल के रूप में घोषित किया गया है। इन स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 से सीबीएसई पाठ्यक्रम पर अंग्रेजी माध्यम से पठन-पाठन का काम होगा। इन स्कूलों में एडमिशन के लिए तीन मार्च तक आवेदन किए जा सकते हैं। इस तारीख के बाद आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। क्लास छह से 9वीं तक लिखित परीक्षा के आधार पर बच्चों का चयन किया जायेगा। क्लास 11 में नामांकन मैट्रिक के रिजल्ट के आधार पर होगा। बरियातू स्थित उत्कृष्ट स्कूल में




केवल लड़कियों का एडमिशन होगा। इसमें अभी क्लास छह में 120, सातवीं में 44, आठवीं में 20, नौवीं में 60 सीटें एडमिशन के लिए उपलब्ध है। 11वीं क्लास (आर्ट्स) के लिए 120 और साइंस के लिए 80 तथा कॉमर्स के लिए 40 सीटों पर एडमिशन होगा। इसी तरह नामकुम स्थित स्कूल में केवल लड़कियों का एडमिशन होगा। क्लास छह के लिए 25 सीटों पर ही यहां एडमिशन लिया जायेगा। कांके स्थित स्कूल में लड़का-लड़की का एडमिशन होना है। इसमें क्लास छह के लिए 40, क्लास 11 के लिए 120 (आर्ट्स-साइंस-कॉमर्स के लिए 40-40) सीटों पर एडमिशन लिया जायेगा। जगरनाथपुर स्थित स्कूल में लड़के-लड़कियों का एडमिशन होगा इसमें क्लास छह के लिए 80, क्लास सात के लिए 59, क्लास आठ के लिए 54, क्लास 9 के लिए 37 सीटें उपलब्ध हैं। 11वीं क्लास के लिए कुल 80 (आर्ट्स साइंस के लिए 40-40) सीटें हैं। जिला स्कूल में क्लास 6 में 120 सीटें एडमिशन के लिए तय हैं। क्लास सात के लिए 65, क्लास 8 के लिए 61, क्लास 9 के लिए 64 और 11वीं क्लास के लिए 360 सीटें (आर्ट्स के लिए 180, साइंस के लिए 120 और कॉमर्स के लिए 60) उपलब्ध हैं।

# रिम्स में सात महीने से खराब है एमआरआई मशीन

## मजबूरी में कई मरीजों को बाहर में अधिक खर्च पर करानी पड़ती है जांच

**अमित कुमार। रांची**

राजधानी रांची स्थित राज्य के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल रिम्स की व्यवस्था लचर होती जा रही है। जिसके कारण दूर दराज से इलाज कराने आए आर्थिक रूप से कमजोर मरीज परेशान हो रहे है। रिम्स रेडियोलॉजी विभाग के पास अपनी एक मात्र एमआरआई मशीन है जो पिछले सात महीने से खराब पड़ी है। मंगलवार को गोड्डा से आये मोती लाल मंडल और चाईबासा से आयी बेबी देवी एमआरआई के लिए परेशान घूमती रही । सूत्र बताते हैं कि पिछले सात माह से मामूली खराबी के कारण एमआरआई मशीन खराब पड़ी हुई है। ऐसे में गरीबो को एमआरआई जांच के लिए मोटी रकम खर्च करनी पड़ रही है। इस काम के लिए बाहर के कई एजेंट मरीजों को समझाते हुए अक्सर देखे जाते हैं । मरीजों को बाहर से दोगुने से अधिक दर पर जांच करानी पड़ रही है।



### मुफ्त के साथ बाजार दर से 40 प्रतिशत कम में है जांच की व्यवस्था

एमआरआई की जांच के लिए रिम्स में पीपीपी मोड पर खुले हेल्थ मैप सेंटर में सरकारी दर पर एमआरआई जांच बीपीएल मरीजों की मुफ्त में होती है जबकि रिम्स के अलावा दूसरे व निजी हॉस्पिटल में इलाज करा रहे मरीजों के लिए भी यहां सुविधा उपलब्ध कराई गई है। वह भी बाजार दर से 40 प्रतिशत तक कम चार्ज में।

### 14 साल पुरानी मशीन का हवाला देते हैं अधिकारी

जांच कराने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। रिम्स प्रबंधन करीब 14 साल पुरानी मशीन का हवाला देते हैं। नयी मशीन की खरीद के लिए निविदा निकाल रही है, लेकिन हर बार सिंगल टेंडर होने से मशीन की खरीद नहीं हो पा रही है। वहीं, रेडियोलॉजी विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार दोबारा निविदा प्रक्रिया शुरू होने वाली है। लेकिन इसे पूरा होने में करीब छह महीने का समय लग जायेगा। ऐसे में गरीब मरीजों को परेशानी बनी रहेगा।

### क्या कहते हैं मरीज व परिजन

अचानक ही चक्कर आता है और गिर पड़ते है। डॉक्टर ने गर्दन का एमआरआई करा कर लाने को कहा है। बाहर में जांच के लिए छह हजार लग रहा है।


मोती मंडल

मेरे मरीज की स्थिति दयनीय है। डॉक्टर ने तुरंत में एमआरआई रिपोर्ट मंगाई है। बाहर 13 हजार रुपये लग रहे हैं । हम गरीब लोग कहां से इतना पैसा लाएंगे।


बेबी देवी

**रिम्स के सुपरिटेंडेंट हीरेन बिरुआ**

एमआरआई मशीन काफी पुरानी हो चुकी है। नयी मशीन के लिए सभी प्रक्रिया जल्द ही पूरी करने का प्रयास किया जाएगा।

**रिम्स निर्देशक डॉ राज कुमार**

रिम्स की व्यवस्था को दुरुस्थ करने का प्रयास किया जा रहा है। उम्मीद है जल्द ही धरातल पर मेरा प्रयास दिखने लगेगा। प्रयास होगा कि जल्द ही एमआरआई मशीन चालू हो जाए।

## एक नजर

### श्रीमन्नारायण की हुई महाआरती

**रांची।** श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में मंगलवार को जया एकादशी के अवसर पर स्वामी श्रीवेंकटेश्वर के विश्वरूप दर्शन, वेंकटेश प्रपत्ति इत्यादि के बाद षोडषोपचार विधि से तिरुवाराधन हुआ। फिर देशिक स्तोत्राणि, उपनिषद आदि वेदध्वनियों के स्तोत्रों से स्तवन किया गया। इसके बाद परमानंद स्वरूप सनातन परिपूर्ण ब्रह्म श्रीमन्नारायण का नक्षत्र, कुंभ और कर्पूर से महा आरती की गई।

### श्याम प्रभु का हुआ विशेष शृंगार व पूजन



**रांची।** अग्रसेन पथ स्थित श्याम मन्दिर में भी मंगलवार को जया एकादशी के अवसर पर श्री श्याम प्रभु के दर्शन के लिए भक्त उमड़ पड़े । प्रातःकाल श्री श्याम प्रभु को नवीन वस्त्र ( बागा ) पहनाकर स्वर्ण आभूषणों से अलंकृत किया गया। इसके बाद विभिन्न प्रकार के फूलों से भगवान का शृंगार किया गया। साथ ही मन्दिर में विराजमान शिव परिवार एवम बजरंगबली का भी इस अवसर पर विषश शृंगार किया गया । रात्रि 9 बजे श्री श्याम देव के जयकारों के बीच ज्योत प्रज्वलित कर भक्तगण कतारब्रध होकर ज्योत में आहुति प्रदान कर मंगलमय जीवन की कामना करते रहे। इसके बाद श्री श्याम मंडल के सदस्यों द्वारा संगीतमय संकीर्तन प्रारम्भ की गई। रात्रि 12 बजे महाआरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रमेश सारस्वत, ओम जोशी, चन्द्र प्रकाश बागला, धीरज बंका, विवेक ढांढनीयां, विकाश पाडिया, ज्ञानप्रकाश बगला, सुदर्शन चितलंगिया, अजय साबू, अरुण धानुका, जीतेश अग्रवाल व श्याम सुंदर पोद्दार का विशेष सहयोग रहा। यह जानकारी सुमित पोद्दार ने दी।

# दोस्त ने रची थी रवि मिश्रा की हत्या की साजिश

## 30 लाख के बदले मांगे थे एक करोड़

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के संस्कृत कॉलेज के पास बीते 11 फरवरी को अधिवक्ता रवि मिश्रा को गोली मारी गई थी उसका रांची पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस की जांच में पता चला कि पैसे के लेन-देन के विवाद में रवि मिश्रा के दोस्त विक्रम अग्रवाल ने गोलीबारी की साजिश रची थी। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए के नेतृत्व में पुलिस की टीम ने कार्रवाई करते हुए, इस घटना में शामिल तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधियों में विक्रम अग्रवाल, संजय अग्रवाल और रामू कुमार शामिल है। मंगलवार को एसएसपी कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर एसएसपी चंदन सिन्हा ने यह जानकारी दी। विकम अग्रवाल जो इस घटना में घायल अधिवक्ता रवि शंकर मिश्रा के मित्र हैं। उसने ही रवि मिश्रा से दस लाख रूपया यह कहकर लिया था कि दस लाख के बदले तीन माह में तीस लाख रूपया देगा। इसके बदले विक्रम अग्रवाल ने बीस लाख रूपए लौटा भी दिया था । फिर भी अधिवक्ता रवि मिश्रा तीस लाख रूपए और मांग रहा था, लेकिन इसी बीच विकम अग्रवाल कोलकाता के सॉल्ट लेक में 63 कट्ठा जमीन बंधक रखकर प्राईवेट कम्पनी से 30 करोड़ रूपया लोन ले रहा था। इसकी जानकारी अधिवक्ता रवि मिश्रा को हो गयी, तो वह 30 लाख की जगह एक करोड़ मांगने लगे । रवि मिश्रा पिछले दो तीन माह से पैसा के लिए ज्यादा ही दबाव देने लगा था। तब विकम अग्रवाल ने रवि मिश्रा को रास्ते से हटाने के लिए संजय अग्रवाल की मदद से कबाड़ी का व्यापार करने वाले अरबिन्द महतो से संपर्क किया।

**रांची पुलिस ने किया खुलासा**




### पांच लाख में तय हुआ हत्या का सौदा

रवि मिश्रा की हत्या के लिए 5 लाख रूपया में सौदा तय हुआ। एडवांस के रूप में विकम अग्रवाल के द्वारा 55 हजार रूपया संजय अग्रवाल के माध्यम से अपराधियों को भेजा गया। बाकी पैसा काम पूरा होने के बाद देने की बात हुई थी। घटना के दिन योजना के अनुसार, रात्रि 09:30 बजे रवि मिश्रा को विकम अग्रवाल के द्वारा पैसा का हिसाब किताब कर लेने की बात को लेकर बुलाया गया और इसकी जानकारी अपराधियों को भी दी गयी। जैसे ही अधिवक्ता रवि मिश्रा, विक्रम अग्रवाल के घर से निकले तो घात लगाये अपराधियों ने रवि मिश्रा पर पीछे से फायरिंग कर दी। जिसमें अधिवक्ता रवि मिश्रा को कमर के ऊपर गोली लगी और वे भागकर फिर से अपने मित्र विकम अग्रवाल के घर में घुस गये। उसके बाद अधिवक्ता को इलाज के लिए विकम अग्रवाल और उसके भाई पल्स अस्पताल ले गये थे।


## रांची में रिंग रोड पर बस और ट्रक के बीच भीषण टक्कर में दो चालकों की मौत

**रांची।** राजधानी के नामकुम थाना क्षेत्र अंतर्गत टाटीसिलवे-रामपुर रिंग रोड के बड़ाम कवाली के पास सोमवार देर रात एक बस और ट्रक के बीच हुई टक्कर में दो लोगों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान बस और ट्रक के चालकों के रूप में हुई है।

बताया जाता है कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गये। घटना की सूचना मिलने के बाद नागपुर थाना की पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों वाहनों में फंसे चालकों के शवों को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद ने मंगलवार को बताया कि बस में कोई भी यात्री नहीं था। ट्रक पर कोल्ड ड्रिंक लोड था। दुर्घटना में दोनों चालकों की मौत हो गई है। पुलिस घटना की जांच-पड़ताल कर रही है। मालूम हो कि आये दिन रिंग रोड में दुर्घटना में लोग जान गंवाते हैं लेकिन उन्हें तत्काल मदद पहुंचाने की व्यवस्था नहीं है।

## 1000 वेकेंसीज के लिए टीसीएस का कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव 25 फरवरी को मारवाड़ी कॉलेज में




**रांची।** बीए,बीएससी और बीकॉम 2022 या 2023 के पासआउट विद्यार्थियों से ऑनलाइन और ऑफलाइन आवेदन मारवाड़ी कॉलेज के ऑफिशियल वेबसाइट द्वारा आमंत्रित किया गया हैं। इच्छुक विद्यार्थियों को नीचे दिए लिंक के द्वारा टीसीएस नेक्सट स्टेप पोर्टल में जा कर बीपीएस कैटेगरी को सेलेक्ट कर के अपना रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरा कर के डीटी नंबर जेनरेट करना होगा। डीटी नंबर के साथ विद्यार्थियों को कॉलेज के वेबसाइट का गूगल फॉर्म 24 फरवरी और ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन मारवाड़ी कॉलेज प्लेसमेंट सेल में जाकर ऑफिस असिस्टेंट श्रीमती रीता सिंह के पास 21 से 23 फरवरी (11:30 3:30 करवाना होगा।

## एचसीजी अब्दुर्रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल ने गुमला पुलिस लाइन में चलाया जागरूकता अभियान



**रांची।** एच सी जी अब्दुर्रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल के द्वारा गुमला पुलिस लाइन में झारखंड पुलिसकर्मियों के साथ जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यकम में गुमला पुलिस लाइन के मेजर एवं गुमला पुलिस अधीक्षक भी शामिल थे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित अस्पताल के कंसलटेंट मेडिकल ऑनकोलॉजिस्ट डॉ चंद्र शेखर प्रसाद सिंह ने झारखंड पुलिसकर्मियों को स्वस्थ रहने के टिप्स दिये। उन्होंने बताया कि तत्परता से ड्यूटी करने के लिए सर्वप्रथम शरीर का स्वस्थ रहना आवश्यक है। और आज के इस प्रदूषित वातावरण में अपने आप को बीमारियों से कैसे बचाया जा सकता है डॉक्टर ने मुख्य रूप से केंसर के किए लोगो को जागरूक करते हुए ये बताया कि कैंसर से फर्स्ट स्टेज को कैसे जाने और लक्षण को कैसे पहचाने और उससे कैसे बचा जा सके । एच सी जी अब्दुर्रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल के मार्केटिंग मैनेजर विकास कुमार सिंह और अहम भूमिका निभाई।

## नैबिकॉन 2024 में बर्न मैनेजमेंट के लिए हुई अभिनव उपचारों पर चर्चा

**रांची।** नेशनल एकेडमी ऑफ बर्न्स ने नैबिकॉन 2024 का आयोजन किया है। यह सम्मेलन एनएबीआई के प्रेसिडेंट और नैबिकॉन 2024 के आयोजन सचिव डॉ. अनंत सिन्हा के नेतृत्व में रांची में आयोजित किया गया। यह एक ऐसा मंच है जो बर्न (जलने से होने वाले घाव) की रोकथाम, जलने से होने वाले घाव के इलाज, बर्न रिकंस्ट्रक्शन, बर्न रिहैबिलेशन और इनसे जुड़े रिसर्च से संबंधित ज्ञान के आदान-प्रदान में बड़ी भूमिका निभाता है। इस दौरान प्रमुख विषयों में बर्न मैनेजमेंट का प्रशिक्षण, घावों में केराटिनोसाइट डिलिवरी में हुई प्रगति, जलने के बाद आई विकृति में सुधार, एक आदर्श बर्न यूनिट की स्थापना और बस के बारे में जागरूकता और कई दूसरे विषय शामिल थे। कई विशेषज्ञों ने बर्न मैनेजमेंट और देखभाल से जुड़े विषयों पर वैज्ञानिक और मेडिकल पेपर प्रस्तुत किए। इस मौके पर बीएसवी के सीओओ इंडिया बिजनेस, आलोक खेत्री ने कहा कि दुनिया भर में आग से जलकर मरने वालों की बड़ी संख्या के बावजूद, आखिरकार एक रोशनी नजर आ रही है। उन्होंने जलने से बचे लोगों को शारीरिक और भावनात्मक रूप से मजबूती देने के लिए आधुनिक बर्न ट्रीटमेंट के महत्व पर जोर दिया। मेडीवाउंड के चीफ मेडिकल ऑफीसर डायरेक्टर प्रोफेसर लायर रोजेनबर्ग कहते हैं कि बर्न मैनेजमेंट रोगी की देखभाल के तीन सिद्धांतों पर आधारित है।

## जया एकादशी को खाटू नरेश को पहनाया गया नवीन बागा, लगा विशेष भोग



**रांची।** हरमू रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में जया एकादशी के अवसर पर कई कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। फाल्गुन माह का आगाज होने के कारण मंगलवार को मंदिर में भारी संख्या में भक्त पधारे। प्रातः 8:30 बजे श्रृंगार आरती की गई जबकि 12:30 बजे खाटू नरेश, रिद्धि सिद्धि, शिव परिवार व हनुमान जी व मंदिर के सभी गर्भ ग्रह को सजाया गया। इसके पहले खाटू नरेश को नवीन बागा (पोशाक) पहनाकर गुलाब के विशेष रूह से बाबा श्याम का मसाज किया गया। शाम 4:30 बजे से सुंदरकांड, हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ प्रारंभ हुआ। सुनील मोदी ने अपने परिजनों के साथ हनुमान जी को भोग अर्पित किया। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनोली ने पूजन अनुष्ठान विधिवत करवाया। मुकेश मित्तल ने गिरीगोला पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेडा श्रवण ढानढनिया ने चना व दो भक्तों ने फल प्रसाद की सेवा निवेदित की। रात्रि 9:30 बजे से जया एकादशी का मुख्य कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। मंडल के उपमंत्री अनिल नारनौली ने पूजन अनुष्ठान करवाया। अन्नपूर्णा सरावगी ने राबड़ी प्रसाद मुकेश मित्तल ने गिरी गोला राधेश्याम दास व विष्णु गुप्ता ने अलग-अलग पंचमेवा एवं एक भक्त ने फल प्रसाद की सेवा निवेदित की।

# देश में गुरूकुल को बढ़ावा देने की जरूरत: डॉ जीतराम भट्ट

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

दिल्ली संस्कृत व हिंदी अकादमी के सचिव डॉ जीतराम भट्ट मंगलवार को हवाई मार्ग से रांची पहुंचे। डॉ भट्ट बुधवार को हजारीबाग स्थित सढ़वा महादेव मठ में गुरूकुल के लिए भूमि पूजन करेंगे। रांची एयरपोर्ट पर उनका स्वागत नव झारखंड फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष किशोरी राणा और केंद्रीय महासचिव राजेश झा ने किया। मौके पर डॉ भट्ट ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि नव झारखंड फाउंडेशन ने झारखंड समेत अन्य जगहों पर गुरूकुल खोलने का संकल्प लिया है। झारखंड में 108 गुरूकुल खोलने की योजना बनाई है। इनके मार्गदर्शन के लिए मैं झारखंड आया हूं। देश में नयी शिक्षा नीति का आगाज हुआ है। नयी शिक्षा नीति में मातृभाषा को जोड़ा गया है। इसका उद्देश्य बच्चों को मातृभाषा से जोड़े रखना है। भारत में कई भाषाओं पर संकट खड़ा है। शिक्षा का माध्यम अंग्रेजी हो गया है। इससे पार पाने के लिए नयी शिक्षा नीति में मातृभाषा की अवधरणा तैयार की गयी है। इस मातृभाषा का आधार गुरूकुल बन सकता है। भारतीय शिक्षा नीति के तहत बोर्ड बना है, उसमें भारतीय शिक्षा पद्धति को मान्यता प्रदान करना है। झारखंड में 108 गुरूकुल की होगी स्थापनाः किशोरी राणा किशोरी राणा ने कहा कि झारखंड में 108 गुरूकुल की स्थापना की जायेगी। हजारीबाग से यह एक छोटी शुरूआत है।



# रांची समाहरणालय के चार में से तीन लिफ्ट खराब, लोग परेशान

## दिव्यांग और वृद्ध लोगों को लंबे समय से हो रही भारी तकलीफ

**कुमार उत्कर्ष, पत्रकारिता विभाग,रांची विश्वविद्यालय**

राजधानी रांची के बीचों बीच स्थित जिला मुख्यालय यानी समाहरणालय में रांची डीसी के अलावा सभी वरीय पुलिस एवं प्रशानिक अधिकारियों के कार्यालय हैं जहां दूर-दूर से ग्रामीण,आदिवासी तथा वृद्ध और दिव्यांग प्रतिदिन फरियाद लेकर आते हैं जिन्हें पांच तल्ले के विभिन्न कार्यालयों में आने जाने में बहुत परेशानी झेलनी पड़ रही है क्योंकि अधिकांश लिफ्ट काम नहीं कर रहे हैं । डीसी ऑफिस मे दो ब्लॉक है जिसमें ब्लॉक ए और ब्लॉक - बी दोनों ब्लॉक मे दो- दो लिफ्ट लगी हैं जिसमे से ब्लॉक ए मे सिर्फ 1 ही लिफ्ट अभी उपयोग मैं है और ब्लॉक - बी मैं दोनों ही लिफ्ट बंद पडी हैं । जिसके कारण लोगों को दिक्कत हो रही है और बुजुर्ग लोगों को सबसे ज्यादा परेशानी होती है बुजुर्गों को सहारा दे कर चार मंजिल सीढ़ियों से ले कर जाना पड़ रहा है। वहां के एक अधिकारी से बात हुई तो उन्होंने ने बताया कि जल्द ही लिफ्ट चालू हो जाएगी । भवन निर्माण विभाग को सूचना दी गई है । भवन निर्माण विभाग से बात करने का प्रयास किया गया पर संपर्क नहीं हो पाया । वहाँ के शौचालय का भी बुरा हाल है सफाई का भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है सारे परिसर में शौचालय की गंध फैली हुई है जिससे कई महिलाओं को नाक पर रुमाल रखकर जाते देखा गया । एक महिला शौचालय में ताला बंद देखा गया । लोग शौचालय बदबू के कारण जाना नहीं चाहते । गर्मी का मौसम शुरू हो रहा है पर वहां पर पीने का पानी का भी अच्छा बंदोबस्त नहीं किया गया है । सचिवालय की तरह यहां भी गैलरी में पंखे लगाने की अवश्यकता है।

### शौचालय और पीने के पानी का बुरा हाल



# बाल संरक्षण महत्वपूर्ण मुद्दा, मिलकर काम करने की जरूरत : राजेश्वरी बी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मिशन वात्सल्य अंतर्गत बाल कल्याण एवं संरक्षण समितियों के लिए दिशानिर्देश तैयार करने हेतु राज्य स्तरीय कंसल्टेशन का आयोजन झारखण्ड राज्य बाल संरक्षण सोसाइटी के तत्वाधान में चाइल्ड इन नीड इंस्टिट्यूट (सीनी) के तकनीकि सहयोग से कैपिटल हिल, राँची में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राजेश्वरी बी. (आई.ए.एस.) - निदेशक ,मिशन वात्सल्य, झारखण्ड ने कहा कि बाल संरक्षण एक बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है जिसपर हम सब को मिलकर काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्तर पर बच्चों के अधिकारों को लेकर जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है । उन्होंने कहा कि इस बैठकी के निष्कर्ष पर आगे गंभीरता पूर्वक फॉलोअप करें एवं सी एस ओ भी इस प्रक्रिया में शामिल हों। उन्होंने इस बात पर भी बल दिया कि मिशन वात्सल्य के तहत विभिन्न बाल संरक्षण समितियों को सक्रिय होने की आवश्यकता है। झारखण्ड में कुपोषण एवं मानव तस्करी पर विशेष कार्य करने की आवश्यकता है इस बैठकी के निष्कर्ष को विभाग के साथ साझा किया जायेगा तथा इस योजना के प्रभावी क्रियान्वन के लिए एक कार्य समिति का गठन किया जायेगा जो इस पर विशेष कार्य करेगी इससे पूर्व कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।




### इस दौरान निम्न दो विषय

1.झारखण्ड में बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति में विभिन्न हित धारकों की भूमिका तथा रचनात्मकता एवं 2. झारखण्ड में गैर संस्थागत देखभाल की रूप रेखा' विषयों पर पैनल चर्चा किया गया। चर्चा में प्रीति श्रीवास्तव(विशेषज्ञ, बाल संरक्षण-यूनिसेफ), ऋचा चौधरी(राज्य कार्यक्रम निदेशक - एएफसी), वेद प्रकाश तिवारी झ डीसीपीओ, रांची, अल्ताफ खान (डीसीपीओ-खूंटी), अनूप होरे (स्टेट लीड- प्लान इंडिया), शिल्पा जैसवाल(कार्यक्रम प्रबंधक, सीआईएनआई), श्रीमती श्वेता कुमारी(पीओ-एनआईसी, वैकल्पिक देखभाल), सिस्टर बसन्ती बेसरा (अधीक्षक, प्रेमाश्रय, राँची ) ने अपने विचार रखे।

## एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव ने विजेता खिलाड़ियों को दी बधाई

**रांची।** झारखंड मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन के सचिव लक्ष्मण राम ने पुणे में संपन्न हुई मास्टर फेडरेशन एथलेटिक्स खेलकूद प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करके मंगलवार को रांची लौटे खिलाड़ियों को बधाई दी है। साथ ही गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ी में अशोक महतो और 3000 सेंटीमीटर में धर्म नाथ मुंडा ने ब्रोंज मेडल जीता है। इसके अलावा सुरीति तिर्की, भोला सिंह ने शॉट पुट में, सतीश चौरसिया ने 1500 मीटर, 5000 मीटर और 3000 सेंटीमीटर में,जेनेन सेवैया ने एवं प्रभा लकड़ा हाई जंप में विजयी हुई। मौके पर सचिव लक्ष्मण राम ने कहा कि इन सभी खिलाड़ियों का सिलेक्शन वर्ल्ड मास्टर एथलीट खेलकूद प्रतियोगिता में होगा। जो स्वीडन में होने वाला है। उन्होंने कहा कि सभी वर्ल्ड मास्टर एथलीट्स खेलकूद प्रतियोगिता के लिए तैयारी करें । यह प्रतियोगिता अगस्त 2024 में होगा।

# कलशयात्रा के साथ चैती दुर्गा मंदिर का आठवां वार्षिकोत्सव हुआ शुरू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

श्री चैती दुर्गा मंदिर भुताहा तलाब का आठवां वार्षिक उत्सव दिनांक 20-02-2024 दिन मंगलवार सुबह 8:00 बजे कलश यात्रा निकाला गया। महोत्स्व के पहले दिन सुबह 5:30 बजे माता का पट खोला गया और उसके बाद सुबह 7:30 बजे माता की आरती की गयी। सुबह 9:30 बजे गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गयी, जो महावीर चौक, गांधी चौक, शहीद चौक, शुभाष चौक त्रिकोण हवन कुंड से जल लेकर कचहरी रोड जयपाल सिंह स्टेडियम से होते हुए श्री चैती दुर्गा मंदिर प्रांगण पहुँचने पर कलश यात्रा लें कर आ रही 501 महिलाओं पर मंदिर के पदाधिकारीओं एवं सदस्यों के द्वारा पुष्प वर्षा कर अभिनन्दन किया गया। पंडित सुभाष पाठक जी ने पूजा संपन्न करायी। उसके बाद गौरी गणेश पूजन,वेदी पूजन, आरती और पुष्पाजली हुई और भोग का प्रसाद वितरण किया गया। आठवां वार्षिकउत्सव के दूसरे दिन बुधवार कों सुबह 9 बजे माता का महा स्नान,दुर्गा अस्टमी पाठ,आरती एवं पुष्पाजलि होंगी और दोपहर 1 बजे से महा भंडारा एवं शाम 6:30 बजे महाआरती की जाएगी। इस अवसर पर किशोर साहू, रमेश सिंह, शंकर दुबे,उदय साहू, रवि कुमार पिंकू, गोपाल पारीक, और शेखर रजक सेकड़ो महिलओं उपस्थित थी।

# मुख्यमंत्री से मिले हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड कोलकात्ता के सीएमडी घनश्याम शर्मा



मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मंगलवार को हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड, कोलकात्ता के सीएमडी घनश्याम शर्मा ने शिष्टाचार मुलाकात की। मौके पर हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड, कोलकात्ता के निदेशक माइनिंग संजीव सिंह, घाटशिला यूनिट हेड एसएस सेठी एवं अन्य उपस्थित थे।

## संघर्ष ही झामुमो की पहचान : सुप्रियो भट्टाचार्य

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो )की ओर से रांची के मोराबादी स्थित बापू वाटिका के समक्ष छठे दिन मंगलवार को सरायकेला- खरसावां जिलाध्यक्ष डॉ शुभेंदु महतो की अध्यक्षता में उपवास कार्यक्रम संपन्न हुआ।

मौके पर झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि संघर्ष का हमारा लंबा परिचय रहा है। राज्य में सामंतवादी ताकत और शोसकों की यह फितरत रही है कि कैसे झारखंड को लूटा जाय। झारखंडियों को लूटा जाय और यहां के खनिज संपदा पर अपना कब्जा जमाया जाय। इसी के खिलाफ हेमंत सोरेन ने अपनी लड़ाई को तेज किया, तो इनको लगा कि इस आवाज को दबाना चाहिए और जेल में डालना चाहिए। लेकिन इनको पता होना चाहिए कि यहां का बच्चा-बच्चा हेमंत सोरेन है, उनके अंदर जो खून दौड़ रहा है वह यहां के आंदोलनकारियों का खून है।

## विविधता में एकता ही भारत की सबसे बड़ी शक्ति : राज्यपाल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि विविधता में एकता ही भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। यहां पर अलग-अलग प्रान्तों की संस्कृति, भाषा, रीति-रिवाज, परंपरा, खान-पान, वेशभूषा इत्यादि में विविधता है लेकिन हम सब एक हैं। राज्यपाल मंगलवार को राजभवन में अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम राज्य के स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। राज्यपाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम की प्राकृतिक सुंदरता एवं सांस्कृतिक विविधता भी अनूठी है। प्रधानमंत्री के एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल के तहत आयोजित किए जाने वाले इस प्रकार के कार्यक्रम से एक-दूसरे की संस्कृति से अवगत होने का अवसर मिलता है और राष्ट्रीयता की भावना प्रबल होती है। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के विकसित भारत 2047 की परिकल्पना को साकार करने के लिए सभी को एक साथ मिलकर कार्य करना होगा। इसी का परिणाम है कि विगत दिनों कठिन परिस्थितियों के बावजूद भी नॉर्थ-ईस्ट में कई महती परियोजनाओं को कार्यान्वित किया गया है। वस्तुतः भारत का विकास तभी संभव है जब यहां के सभी प्रदेशों का सम्यक विकास हो और हम सब एकता एवं भाईचारा के साथ सतत प्रयत्नशील हैं।

## न्यूज बॉक्स

### हाई कोर्ट से सांसद दीपक प्रकाश को बड़ी राहत



**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट से भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य दीपक प्रकाश को मंगलवार को बड़ी राहत मिली है। अदालत ने उनके खिलाफ रांची एमपी-एमएलए कोर्ट की कार्रवाई पर रोक लगा दी है। यह मामला कांके के सुकुरहुरटू इलाके में किसान आंदोलन से जुड़ा हुआ है, जिसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश और कांके विधायक समरी लाल समेत अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गई थी। इनके खिलाफ कांके थाना में कांड संख्या 141/2021 दर्ज की गई थी। सांसद दीपक प्रकाश और विधायक समरी लाल के खिलाफ आईपीसी की धारा 188,269,270 और एपेडेमिक एक्ट के तहत आरोप गठित किया गया है।

### फिल्म अभिनेता गोविंदा ने बुंडू स्थित सूर्य मंदिर का किया दर्शन, हुआ स्वागत



**रांची।** फिल्म अभिनेता गोविंदा मंगलवार को रांची के बुंडू स्थित प्राचीन सूर्य मंदिर पहुंचे। मंदिर परिसर में वे लगभग 30 मिनट तक रूके। उन्होंने मंदिर के बारे जानकारी ली। साथ ही यहां के प्राकृतिक दृश्यों को देखकर उन्होंने कहा कि इस जगह का और विकास होना चाहिये। इससे पूर्व उलगुलान फाउंडेशन के अध्यक्ष आजसू के केन्द्रीय सचिव रामदुर्लभ मुंडा के नेतृत्व में उनका स्वागत किया गया। प्राचीन कालीन सूर्य मंदिर के बारे मान्यता है कि जब राम भगवान को वनवास हुआ था तो यहीं पर उन्होंने सूर्य भगवान को अर्घ्य दिया था और तभी से इस जगह पर पूजा होती। इससे पहले भी गोविंदा कई बार रांची आ चुके हैं।

### झारखंड हाई कोर्ट में अमन श्रीवास्तव गैंग के एश्ले लकड़ा की क्रिमिनल रिट पर हुई सुनवाई

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव गिरोह के सदस्य एश्ले लकड़ा की क्रिमिनल रिट पर मंगलवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान एश्ले लकड़ा के अधिवक्ता ने बहस के लिए समय की मांग की। जस्टिस आनंद सेन की कोर्ट में याचिका पर सुनवाई हुई। एश्ले ने जमानत याचिका खारिज होने के बाद क्रिमिनल रिट दाखिल कर दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की मांग की है। एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) ने गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव गैंग के कई सदस्यों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। सभी के खिलाफ आईपीसी की धारा 386, 387, 109, 43, 201 और 120(बी) एवं अनलॉफूल एक्टिविटी प्रीवेन्शन एक्ट की धारा 20 और 21 के तहत चार्जशीट दाखिल हुई है, जिसके बाद आरोपित एश्ले ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। एटीएस द्वारा दर्ज की गयी कांड संख्या 1/2022 में श्रीवास्तव गिरोह के सरगना गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव, अविक श्रीवास्तव, चंद्रप्रकाश राणु, मंजरी श्रीवास्तव, एश्ले लकड़ा, प्रिंसराज श्रीवास्तव, विनोद कुमार पांडेय, अमजद खान, जहीर अंसारी, महमूद उर्फ नेपाली, असलम, फिरोज खान, सिद्धार्थ कुमार साहू, पिंटू और सुनील को आरोपित बनाया गया है।

### भारी उद्योग मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय से मिले नवीन जायसवाल और अमर कुमार बाउरी



**रांची।** हटिया के विधायक नवीन जायसवाल ने नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी के साथ भारी उद्योग एवं सार्वजनिक उद्यम मंत्रालय के मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय से मुलाकात कर एचईसी के अतिगंभीर मुद्दे पर उनका ध्यान आकृष्ट करवाया. मंत्री को पिछले एक माह से आंदोलनरत एचईसी कर्मियों की उचित मांगों से अवगत करवाया। विस्तृत वार्ता के उपरांत मंत्री जी ने आश्वस्त किया है कि भेल की एक टीम को वहां भेज दिया गया है, भेल की टीम यहाँ का सर्वेक्षण कर बहुत जल्द एचईसी के पुनरूद्धार एवं वहां के कर्मियों के सुरक्षित भविष्य के लिए कार्ययोजना बनाने को ले कर दृढसंकल्पित है।

### बसंत सोरेन से मिला झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स का प्रतिनिधिमंडल : पत्रकारों की परेशानियों से कराया अवगत



**रांची।** झारखंड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स के एक प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के तीन विभागों के मंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के अनुज बसंत सोरेन से उनके आवासीय कार्यालय पर मुलाकात की। यूनियन की तरफ से राज्य के पथ निर्माण विभाग, भवन निर्माण विभाग और जल संसाधन विभाग के मंत्री को राज्य के पत्रकारों की परेशानियों के बारे में अवगत कराया गया। उनसे हुई चर्चा के दौरान पत्रकार सुरक्षा कानून को राज्य में लागू करने के अलावा राज्य के पत्रकारों से जुड़ी अन्य समस्याओं पर भी चर्चा हुई। श्री सोरेन ने इन बातों को ध्यान से सुना और अपनी तरफ से इस दिशा में यथासंभव प्रयास करने का आश्वासन भी प्रतिनिधिमंडल को दिया। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल ने किया। उनके साथ यूनियन के तरह उपाध्यक्ष अखिलेश सिंह, उपाध्यक्ष जगदीश सिंह, कार्यकारिणी सदस्य किसलय शानू, महानगर अध्यक्ष जावेद अख्तर, महासचिव सह प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी, राजेश रमण एवं अन्य सदस्य मौजूद थे।

### पथराव की घटना से जनता का ध्यान भटकाने की हो रही साजिश : विहिप

**रांची।** विश्व हिन्दू परिषद रांची ग्रामीण जिला मंत्री रोबिन कुमार महतो और बजरंग दल जिला संयोजक बिनोद विश्वकर्मा ने कहा है कि विगत दिनों नगड़ी में सरस्वती पूजा विसर्जन जुलूस में एक समुदाय के जरिये सुनियोजित तरीके से मस्जिद के पास घात लगाकर पथराव की गई थी। इस हमले में कई लोग गंभीर रूप से जख्मी भी हुए हैं, जिनका इलाज अब भी चल रहा है। इस घटना से हिंदू समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। दोनों पदाधिकारियों ने कहा है कि पथराव की घटना से जनता का ध्यान भटकाने की साजिश एक जमात कर रहा है। क्योंकि, नगड़ी पुलिस उन उपद्रवियों को गिरफ्तार करने के बजाय संरक्षण देने में लगी है। इस मामले में नगड़ी पुलिस की भूमिका संदिग्ध है। पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर बजरंग दल का नाम मंदिरों की मूर्ति चोरी से जोड़ा जा रहा है। इसमें एक खास जमात के मीडियाकर्मी भ्रम और झूठ परोसने में शामिल हैं जबकि ये दोनों घटनाएं अलग-अलग हैं। इस समाचार का विहिप और बजरंग दल रांची ग्रामीण जिला निंदा करते हुए खंडन करते हैं।

## एक नजर

### झामुमो कार्यकारिणी की बैठक कल

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की केंद्रीय कार्यकारिणी कमेटी की 22 फरवरी को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास में होगी। बैठक की अध्यक्षता पार्टी अध्यक्ष शिबू सोरेन करेंगे। कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन की अनुपस्थिति में बैठक में वर्तमान राजनीतिक हालात और पार्टी के भावी कार्यक्रमों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

### विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी रांची ने संभाला पदभार



**रांची।** जेम्स सुरीन ने मंगलवार को विशिष्ट अनुभाजन पदाधिकारी(स्पेशल डिविजन ऑफिसर) रांची का पदभार ग्रहण किया। जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रांची प्रदीप भगत ने उनका स्वागत किया। मौके पर जिला आपूर्ति कार्यालय के सभी कर्मीगण उपस्थित थे।

### एससी-एसटी एक्ट में भवनाथपुर के विधायक भानु प्रताप शाही बरी

**पलामू।** गढ़वा जिले के भवनाथपुर के विधायक भानु प्रताप शाही को मंगलवार को बड़ी राहत मिली है। एमपी-एमएलए कोर्ट पलामू ने उन्हें एससी-एसटी एक्ट मामले में रिहा कर दिया। कुछ महीने पहले भी विधायक भानु प्रताप शाही पलामू कोर्ट में पेश हुए थे। लगभग 19 वर्ष पूर्व आरएमडी सेल के डॉ विजय कुमार राम के मामले में दायर पुराने मामले में लंबी सुनवाई के बाद कोर्ट ने उन्हें रिहा करने का आदेश सुनाया। कोर्ट ने इस मामले में मनोज पहाड़िया, उपेन्द्र दूबे, मनोज सिंह और भगत दयानंद यादव को दोषी मानते हुए छह-छह माह कारावास की सजा सुनाई है, उपरोक्त सभी पहले ही कारावास की सजा काट चुके हैं।

# सरकार बजट राशि का उपयोग नहीं कर पा रही



**अलग-अलग विभागों का 50 फीसदी राशि भी व्यय नहीं हुआ**

**गलत करने वालों के मन में ईडी का डर होना बेहद जरूरी**

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश भाजपा प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने राज्य सरकार पर समय पर बजट राशि का उपयोग करने में विफल रहने का आरोप लगाया है। साथ ही राज्य के ओबीसी वर्ग को धोखा देने का भी आरोप लगाया है। उन्होंने प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि राज्य में अलग-अलग विभागों का 50 फीसदी बजट भी अब तक व्यय नहीं हुआ है जो राज्य की जनता के साथ अन्याय है। यह एक तरीके का अपराध भी है लेकिन इसे लेकर सत्तारूढ़ दलों के एक भी विधायक ने चिंता नहीं जतायी है। शाहदेव ने कहा कि सत्ता पक्ष के लोग कह रहे हैं कि उन्हें ईडी से डराया जा रहा है। वास्तव में यह ठीक ही है। गलत करने वालों के मन में ईडी का डर जरूरी भी है। 70 हजार करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार का आरोप इस सरकार पर है। इस सरकार के करप्शन की किताब में अभी केवल पहला पन्ना ही पलटा गया है। मनमोहन सिंह की सरकार के समय देश में 5300 करोड़ रुपये अवैध राशि जब्त की गयी थी। वर्तमान केंद्र सरकार के कार्यकाल में एक लाख 25 हजार करोड़ रुपये जब्त किए जा चुके हैं। ईडी के खिलाफ पूर्व सीएम सुप्रीम कोर्ट तक गये पर राहत नहीं मिली। जेल जाना पड़ा। कोर्ट से बेल नहीं मिला। अगली सुनवाई बाकी है। अभी कई अध्याय बाकी हैं। शाहदेव ने आरोप लगाते कहा कि सवा चार साल हो गये। राज्य सरकार अब जातीय जनगणना की बात कर रही। इसके लिए एसओपी तैयार होने की बात हो रही है। जब उसने पूर्व में कोर्ट में एफिडेविट देते कहा था कि ट्रिपल टेस्ट कराने के बाद निकाय चुनाव करा देगी तो फिर इस पर क्यों नहीं आगे बढ़ी। घड़ियाली आंसू अब वह बहा रही। कांग्रेस तो खुद पिछड़ा विरोधी रही है। 1979 में बनाये गये मंडल कमिशन की रिपोर्ट को सिरे से वह खारिज करती रही। 80-90 तक तो उसी का शासन रहा। शाहदेव ने कहा कि राजीव गांधी ने तो प्वाइंट दर प्वाइंट कमिशन की रिपोर्ट को खारिज करते इसे अनुपयोगी बताया था।

## केंद्र सरकार की गलत नीतियों के कारण बढ़ती महंगाई का साया हर भारतीय घरों पर गहराया : गुंजन सिंह



**रांची।** झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में आज कांग्रेस भवन, रांची में संवाददाता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन को प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री गुंजन सिंह संबोधित किया। इस अवसर पर पिंकी सिंह, नीतू देवी, निलम सहाय, अनीता सिन्हा, संगीता टोप्पो, मेरी तिर्की मीनू सिंह, शांतिबाला उपस्थित थी। संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष सुश्री गुंजन सिंह ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार की गलत नीतियों के कारण बढ़ती महंगाई का साया हर भारतीय घरों पर गहराया हुआ है, और इसका सबसे अधिक असर गृहिणियों पर पड रहा है। ये अनसुनी नायिकाएं, जो परिवार, वित्त और कल्याण के बीच संतुलन बनाती हैं, लगातार बढती कीमतों के तूफान में जूझ रही हैं। यह प्रेस वार्ता गृहिणियों की दुर्दशा और उनकी पीड़ा के सत्य की आवाज को बुलंद करने के लिए है ।

### मूल्य वृद्धि

**- सब्जियां:** टमाटर, जो कभी खाने की मुख्य चीज हुआ करता था, उसकी कीमत लगभग दोगुनी हो गई है, 30 रू से 70रू तक। लहसुन की कीमत भी आसमान छू रही , जो 400 से 500 रू तक पहुंच गई है, वहीं प्याज 30 से 40 रुपये पहुंच गई है, यहां तक कि आलू की कीमत भी 15 से बढ़कर 25रू हो गई है।

**एलपीजी :** अनगिनत रसोइयों की जीवन रेखा, एलपीजी सिलेंडर की कीमत पिछले सालों में बढ़कर आज 1050 तक पहुंच गई हैं। यह वृद्धि बजट पर काफी दबाव डालती है, जिससे परिवारों को गैस के उपयोग में कटौती करने के सलए मजबूर होना पडता है, जिससे स्वास्थ्य और स्वच्छता प्रभावित होती है।

**दालें:** दालें, प्रोटीन का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत की कीमत में तेज वृद्धि देखी गई है। मुंग दाल, जो एक लोकप्रिय विकल्प है, इसकी कीमत 70 से बढ़कर 180 हो गई है।

### सरकार की योजनाएं सबके लिए, जनता ले लाभ

## विकसित भारत संकल्प यात्रा से धनबाद में जागरूकता बढ़ी

**धनबाद के झरिया में आयोजित कार्यक्रम में 800 लोगों ने लिया हिस्सा**

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

भारत सरकार की ओरे से संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा शहरी अभियान के दूसरे चरण में मंगलवार को झरिया अंचल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि अभियान के जिला प्रभारी तथा वित्त मंत्रालय अंतर्गत 'दीपम' में निदेशक संजय कुमार ने भाग लिया। नगर आयुक्त धनबाद नगर निगम रविराज शर्मा भी इसमें शामिल हुए। इस अवसर पर सहायक नगर आयुक्त धनबाद नगर निगम प्रकाश कुमार, नोडल अधिकारी-सह- सहायक नगर आयुक्त संतोषी मुर्मू तथा क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी, केंद्रीय संचार ब्यूरो, धनबाद ओंकार नाथ पाण्डेय मौजूद रहे। संजय कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में स्थापित करना चाहते हैं। सरकार का प्रयास है कि देश के अंतिम व्यक्ति तक केंद्र की योजना का लाभ पहुंचे। आयुष्मान कार्ड, आधार, पीएम आवास, पीएम स्वनिधि, उज्जवला आदि योजनाओं का लाभ लोगों का जीवन बदल रहा है। नगर आयुक्त रविराज शर्मा ने बताया कि इस अभियान को धनबाद में प्रथम चरण में 27 दिसंबर 2023 से 26 जनवरी 2024 तक सफलतापूर्वक वार्ड स्तर पर 35 जगहों पर चलाया गया है, वहीं 05 फरवरी 2024 से चल रहे दूसरे चरण में भी 40 से अधिक स्थानों पर 25 फरवरी तक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि की ओर से पीएम उज्जवला योजना, आयुष्मान कार्ड, पीएम आवास, पीएम स्वनिधि योजना के लाभार्थियों को परिसंपत्तियों का वितरण किया गया।

## राज्य में अबुआ नहीं बबुआ राज चल रहा: सुदेश महतो

**रांची।** झारखंड राज्य में जिनका शासन है वह सिर्फ एक परिवार की भलाई करने में लगा है। विकास झारखंड मुक्ति मोर्चा के डीएनए में कभी नहीं रहा। इन्होंने राज्य के आज के साथ कल को भी बर्बाद कर दिया है जबकि हमारा उद्देश्य राज्य के हर वर्ग के सभी परिवारों के हित के लिए कार्य करना है। सबका ध्यान सबका सम्मान हमारा दायित्व है। राज्य में अबुआ नहीं बबुआ राज चल रहा है। यह बातें आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कही। वह चांडिल डैम रिसोर्ट में मंगलवार को आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो के नेतृत्व में विभिन्न राजनीतिक दलों के सैकड़ों कार्यकताओं ने आजसू पार्टी का दामन थामा। सुदेश महतो ने कहा कि आज किसी भी कार्यालय में बिना पैसे दिए कोई भी काम नहीं होता। उन्होंने कहा कि आने वाला चुनाव सिर्फ वोट का नहीं, राज्य के स्वाभिमान का चुनाव है।

## लोस चुनाव के लिए चेयरमैन और संयोजकों की घोषणा की

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**

आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने प्रदेश कांग्रेस वार रूम के लिए चेयरमैन और संयोजकों की घोषणा की। इस संबंध में मंगलवार को जानकारी देते हुए प्रदेश प्रवक्ता सोनाल शांति ने बताया कि झारखंड प्रदेश वार रूम के लिए मानस सिन्हा को चेयरमैन, नेली नाथन एवं अमृत सिंह को को-चेयरमैन और दीपक ओझा, अजय सिंह,पूर्णिमा सिंह,अजय जैन,जफर इमाम, राजीव नारायण प्रसाद, पिया बर्मन, गुलजार अहमद को सदस्य बनाया गया है। इसके अतिरिक्त मदन मोहन शर्मा और सूर्यकांत शुक्ला को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के साथ को-ऑर्डिनेशन करने के लिए सह संयोजक बनाया गया है। उन्होंने बताया कि वार रूम के चेयरमैन,सह-चेयरमैन सदस्यों संयोजकों के साथ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बैठक भी की। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष ने निर्देश देते हुए कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण ही नहीं बल्कि जीने और मरने का विषय है।लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार के साथ-साथ वार रूम की भूमिका भी सूचनाओं के आदान-प्रदान संगठन के दिशा-निर्देशों का पालन कराने में, चुनाव के दौरान संगठन और कार्यकताओं के बीच संवाद कायम रखने में मे अहम कड़ी होती है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की सभी गतिविधियों पर नजर रखते हुए हमारे ऊपर किए जाने वाले हर आक्षेप और आरोपों का जवाब देने के लिए एक सुदृढ़ और कारगर रणनीति बनाकर उसे पर अमल करने की पूरी जवाब देही वार रूम के सदस्य और संयोजकों की होगी। ताकि हम चुनाव के दौरान जनता के बीच विपक्ष के जरिये अनावश्यक रूप से फैलाये जाने वाले भ्रम का मुकाबला पूरी तरह से कर सके। साथ ही जनता को झूठी अफवाहों से दूर रखा जा सके।

## हाईकोर्ट ने केंद्र व राज्य सरकार पर लगाया 25-25 हजार का जुर्माना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाई कोर्ट में मांडर के चान्हो में बनने वाले एकलव्य स्कूल के लिए चयनित स्थान को दूसरी जगह बदलने के खिलाफ गोपाल भगत की जनहित याचिका की सुनवाई मंगलवार को हुई। मामले में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की ओर से जवाब दाखिल नहीं किए जाने पर हाई कोर्ट ने कड़ी नाराजगी जताई है। कोर्ट ने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार पर 25-25 हजार रुपये का जुमार्ना लगाते हुए अपनी मौखिक टिप्पणी में कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि अदालत के समय को जानबूझकर बर्बाद किया जा रहा है। मामले की सुनवाई जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में हुई। अगली सुनवाई पांच मार्च को होगी। कोर्ट ने सरकार से पूछा था कि जब हाई कोर्ट का अंतरिम आदेश दिया था कि स्कूल वहीं बनेगा, जहां इसका शिलान्यास किया हुआ था, इसके बाद भी नए जगह पर एकलव्य विद्यालय बनाने का क्या औचित्य है। किसकी इजाजत से पुराने स्थान को छोड़कर नए स्थान पर एकलव्य आवासीय विद्यालय को बनाने का निर्णय लिया गया। राज्य सरकार ने यथास्थिति बरकरार क्यों नहीं रखी थी? क्या सरकार अदालत के आदेश से ऊपर है? इससे पूर्व सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि नौ दिसंबर, 2022 को हाई कोर्ट ने अंतरिम आदेश देते हुए शिलान्यास किए जाने वाले स्थान पर एकलव्य विद्यालय बनाने का आदेश दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने भी हाई कोर्ट के आदेश में फेरबदल करने से इनकार कर दिया था। हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को निर्देश दिया था कि मांडर में एकलव्य विद्यालय के लिए जो सबसे पहले जगह चयनित

### राष्ट्रपति मुर्मू 28 फरवरी को आएंगी रांची

# सीयूजे के तीसरे दीक्षांत में होंगी शामिल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 28 फरवरी को रांची आएंगी। वे झारखंड केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयूजे) के तीसरे दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी। राष्ट्रपति 28 फरवरी को सुबह 10:30 बजे रांची पहुंचेंगी। इसके बाद वे कांके प्रखंड अंतर्गत चेरी-मनातू स्थित विवि के नये परिसर में आयोजित समारोह में शिरकत करेंगी। यहां से वे अपराह्न तीन बजे दिल्ली लौट जायेंगी। राष्ट्रपति के रांची आगमन की जानकारी राज्य सरकार को दे दी गयी है। राष्ट्रपति बनने के बाद द्रौपदी मुर्मू का यह तीसरा रांची दौरा होगा। इससे पूर्व वे वर्ष 2022 में रांची और बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू गयी थीं। इसके बाद वर्ष 2023 में झारखंड हाई कोर्ट के नये भवन के उद्घाटन तथा ट्रिपल आईटी के दीक्षांत समारोह में भाग लेने आयी थीं। राष्ट्रपति के विश्वविद्यालय कैंपस पहुंचने के लिए दो विकल्प तैयार किये जा रहे हैं। इनमें एक बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से सड़क मार्ग (रिंग रोड) होते हुए चेरी-मनातू तक तथा दूसरा चेरी-मनातू में ही हेलिपैड का निर्माण कर सेना के हेलीकॉप्टर से सीधे उतारने पर विचार किया जा रहा है। राष्ट्रपति विश्वविद्यालय परिसर में दिन के 12 बजे से एक बजे तक शिरकत करेंगी तथा विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान करेंगी।

**64 को गोल्ड और तीन को मिलेगा चांसलर मेडल :** दीक्षांत समारोह में विश्वविद्यालय के सत्र 2016-21 (पांच वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स) तथा सत्र 2019-21 व सत्र 2020-22 (दो वर्षीय कोर्स) के 778 विद्यार्थियों को डिग्री दी जायेगी। 25 पीएचडी धारकों को भी डिग्री दी जायेगी। 64 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल तथा तीन विद्यार्थियों को चांसलर मेडल दिये जायेंगे। 64 गोल्ड मेडल में 35 लड़कियां शामिल हैं।

**विश्वविद्यालय ने जारी किए ड्रेस कोड :** दीक्षांत समारोह में शामिल होने के लिए ड्रेस कोड को अनिवार्य किया गया है। भारतीय परिधान को प्राथमिकता देते हुए विश्वविद्यालय ने ड्रेस कोड का निर्धारण किया गया है। परीक्षा नियंत्रक के जारी पत्र के अनुसार प्रमाणपत्र प्राप्त करने वाले में छात्राओं को सफेद सलवार-सूट एवं छात्रों के लिए सफेद कुर्ता-पाजामा पहनकर आना निर्धारित किया गया है। एकेडेमिक कौंसिल एवं एग्जीक्यूटिव कौंसिल के पुरुष सदस्यों के लिए क्रीम रंग का कुर्ता एवं सफेद रंग का पाजामा तथा महिला सदस्यों के लिए क्रीम रंग की साड़ी को ड्रेस के तौर पर अनिवार्य किया गया है। समारोह में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों, एकेडेमिक कौंसिल एवं एग्जीक्यूटिव कौंसिल को खादी का उत्तरीय तथा शामिल होने वाले विशिष्ट अतिथियों को सिल्क का उत्तरीय विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान किया जायेगा। दीक्षांत समारोह को लेकर विवि में तैयारी जोर-शोर से चल रही है।

## एक नजर

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय बरवां में 68 बच्चों के बीच पोशाक का वितरण



**बरकट्ठा।** उ. मध्य विद्यालय बरवां के प्रथम एवं द्वितीय वर्ग के कुल 68 छात्र-छात्राओं के बीच पोशाक का वितरण किया गया।वितरण समारोह में विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष नारायण प्रसाद ,उपाध्यक्ष बेबी देवी, विद्यालय एम्बेसडर ज्ञानी प्रसाद, प्रधानाध्यापक पवन कुमार, शिक्षक अमलेश्वर दास ,अजय रविदास, संतोष कुमार दास, गोपेश्वर प्रसाद, अरूण कुमार मंडल, सरिता देवी, गीता देवी ,मुनिया देवी, बिनोद प्रसाद एवं अन्य गणमान्य लोग शामिल थे।ज्ञानी प्रसाद ने छात्र-छात्राओं को नियमित स्कूल ड्रेस में विद्यालय आने को कहा।वही अध्यक्ष नारायण प्रसाद ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को अपना विद्यालय अपना बच्चा समझकर बच्चों पर ध्यान देने को कहा।

### किरासन तेल छिड़क कर की ने आत्महत्या

**सिमडेगा।** सिमडेगा के कोलेबीरा थाना क्षेत्र के शाहपुर ग्राम में 46 वर्षीय जट्टु भोगता नामक व्यक्ति ने बीती रात खुद पर किरोसिन तेल छिड़क कर आत्महत्या कर ली। मिली जानकारी के अनुसार मृतक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी उसकी पत्नी भी पिछले महीना गोवा काम करने के लिए गई हुई है।जट्टु भोगता के तीन बेटे हैं अपने तीन बेटे के साथ घर में रहकर काम करता था इधर मामले की जानकारी पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। तथा मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया जहां पर पोस्टमार्टम करने के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया। इधर पुलिस लगातार इस मामले में छानबीन कर रही है।

### संदिग्ध परिस्थिति में महिला की मौत जांच में जुटी पुलिस

**केरसई।** थाना क्षेत्र अंतर्गत टैंसेर के आमकानी में बीती अत्यधिक शराब पीकर सन्दिग्ध स्थिति में एक महिला की मौत हो गई है।मृतक महिला की पहचान के रुक्मणि केरकेट्टा रूप में हुई। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी मुन्ना रमानी ने बताया कि महिला के पेट में पूर्व से जख्म था और स्थानीय लोगों के हिसाब से वह शराब का सेवन कर ली थी इस वजह से अचानक उसकी तबीयत बिगड़ी और मौत हो गई। पुलिस ने मृत महिला के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल सिमडेगा भेज दिया थाना प्रभारी ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के पश्चात मौत के असली कारणों का पता चल सकेगा।

### नागरिक सुरक्षा समिति ने की आर्थिक मदद

कोडरमा। नागरिक सुरक्षा समिति ने सोमवार को नप अंतर्गत वार्ड नंबर सात झलपो स्थित अव्वल मोहल्ला की हृदय रोग से पीड़ित बच्ची को रायपुर स्थित सत्य श्री साईं हॉस्पिटल में इलाज के लिए भेजने का इंतजाम किया गया। बता दें कि पूर्व में भी बच्ची की मां ने जांच के लिए उक्त हॉस्पिटल से संपर्क किया था।

# पूर्व मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी के विरोध में निकली न्याय यात्रा




**नवीन मेल संवाददाता। जलड़ेगा** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के गिरफ्तारी के विरोध में झामुमो सिमडेगा ने जलडेगा के कोनमेरला पंचायत, टिनगीना पंचायत और लॉम्बोई पंचायत में पदयात्रा कर न्याय मार्च निकाला।मौके पर झामुमो जिला अध्यक्ष अनिल कंडुलना ने कहा की झारखंड राज्य एवं देश की वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य बहुत ही गंभीर है।उन्होंने कहा कि हमारे राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को केंद्र की सरकार द्वारा झारखंड प्रदेश के आदिवासी मुख्यमंत्री को केंद्रीय जांच एजेंसी का दुरुपयोग करते हुए बेवजह प्रताड़ित कर रही है।मुख्य वजह भारतीय जनता पार्टी की गलत नीतियों के सामने पूर्व मुख्यमंत्री का न झुकना, उसका विरोध करना एवं प्रदेश के चहुंमुखी विकास के एजेंडा को लागू करने का ईमानदार प्रयास भारतीय जनता पार्टी को नहीं पच रहा है।जीप सदस्य संता रोसालिया कंडुलना ने कहा देश के अन्य प्रदेशों में भी जहां भारतीय जनता पार्टी या भाजपा समर्थित पार्टीयों सरकारी नहीं है वहां विधायकों की खरीद-फरोख्त ईडी,इनकम टैक्स डिपार्टमेंट आदि केंद्रीय एजेंटीयों का दुरुपयोग आदि तमाम हथकंडे अपना कर डरा धमका कर चुनी हुई सरकारों को अस्थिर करने एवं गिरने का प्रपंच कर रही है।मौके पर जिला कोषाध्यक्ष नुवास केरकेट्टा,संघठन सचिव कल्याण मिंज, पूर्व महिला मोर्चा सचिव रोसालिया संता कंडुलना, युवा मोर्चा जिला सचिव राजेश टोप्पो, अमलेन समद,पूर्व उप प्रमुख एसरंटी तोपनो, पंचायत समिति सुमनती समद,प्रखंड अध्यक्ष जुसाब लुगुन,प्रखंड सचिव नेल्सन कंडुलना,कोषाध्यक्ष बिजय बागे, उपाध्यक्ष रियाज अहमद,अजित किड़ो आदि मौजूद रहे ।

### कार में अपराधियों ने चलाई गोली

# जांच-पड़ताल में जुटी पुलिस



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** बलकुदरा खुली खान के समक्ष दो अज्ञात अपराधियों ने खड़ी कार पर गोली चलाकर दशहत फैलाया दिया। हलांकि गाड़ी में कोई बैठा हुआ नहीं था जिसके कारण जान-माल की क्षति नहीं हुई, सिर्फ गाड़ी का शीशा टूट गया।घटना मंगलवार की दोपहर 3 बजे की है। गोली चलने की घटना से मजदूरों में दहशत का माहौल है। जानकारी अनुसार बलकुदरा में टाटा कंपनी की गाड़ियां बलकुदरा में ढुलाई का कार्य कर रही है। इसी को लेकर टाटा कंपनी के इंजीनियर बलकुरा आये हुए थें। इसी क्रम में दो अज्ञात अपराधियों ने वहां खड़ी इंडिका जेएच 01 एएफ 4350 नंबर की गाड़ी गोली चलाते हुए भाग निकले। सूचना मिलते ही पतरातू एसडीपीओ बीरेंद्र राम, पतरातु इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह, बासल थाना प्रभारी सुरेंद्र कुमार कुंटिया दलीबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे। जहां घटना के बावत वहां कार्यरत लोगों से पूछताछ करते हुए मामले की छानबीन में जुट गये। पुलिस ने घटना स्थल से 8 एमएम का एक जिंदा गोली और खोखा बरामद किया है। मौके पर पतरातु एसडीपीओ बीरेंद्र राम ने कहा की लेवी को लेकर या फिर किस कारण से अपराधियों ने गोली चलाकर दहशत फैलाने का काम किया है। यह बताना अभी मुश्किल है।

### पलकें ही पलकें बिछाएंगे, जिस दिन श्याम प्यारे घर आएंगे ..भजन पर झूमे श्रद्धालु

**कोडरमा / मरकच्चो।** श्याम शरण मे आजा रे..,के तत्वाधान में रविवार की रात नवलशाही स्थित पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता के निवास स्थल पर भक्ति संध्या का आयोजन किया गया। इस दौरान बाबा श्याम का हरियाली के बीच दरबार सजाया गया,जिसमें विभिन्न देवी- देवताओं की तस्वीर लगाई गई। शुरूआत पूजा -अर्चना के साथ हुई। बतौर यजमान आनंद गुप्ता,शालिनी गुप्ता शामिल हुई । जबकि पूजा- अर्चना आचार्य अनिल मिश्रा ने कराई। सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। गणेश वंदना के साथ भक्ति जागरण का आयोजन किया गया। अखंड ज्योत के साथ पांच घंटे तक चले भजन कार्यक्रम में बाबा श्याम,विभिन्न देवी- देवताओं पर आधारित भजनों पर श्रद्धालु झुमे। भजन गायक रवि दाहिमा ने पलकें ही पलकें विछाएंगे, पंकज केसरी ने तू कृपा कर बाबा कीर्तन कराएंगे.. ,नंदू शर्मा ने आंचल में छिपा लीजिए राधा रानी कृपा कीजिए। राजू अजमानी, अनीता देवी, राधा देवी, प्रभा देवी, राजेश्वरी, वैष्णवी, मधु सिंह, नीतू जोशी आदि उपस्थित थे।

# हंस फाउंडेशन ने स्वीप के तहत मतदाता जगरूकता शिविर लगाया




**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निर्वाचन आयोग की ओर से स्वीप कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके तहत डीसी सिमडेगा के निर्देश पर सिमडेगा में ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाने वाली हंस फाउंडेशन की ओर से स्वीप कार्यक्रम के तहत लोगों के बीच मतदान के प्रति जागरूक किया गया। मंगलवार को द हंस फाउंडेशन की ओर से पाकरटांड के टकबा में आयोजित स्वास्थ्य जांच शिविर के दौरान उपस्थित लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर जानकारी देते हुए हंस फाउंडेशन के मैनेजर स्वामी विवेकानंद ने बताया कि हमारा प्रयास है कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में विशेष ध्यान देने के साथ-साथ लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करें और इसी उद्देश्य के साथ यह शिविर में लोगों को जागरूक करने का काम किया जाए। मौके पर हंस फाउंडेशन ने ठाना है स्वास्थ्य के प्रतिशत प्रतिशत मतदान करना है आदि स्लोगन के साथ लोगों को जागरूक किया मौके पर चिकित्सक, फार्मासिस्ट एवं जांच शिविर में काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### धूमधाम से आरपीवाई ग्लोबल स्कूल का स्थापना दिवस मनाया गया

**कोडरमा।** प्रतिभा और एकता के चमकदार प्रदर्शन में आरपीवाई ग्लोबल स्कूल चाराडीह का पहला स्थापना दिवस मनाया गया। मौके पर आरपीवाई ग्लोबल स्कूल के निदेशक मयंक कुमार यादव, रमेश कुमार यादव, सेवा समिति के अध्यक्ष सनथ कुमार दा, आरपीवाई हाई स्कूल के प्राचार्य रामचंद्र यादव, इंजीनियर मो. आलम ने दीप प्रज्वलत कर कार्यक्रम की शुरूआत की। इस दौरान छोटे-छोटे बच्चों ने नृत्य संगीत, सरस्वती वंदना आदि की प्रस्तुती से दर्शकों का मन मोहा। बच्चों ने स्थापना दिवस पर सतरंगी छटा बिखेरी। बच्चों ने अंग्रेजी में समूह गायन और प्ले ग्रुप से लेकर यूकेजी तक के छोटे बच्चों द्वारा नृत्य आदि की प्रस्तुती की काफी सराहना हुई। स्कूल निदेशक मयंक यादव ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ साथ हर गतिविधियों में आगे ले जाना स्कूल का उद्देश्य है। मौके पर कई अभिभावक मौजूद थे।

# सिमडेगा में अलग-अलग सड़क हादसे में दो लोगों की मौत



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** सिमडेगा में लगातार रफ्तार का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है लगातार एक सप्ताह से प्रत्येक दिन सड़क हादसे के मामले आ रहे हैं और लोगों की मौत हो रही है इसके बावजूद लोग जागरुक नहीं हो रहे हैं। बताया गया कि अलग-अलग हादसे में दो लोगों की मौत हो गई पहला मामला सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलगढ़ के पास देर शाम हुई जहां मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल गुलशन बा नामक युवक की इलाज के क्रम में सदर अस्पताल सिमडेगा में मंगलवार की सुबह मौत हो गई। जानकारी देते हुए मृतक के पिता जॉनसन बा ने बताया कि घर में बर्थडे कार्यक्रम था जिसको लेकर के खरीदने के लिए शहर आया था और वापस लौट रहा था इसी दौरान बेलगढ़ के पास नियंत्रण खोकर गिरा माथे में चोट लगी और घायल हो गया इधर-उधर अस्पताल में उसकी मौत हो गई। वहीं पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही दूसरा मामला सेवई के पास की है।जहां पर करवारजोर गांव की 65 वर्षीय महरांगी देवी नामक महिला को अज्ञात वाहन ने जोरदार धक्का मार दिया।

# आदिवासी समुदाय को अपनी भाषा, संस्कृति परंपरा की रक्षा करने की जरूरत है : कोंगाड़ी



**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा** जलडेगा प्रखंड अंतर्गत परबा पंचायत के ढेंगुरपानी जामपानी टोली में मुंडा समाज के द्वारा पत्थलगाड़ी समारोह का आयोजन बहुत ही धुमधाम के साथ किया गया। इस पत्थलगाड़ी कार्यक्रम में कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के बिधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया।आयोजन समिति और उपस्थित लोगों के द्वारा बिधायक का स्वागत किया गया तत्पश्चात पत्थलगाड़ी कार्यक्रम की सम्पूर्ण विधि को मुंडा राजाओं के द्वारा किया गया।विधायक नमन बिक्सल कोनगाड़ी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी का मैं विशेष आभार प्रकट करता हूँ और धन्यवाद देता हूँ कि आपके आमंत्रण की वजह से आज मैं इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ हूँ।क्योंकि हमारे मुंडा समाज की एक विशेष पहचान है पत्थलगाड़ी। विधायक ने सभी आदिवासी समुदाय को जागरूक होने का आग्रह करते हुए कहा कि आज के बदलते परिवेश में आदिवासी समाज को अपनी अस्मिता को बचाने के लिए अपनी भाषा, संस्कृति और परंपरा की रक्षा करने की जरूरत है तथा इस परम्परा को आने वाली पीढ़ी को देने की जरूरत है ताकि हम आदिवासी अपने बहुमूल्य परम्परा को बचा सकें।पत्थलगाड़ी के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि पत्थलगाड़ी उन पत्थर स्मारकों को कहा जाता है जिसकी शुरूआत इंसानी समाज ने हजारों साल पहले की थी। यह एक पाषाणकालीन परंपरा है जो आदिवासियों में आज भी प्रचलित है।माना जाता है कि मृतकों की याद संजोने, खगोल विज्ञान को समझने, कबीलों के अधिकार क्षेत्रों के सीमांकन को दशार्ने, बसाहटों की सूचना देने, सामूहिक मान्यताओं को सार्वजनिक करने आदि उद्देश्यों की पूर्ति के लिए प्रागैतिहासिक मानव समाज ने पत्थर स्मारकों की रचना की।

### विक्षिप्त बेटा संदेह के घेरे में

# पंडरीपानी की महिला की संदिग्ध मौत,पति बेटा लापता



**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा** बोलबा थाना क्षेत्र के पंडरी पानी गाँव में एक महिला की संदिग्ध मौत हो गई। महिला की पहचान सिसीलिया केरकेट्टा पति याकूब केरकेट्टा के रूप में हुई। ग्रामीणों द्वारा मौत की सूचना बोलबा थाना को दिया गया तत्पश्चात पुलिस द्वारा शव को अपने कब्जे में करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।प्राप्त जानकारी के अनुसार इसका एक विकलांग बेटा है जो चलने फिरने एवं बोलने में असमर्थ है सोमवार को दिन भर घर के बाहर ही रहा और शाम हो जाने पर भी उसके घर वाले कोई नहीं दिखे तो उसकी बड़ी मां बच्चा के लिए पानी और खाना लेकर आई एवं बच्चा को खिलाई इसके बाद सोने के लिए घर के अंदर ले गई ।उसके बाद उसे ढकने के लिए कंबल को खींच रही थी तो उसमें सिसिलिया केरकेट्टा लपटी नजर आई उसके बाद उसने गांव वालों को बुलाकर बताई।गांव वालों ने बताया कि सोमवार से ही उसका मानसिक रूप से एक विक्षिप्त बेटा एवं पति नहीं है और काफी खोजबीन के बाद भी पता नहीं चल पा रहा है।ग्रामीणों ने बताया कि मानसिक रूप से विक्षिप्त बेटा द्वारा अपने मां पिताजी को अक्सर मारपीट करते रहता था जिससे संदेह लग रहा है कि मारपीट के क्रम में उसके मृत्यु हो गई होगी। इसके बाद से ही पिताजी और बेटा दोनों घर से गायब हैं। इस संबंध में थाना प्रभारी अरुनिश रोशन ने कहा की पुलिस सभी दृष्टिकोण से जांच कर रही है की उसकी मृत्यु कैसे हुई है प्रथम दृष्टि में मृतक के शरीर में किसी तरह की धारदार हथियार का प्रयोग नहीं किया गया है तथा लाठी डंडे की भी चोट की निशान नहीं दिख रही है ।पोस्टमार्टम के बाद स्पष्ट हो पाएगा की मृत्यु कैसी हुई है।

### चेचिस ट्रक चालक ने पंचायत भवन के दीवार को मारी टक्कर, चालक घायल



**कुरडेग।** कुरडेग थाना क्षेत्र के हेठमा पंचायत भवन के पास चेचिस ट्रक चालक के द्वारा देर रात और नियंत्रित होकर पंचायत भवन के दीवाल को टक्कर मारते हुए घायल हो गया। आवाज सुनकर स्थानीय लोगों के द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी जिसके बाद मौके पर पुलिस ने एंबुलेंस बुलाकर घायल चालक को इलाज के लिए कुरडेग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। मिली जानकारी के अनुसार महाराष्ट्र के पुणे से चलकर टाटा जा रही चेचिस ट्रक तीव्र गति में था और अचानक चालक को झपकी आ गया और वह पंचायत भवन के दीवाल को टक्कर मार दी ।टक्कर लगने की वजह से पंचायत भवन का दिवाल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और चालक घायल हो गया इधर चालक की इलाज चल रही है।

# माता वैष्णो देवी मंदिर का 33वां वार्षिकोत्सव भंडारा के साथ संपन्न



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** शहर के झंडा चौक स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर में माता की प्रतिमा की स्थापना का 33वां वार्षिकोत्सव मंगलवार को माता के भंडारा के साथ संपन्न हुआ। माता का वार्षिकोत्सव बीते 14 फरवरी को कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ था। सात दिनों तक चले इस धार्मिक अनुष्ठान के मुख्य यजमान मनीष मारवाह व उनकी पत्नी नमिता मारवाह थी। सभी धार्मिक अनुष्ठान पंडित गोविंद बल्लभ शर्मा व उनके सहयोगी पंडित लीलाधर शर्मा, किशोर शर्मा, मुरारी मोहन शर्मा, राजेश पांडेय, उपेंद्र पांडेय, सत्येंद्र द्विवेदी, अंकित पाठक ने करवाया। मंगलवार को हवन, कंजक पूजन व अन्य धार्मिक अनुष्ठान के बाद माता का अटूट भंडारा किया गया। जिसमें पूरे रामगढ़ जिले के लगभग 20 हजार लोगों ने माता के भंडारे का प्रसाद बैठकर ग्रहण किया। इससे पूर्व सोमवार की रात माता वैष्णो देवी मंदिर में चल रहे धार्मिक अनुष्ठानों के क्रम में माता की प्रतिमा का दुग्धाभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं व मंदिर ट्रस्ट द्वारा उपलब्ध कराए गए 2 क्विंटल दूध से मुख्य यजमान मनीष मारवाह व उनकी पत्नी नमिता मारवाह ने माता की प्रतिमा का दुग्धाभिषेक कराया। इसके बाद माता का श्रृंगार किया गया। माता के दुग्धाभिषेक को देखने के लिए भारी संख्या में श्रद्धालु मंदिर में देर रात तक मौजूद थे।

## न्यूज बॉक्स

### वन विभाग ने सेमर पटरा सहित ऑटो किया जब्त



**सिमडेगा।** वन विभाग सिमडेगा द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को कार्रवाई करते हुए सेमर पटरा लदा हुआ ऑटो को जप्त किया। वहीं मौके पर चालक निजाबुल अंसारी उर्फ डब्लू फरार हो गया। जानकारी देते हुए वन क्षेत्र पदाधिकारी शंभू शरण चौधरी के द्वारा बताया गया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि गरजा की ओर से सेमर पटरा लेकर टेंपो में निजाबुल अंसारी शहर की ओर आ रहा था। इसी सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई ।जहां पर हिल व्यू स्कूल के पास 90 सेमर पटरा के साथ टेंपो वाहन को जप्त किया ।वहीं बताया गया कि इस मामले में निजाबुल अंसारी के विरोध मामला दर्ज किया गया है ।वन क्षेत्र पदाधिकारी ने बताया कि पटरा अनुमानित कीमत कारी 15000 है। उन्होंने बताया इस मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### सिमडेगा सदर थाना परिसर में थाना दिवस का किया गया आयोजन



**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना परिसर में मंगलवार को थाना दिवस का आयोजन किया गया । मौके पर अंचल अधिकारी इम्तियाज अहमद की मौजूदगी में विभिन्न प्रकार के छोटे बड़े मामलों का सुनवाई करते हुए आपसी समझौते के आधार पर निपटारा करने की कोशिश की गई। इधर इस मौके पर भूमि विवाद सहित छोटे प्रकार के मामले रखे गए। इस मौके पर कई लोगों के मामलों में दोनों पक्षों की उपस्थिति नहीं होने की वजह से मामले को अगले थाना दिवस तक के लिए टाल दिया गया। इसके अलावा सिमडेगा बेसिक स्कूल के पास भूमि विवाद से संबंधित परिवार के मामले को भी समझौता करते हुए वहां पर रास्ता से संबंधित विवाद को सुलह करने का प्रयास किया गया ।जहां पर दोनों पक्षों की सुनवाई की गई हालांकि अंतिम समय तक बात नहीं बनी और उन्होंने अगले तिथि को आने को लेकर कहा गया मौके पर मुफस्सिल थाना प्रभारी शैलेंद्र पासवान, सिमडेगा थाना सब इंस्पेक्टर सुधीर बड़ा अंचल कार्यालय के अंचल निरीक्षक सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### स्वस्थ उप केन्द्र भवन निर्माण में अनियमितता को लेकर विधायक प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण



**ठेठईटांगर।** प्रखंड में चल रहे राजाबासा सेमरकूदार एवं रायबहार स्वस्थ उप केन्द्र भवन का विकास कार्यों में विभाग और संवेदक का द्वारा सरकारी पैसों का बंदरबाट किया जा रहा है । मामले की जानकारी मिलने के बाद विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू के द्वारा पहुंचकर उन्होंने निरीक्षण किया।विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू ने कहा कि आम जानता के हित के लिए बन रहा स्वस्थ उप केन्द्र में घोर अनियमितता बरती जा रही है। अगर इस तरह का कार्य होगा तो यह नया भवन महज दो या तीन सालों में जर्जर होकर टूटने लगेगा। इसमें घटिया प्रकार के सामग्री का प्रयोग किया गया है जिसका सबूत मेरे पास है। अगर विभाग इस पर जल्द से जल्द करवाई नही करता है तो विभाग के खिलाफ धरना दिया जाएगा साथ ही साथ इसकी जानकारी चीफ सेक्रेटरी तक पहुंचाई जाएगी और इसका उच्चस्तरीय जांच कराया जाएगा। गौरतलब हो विशेष प्रमंडल की ओर से यह निर्माण कार्य किया जा रहा है।

### जिला खनन पदाधिकारी महेंद्र प्रसाद ने संभाला कार्यभार



**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला के 10वें जिला खनन पदाधिकारी के रूप में मंगलवार को महेंद्र प्रसाद ने पदभार ग्रहण किया इस दौरान ने वर्तमान जिला खनन पदाधिकारी अजीत कुमार के द्वारा उन्हें पदभार सौपा। मौके पर उन्होंने पदभार ग्रहण करने के साथ ही कहा कि जिले में खनन के क्षेत्र में सरकार के राजस्व बढ़ाने की दिशा में ठोस कदम उठाया जाएगा इसके अलावा जिले में अवैध खनन को रोकने के लिए पूरी तरह से कार्य किए जाएंगे उन्होंने कहा के जिले के सभी क्षेत्रों में अवैध खनन को पूरी तरह से रोका जाएगा साथ ही उन्होंने कहा कि जिले में कहीं पर भी अवैध खनन करते हुए पाया जाएगा तो उनके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### मुख्यमंत्री वृद्धा पेंशन योजना के तहत शिविर आयोजित, 700 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए



**बरही ।** मुख्यमंत्री राज्य वृद्धा पेंशन को लेकर प्रखंड में मंगलवार से दो दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन हुआ. शिविर के पहले दिन कोनरा, रसोईया धमना, गौरियाकरमा, करसो, डपोक और कोल्हुआकला सहित कुल छः पंचायतों में शिविर का आयोजन किया गया. सभी छः पंचायतों से लगभग 700 आवेदन प्राप्त होने की सूचना मिली है. संबंधित पंचायत के मुखिया से मिली जानकारी के अनुसार वृद्धा पेंशन को लेकर पंचायत में ज्यादा भीड़ देखी गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार कोनरा पंचायत में 91, करसो में 92, रसोईया धमना में लगभग 117, कोल्हुआ कला में 200, गौरिया करमा पंचायत में 136 आवेदन प्राप्त हुए. करसो पंचायत से 2 विधवा पेंशन हेतु आवेदन प्राप्ति की जानकारी मिली है. गौरतलब हॉकी विशेष अभियान के तहत 22 फरवरी तक प्रत्येक प्रखंड में वृद्धा पेंशन सहित निराश्रित महिला सम्मान, स्वामी विवेकानंद निःसक्त और एचआईवी/एड्स पीड़ित के लिए आवेदन स्वीकार किए जायेंगे. राज्य सरकार ने वृद्धा पेंशन के लिए उम्र में संशोधन करते हुए न्यूनतम 50 वर्ष तय किया है. इस शिविर में वृद्धा पेंशन के लिए एससी/एसटी या ओबीसी वर्ग की महिलाओ से ही आवेदन लिया जाना है.

## एक नजर

### राधा गोविंद विवि में 24 व 25 फरवरी को सेमिनार का आयोजन

**रामगढ़।** शिक्षा विभाग राधा गोविंद विश्व विद्यालय द्वारा 24 एवं 25 फरवरी 2024 को राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। संगोष्ठी का विषय है राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 : संभावनाएं एवं चुनौतियां। इस संगोष्ठी में देश के विभिन्न राज्यों से प्रख्यात वक्ता एवं मुख्य वक्ता इस विषय पर अपने- अपने विचार प्रस्तुत करेंगे। संगोष्ठी में विद्वतजन , शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएं शामिल होंगे, जिनके द्वारा उपरोक्त विषय पर शोध पत्र प्रस्तुत किया जाएगा। इस संगोष्ठी के लिए रजिस्ट्रेशन ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों रखा गया है वैसे अभ्यर्थी जो रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाए है वो संगोष्ठी स्थल पर भी रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

### भुरकुंडा में ट्रेकर-ऑटो मेंस यूनियन का गठन

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा पूरनराम चौक में स्टैंड संचालकों की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता चमनलाल ने व संचालन इमित्याज अहमद ने की। इसमें ट्रेकर व ऑटो स्टैंड की सुविधाओं पर चर्चा हुई। तत्पश्चात व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से ट्रेकर-ऑटो मेंस यूनियन का गठन हुआ। नवगठित कमेटी में सर्वसम्मति से मुख्य संरक्षक धर्मनाथ राम, अध्यक्ष चमनलाल, उपाध्यक्ष प्रेमनाथ विश्वकर्मा, लखन राम, संजय राम, सचिव सुरेंद्र राम, सह सचिव इम्तियाज अहमद, कुमारकांत करमाली, लक्खी राणा, कोषाध्यक्ष उत्तम ठाकुर और सलाहकार शेखर वर्मा को बनाया गया।

### पंचतत्व में विलीन हुए सेवानिवृत्त सैनिक



**हजारीबाग।** पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन के सदस्य ऊरुका, इचाक, हजारीबाग निवासी अखिलेश कुमार सिंह 21 बिहार रेजीमेंट से 2015 में सेवानिवृत हुए थे। कल दिनांक 19 फरवरी को सुबह अचानक उनकी तबीयत बिगड़ी, परिजनों ने मेडिका हॉस्पिटल रांची में एडमिट करवाया, डॉक्टरों की टीम ने जांचोपरांत ब्रेन हेमरेज बताया और आज सुबह लगभग 8:00 बजे उन्होंने हॉस्पिटल में आखिरी सांस लिए। उनके जाने से परिवार एवम गांव में मातम पसरा है। वे अपने पीछे तीन बेटियां और एक बेटा को छोड़ गए हैं। इस दुख की घड़ी में पूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट एसोसिएशन के सदस्यों ने घर जाकर परिवार जनों को ढांढस बढ़ाया और भविष्य में भी हमेशा साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। इस दुख की घड़ी में शामिल होने वाले प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा, मीडिया प्रभारी मनोरंजन कुमार, हजारीबाग जिला अध्यक्ष शंकर सिंह, उपाध्यक्ष रितेश सिंह, वरिष्ठ सलाहकार है।

पेज पांच की खबरें छह पर

# झामुमो बरकट्ठा की ओर से गोरहर पंचायत में निकाली गयी न्याय पदयात्रा




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड के गोरहर पंचायत में पूर्व जिला उपाध्यक्ष मो0 यासीन खान,बरकट्ठा प्रखंड अध्यक्ष मो0 कुदूश अंसारी एवं गोरहर पंचायत अध्यक्ष रामसहाय मांझी के नेतृत्व में न्याय पद यात्रा मंगलवार को निकाला गया ।इस दौरान झामुमो के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को केंद्र सरकार के षड्यंत्र के तहत जेल भेजे जाने का विरोध किया गया। वहीं पूर्व जिला उपाध्यक्ष यासीन खान ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के कल्याणकारी योजनाओं से भय हो गया था। कहा कि हेमंत सोरेन अपने कार्यों से जनता के दिल में बसने लगे हैं ,इसलिए घबराकर केन्द्र की बीजेपी सरकार ने षड्यंत्र द्वारा हेमंत सोरेन को परेशान करने का मन बनाया,जो निम्न स्तर की राजनीति का परिचायक है। वहीं प्रखंड अध्यक्ष कुदूश अंसारी ने कहा झामुमो संघर्ष से कभी नहीं घबराता है। हेमंत सोरेन पहले से भी ज्यादा ताकतवर बनकर जनता के बीच आएंगे और आगामी चुनाव में पुनः बीजेपी की हार निश्चित करेंगे ।पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि झामुमो गुरु जी की पार्टी है डरने वाली नहीं है । पदयात्रा में पुरे पंचायत का भ्रमण किया गया। इस दौरान कार्यकर्ता भैरव मांझी,बीस सूत्री सदस्य राधा देवी, भीखनी देवी, बालेश्वरी देवी, मुनिया देवी ,देवली मसोमात, सरिता देवी, क्रांति देवी, जितली देवी, पूनम देवी, तालो मरांडी, शिबू टुडू, किशुन मांझी ,सहदेव मरांडी समेत दर्जनों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## राधा गोविंद विवि में छत्रपति शिवाजी की जयंती मनाई गई



**रामगढ़।** राधा गोविंद विश्वविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा छत्रपति शिवाजी महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में स्नातक एवं स्नाकोत्तर के विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। साथ ही विभिन्न प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 45 छात्र- छात्राओं ने भाग लिया तथा इसमें विजेता छात्राओं को सम्मानित किया गया। छत्रपति शिवाजी महाराज के जयंती पर विषय वस्तु का परिचय कराते हुए विभागाध्यक्ष डॉ. पूनम कुमारी ने उनके वीरगाथा की जानकारी छात्रों को दी और कहा की शिवाजी एक बहादुर शासक होने के साथ साथ एक दयालु व्यक्ति भी थे। विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी. एन .साह ने कहा कि शिवाजी महाराज का जीवन अनुशासन पूर्ण था। हमें उनके आदर्शों का अनुसरण करना चाहिए। कुलसचिव डॉ. निर्मल कुमार मंडल ने कहा कि शिवाजी के विचार हमें सफल होने और लक्ष्य की प्राप्ति की प्रेरणा देते हैं। विभाग के व्याख्याता डॉ.ममता कुमारी ने धन्यवाद ज्ञापन करते हुए कहा कि हमें शिवाजी के उन महत्वपूर्ण बातों को याद रखना चाहिए क्योंकि हमारे आने वाली पीढ़ी उसी का अनुसरण करती है। इस अवसर पर राधा गोविंद शिक्षा स्वास्थ्य ट्रस्ट के सचिव प्रियंका कुमारी, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्याता गण एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### रामगढ़ इंटर महिला कॉलेज विवादों का बना केंद्र

**रामगढ़।** रामगढ़ इंटर महिला कॉलेज आए दिन विवादों को लेकर चर्चा में रहती है। चाहे अवकाश प्राप्त वाणिज्य विभाग के व्याख्याता नौशाद अहमद का विवाद हो या शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को विगत दो-तीन महीने से मासिक वेतन का भुगतान नहीं होने का अंदरूनी मामला हो। नौशाद अहमद मामले की जांच जिला शिक्षा पदाधिकारी रामगढ़ की ओर से गठित टीम के माध्यम से संपन्न हुई। जांचोपरांत संबंधित विभाग के अधिकारी को विधि सम्मत कार्रवाई करने की भवदीय स्तर पर अनुशंसा की गई थी, किन्तु अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इस बावत कॉलेज के कुछ शिक्षकों ने जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत शासी निकाय के सम्मानित सदस्यों से मिलकर कॉलेज की दयनीय आर्थिक स्थिति, मनमानी रवैया से चरमराई व्यवस्था और वेतन भुगतान से जुड़े समस्याओं की लिखित आवेदन पत्र दिया। पत्र के आलोक में पुनः दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने की अनुशंसा जिला शिक्षा पदाधिकारी ने जैक से की है।

### गोला में अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार युवक की मौत

**गोला।** गोला मुरी मुख्य मार्ग पर हारूबेरा रेलवे स्टेशन के पास तीखे मोड़ पर रविवार की देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक बाइक सवार युवक की मौत हो गई। रामगढ़ के कोठार निवासी पिंटू कुमार 25 वर्ष पिता गेंदालाल महतो गोला थाना क्षेत्र के सोसोकलां गांव में अपनी मौसी के श्राद्धकर्म में शामिल होकर बरलंगा थाना क्षेत्र के सोकला गांव अपना ससुराल जा रहा था। ससुराल लौटते समय हारूबेरा रेलवे स्टेशन की तीखे मोड़ के समीप पहुंचे ही थे कि एक अज्ञात वाहन ने बाइक को धक्का मार कर फरार हो गया। जबकि पिंटू बाइक से गिरकर लहुलुहान हो गया। घटना स्थल आबादी से दूर होने के कारण इसकी जानकारी किसी को नहीं हो सकी। काफी देर के बाद उसे होश आया तो उसने मोबाइल से घटना की जानकारी ससुराल वालों को दी। सूचना पर पहुंचे ससुराल वाले उसे उठाकर घर ले गए।

### 501 महिला व युवतियों ने उठाया कलश

## मां भगवती देवी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई कलश यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम कोनहराखुर्द में मां भगवती देवी प्राण प्रतिष्ठा सह देवी भागवत कथा यज्ञ को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जलयात्रा में मुख्य रूप से बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, मुखिया मुन्नी देवी, सुमन कुमार शामिल हुए।इस दौरान गांव की 501 महिला एवं युवतियो ने माथे पर कलश उठाकर पूरे क्षेत्र का भ्रमण किया। इसके पश्चात उत्तर वाहिनी नदी से जल भरकर पुनः मंदिर परिसर स्थित यज्ञ स्थल पर आकर स्थापित किया। विधायक अमित यादव ने कहा की आज काफी पावन अवसर है जब मां भगवती देवी की प्राण प्रतिष्ठा किया जा रहा है। कहा की यज्ञ के आयोजन से लोगों में भक्तिभाव जागृत होती है साथ ही इलाके का वातावरण भी शुद्ध होता है। पांच दिवसीय यज्ञ 20 से शुरू होकर 24 फरवरी तक चलेगा। यज्ञाचार्य जय प्रकाश पांडेय, यज्ञाधिश धनेश्वर पांडेय, प्रर्वचन कर्ता अयोध्या धाम से पधारे रामानन्द शास्त्री एवं जानकी शास्त्री के द्वारा संपन्न कराया जायेगा।

## डीएमएफटी योजनाओं की उपायुक्त ने की बैठक

# 60 दिनों के अंदर कार्य पूर्ण करने का निर्देश



### सीसीटीवी कैमरों की मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल रूम स्थापित करने को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिया

**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़** डीएमएफटी के तहत जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं चल रहे अन्य विकास कार्यों को लेकर मंगलवार को उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान उपायुक्त ने स्वास्थ्य समृद्धि वाहन परियोजना के तहत हो रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए जिले में एक अतिरिक्त स्वास्थ्य समृद्धि वाहन संचालित करने के तहत अब तक हुए कार्यों की समीक्षा के क्रम में एक सप्ताह के अंदर संबंधित एजेंसी के साथ समन्वय करते हुए वाहन का संचालन शुरू करने का निर्देश दिया। जिला समाहरणालय के विभिन्न कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने को लेकर चर्चा के क्रम में उपायुक्त ने सीसीटीवी कैमरों की मॉनिटरिंग के लिए कंट्रोल रूम स्थापित करने को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिया। सदर अस्पताल रामगढ़ में डीएमएफटी के माध्यम से मॉड्यूलर ओटी स्थापित करने को लेकर हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने 60 दिनों के अंदर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। वहीं उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न प्रखंडों में संचालित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में उपलब्ध दवाइयों से संबंधित विवरणी दवा वितरण कक्ष के बाहर प्रकाशित करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही उपायुक्त ने सदर अस्पताल सहित अन्य सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में 1 लाख रुपए की लागत के ऊपर के स्वास्थ्य उपकरणों के इस्तेमाल से संबंधित लॉग बुक व पंजी संधारित करने का निर्देश दिया। डीएमएफटी के माध्यम से जल जीवन मिशन अंतर्गत निमार्णाधीन विभिन्न मल्टी विलेज जलापूर्ति योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने उरलुंग जलापूर्ति योजना के ढाई वर्षों से लंबित रहने को लेकर संवेदक से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया। डीएमएफटी के तहत संचालित गोट बैंक परियोजना के तहत कार्यों पर असंतोष जाहिर करते हुए उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त को संवेदक के साथ बैठक करने एवं कार्य संतोषजनक नहीं पाए जाने पर संवेदक के विरुद्ध ब्लैक लिस्टिंग सहित अन्य कार्रवाई करने का निर्देश दिया। डीएमएफटी के माध्यम से ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा किए जाने वाले विभिन्न कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त में 27 फरवरी तक विभिन्न परियोजनाओं में टेंडर की प्रक्रिया पूर्ण करने को लेकर आवश्यक निर्देश दिया। मत्स्य पालन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बैठक के दौरान उपायुक्त ने डीएमएफटी टीम को जिला मत्स्य पदाधिकारी के साथ गोला प्रखंड अंतर्गत मगनपुर क्षेत्र का दौरा कर मत्स्य कोऑपरेटिव सोसाइटी स्थापित कर लोगों को लाभान्वित करने को लेकर आवश्यक कार्रवाई करने के संबंध में महत्वपूर्ण निर्देश दिया।


## सिमडेगा समाहरणालय, सिमडेगा (भू-अर्जन शाखा) प्रपत्र VI

झारखण्ड सरकार

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग (भू-अर्जन निदेशालय) या उपायुक्त या समुचित सरकार

### प्रारम्भिक अधिसूचना

(अधिनियम–30 / 2013 की धारा–11(1) के अधीन)

अधिसूचना सं0 .................................... दिनांक ....................................

चूँकि झारखण्ड सरकार / उपायुक्त सिमडेगा को यह प्रतीत होता है कि **ग्राम – कोबांग, थाना नं0–29, थाना – पाकरटांड़, अंचल – पाकरटांड़, जिला – सिमडेगा** में भूमि, सार्वजनिक प्रयोजनार्थ यथा **परियोजना – बीरु (एन0एच0 143 पर) तामड़ा सिकरियाटांड़ रामरेखा (कोचेडेगा–रामरेखाधाम पथ पर) चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण** हेतु अपेक्षित है। अतएव अधिसूचित किया जाता है कि **ग्राम – कोबांग, थाना नं0– 29, थाना – पाकरटांड़, अंचल – पाकरटांड़, जिला – सिमडेगा** में उपर्युक्त कथित योजना के लिए **कमोवेश 7.93 एकड़** यानि **3.20915 हेक्टेयर** मानक माप का रैयती भूखण्ड जिसका विस्तृत विवरण निम्नलिखित है, अर्जनाधीन है –

| क0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखण्ड सं0 | स्वमित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल एकड़ में | हितबद्ध व्यक्ति का नाम | सीमा भूखण्ड संख्या उ0 | सीमा भूखण्ड संख्या द0 | सीमा भूखण्ड संख्या पू0 | सीमा भूखण्ड संख्या प.0 | वृक्ष किस्म | वृक्ष संख्या | संरचनाएँ प्रकार | संरचनाएँ प्लिंथ एरिया Sft. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 1 | 16 | 2451 | रैयती | परती कदीम | 0.283 | सुदर्शन सिंह वल्द हरी सिंह | 2452 | सिमाना सिकरीयाटांड़ | अंश | 2453 | | | | |
| 2 | 16 | 2452 | रैयती | टांड़II | 0.065 | सुदर्शन सिंह वल्द हरी सिंह | अंश | रास्ता | 2453 | अंश | सखुआ–1 सागवान –1 | 2 | | |
| 3 | 255 | 2450 | गै0म0 | रास्ता | 0.290 | गैरमजरूआ आम | रास्ता | रास्ता | रास्ता | रास्ता | | | | |
| 4 | 219 | 2449 | रैयती | परती कदीम | 0.054 | मारकुस केरकेट्टा वल्द पतरस केरकेट्टा | रास्ता | अंश | अंश | 2444 | | | | |
| 5 | 219 | 2449 | रैयती | परती कदीम | | भुखन चीक वल्द रघुनाथ चीक वगैरह | रास्ता | अंश | अंश | 2444 | आम–1, महुआ–1, जामुन–1 | 3 | | |
| 6 | 229 | 2444 | रैयती | | 0.300 | किनु चीक वल्द बिरसु चीक वो भूखन चीक वल्द रघुनाथ चीक वो बिरसु चीक वलद मंगल चीक | 2450 | अंश | 2449 | 2439 | | | | |
| 7 | 9 | 2453 | रैयती | परती कदीम | 0.094 | फिरु अहिर वो बुधु अहिर पे0 बिसु अहिर | अंश | 2450 | 2451 | 2454 | सखुआ–1 | 1 | | |
| 8 | 5 | 2455 | रैयती | दोन एक | 0.047 | पोटला सिंह वो कतिका सिंह वो चैतु सिंह पे0 टिटकू सिंह | अंश | 2441 | 2450 | 2456 | | | | |
| 9 | 38 | 2436 | गै0म0 | जंगल झाड़ी | 0.063 | गैरमजरूआ मालिक | 2450 | अंश | 2444 | 2442 | | | | |
| 10 | 38 | 2440 | गै0म0 | जंगल झाड़ी | 0.004 | गैरमजरूआ मालिक | 2363 | अंश | 2363 | 2436 | आम–1 | 1 | | |
| 11 | 235 | 2441 | रैयती | | 0.042 | लंगड़ू जोहन खड़िया वल्द पिठयार खड़िया | 2363 | 2442 | 2455 | 2441 | | | | |
| 12 | 23 | 2442 | रैयती | | 0.007 | लंगड़ू जोहन खड़िया वल्द पिठयार खड़िया | 2441 | 2436 | 2436 | 2441 | | | | |
| 13 | 24 | 2454 | रैयती | परती कदीम | 0.01 | मंजनु रौतिया वल्द दुखिया रौतिया | अंश | 2450 | 2453 | अंश | | | | |
| 14 | 38 | 2456 | गै0म0 | जंगल झाड़ी | 0.085 | गैरमजरूआ मालिक | अंश | 2363 | 2455 | 2243 | | | | |
| 15 | 151 | 2439 | रैयती | परती कदीम | 0.081 | कलिन्द्र सिंह वो चैतु सिंह पे0 हुकुम सिंह | 2363 | अंश | 2440 | अंश | | | | |
| 16 | 16 | 2243 | रैयती | टांड़ तीन | 0.045 | बुटीआ सिंह वल्द बहादुर सिंह | अंश | 2363 | 2363 | 2246 | सागवान–1, महुआ–1 | 2 | | |
| 17 | 36 | 2246 | रैयती | परती कदीम | 0.071 | परसुराम सिंह पिता भानुप्रताप सिंह | अंश | 2363 | 2243 | 2247 | | | | |
| 18 | 255 | 2324 | गै0म0 | रास्ता | 0.01 | गै0म0 आम | रास्ता | रास्ता | रास्ता | रास्ता | | | | |
| 19 | 205 | 2361 | रैयती | | 0.011 | धमड़ू साहु वगैरह | अंश | 2360 | 2362 | 2360 | | | | |
| 20 | 255 | 2363 | गै0म0 | रास्ता | 0.888 | गैरमजरूआ आम रास्ता | रास्ता | रास्ता | रास्ता | रास्ता | जामुन–1 | 1 | | |
| 21 | 14 | 2247 | रैयती | टांड़ तीन | 0.217 | सामवेल वल्द सीमोन खड़िया वो हलेरिया वल्द लेपा खड़िया | अंश | 2363 | 2246 | 2274 | बकम पेड़–1 | 1 | | |
| 22 | 229 | 2274 | रैयती | | 0.196 | कीमु वल्द बिरसु चीक वो भूखन वल्द रघुनाथ चीक वो बिरसू चीक वल्द मंगल चीक | अंश | 2247 | अंश | 2380 | | | | |
| 23 | 219 | 2380 | रैयती | परती कदीम | 0.001 | रामेश्वर साहु पिता साधो साहु | 2363 | अंश | 2363 | 2379 | | | | |
| 24 | 254 | 2379 | गै0म0 | परती पत्थल | 0.015 | गैरमजरूआ मालिक | 2363 | अंश | 2363 | 2378 | | | | |
| 25 | 209 | 2378 | रैयती | टांड़ दो | 0.136 | फिलीप कुल्लु वल्द पतरस कुल्लु | 2363 | अंश | 2379 | 2377 | रोगर–1, केउन्द–1, सागवान–1, बकम–1 | 4 | | |
| 26 | 205 | 2362 | रैयती | दोन दो | 0.050 | घुमड़ू साहु वगैरह | अंश | 2363 | 2363 | 2360 | | | | |
| 27 | 250 | 2377 | रैयती | टांड़ दो | 0.045 | सोमरा खड़िया वल्द विरसा खड़िया | 2363 | अंश | 2378 | 2364 | | | | |
| 28 | 241 | 2357 | रैयती | टांड़ एक | 0.023 | रंजीत सिंह वल्द रघुवर सिंह वगैरह | अंश | 1333 | 2358 | 2326 | | | | |
| 29 | 241 | 2326 | रैयती | टांड़ एक | 0.043 | रंजीत सिंह वल्द रघुवर सिंह वगैरह | अंश | 1333 | 2357 | 2325 | आम–2 | 2 | | |
| 30 | 236 | 2325 | रैयती | टांड़ एक | 0.033 | एतो अहीर वो बीतो अहीर पेशरान मंगरा अहीर | अंश | 1333 | 2326 | 2324 | गम्हार–2, तेतर–1, मुनगा–4, बैर–1 | 8 | | |
| 31 | 255 | 1334 | गै0म0 | रास्ता | 0.404 | गै0म0आम | रास्ता | रास्ता | रास्ता | रास्ता | | | | |
| 32 | 215 | 1355 | रैयती | टांड़ एक | 0.009 | मो0 देवमती जौजे गैरन दास वो गुलाम दास वल्द गौतम दास | अंश | 1354 | 1334 | अंश | गम्हार–1 | 1 | | |
| 33 | 209 | 1354 | रैयती | टांड़ एक | 0.041 | मुदु अहिर वल्द करीया अहिर वगैरह | अंश | 1334 | 1334 | अंश | इमली–2, कटहल–1, आम–1, करंज–1 | 5 | गोशाला कच्चा, | |
| 34 | 219 | 1353 | रैयती | खलिहान | 0.017 | मुखन चीक वल्द रघुनाथ चीक वगैरह | 1334 | अंश | 1334 | 1351 | | | | |
| 35 | 209 | 1351 | रैयती | टांड़ दो | 0.237 | मुदु अहिर वल्द करीया अहिर वगैरह | 1334 | अंश | 1353 | 1347 | | | | |
| 36 | 209 | 1351 | रैयती | टांड़ दो | | जगमोहन गोप वल्द जयमंगल गोप | 1334 | अंश | 1353 | 1347 | गम्हार–1, बांस झुण्ड | 1 | | |
| 37 | 205 | 2360 | रैयती | दोन एक | 0.126 | धमड़ू साहु वगैरह | अंश | 2365 | 2362 | 2359 | | | | |
| 38 | 205 | 2364 | रैयती | दोन एक | 0.043 | धमड़ू साहु वगैरह | 2362 | अंश | 2363 | अंश | | | | |
| 39 | 219 | 2368 | रैयती | परती कदीम | 0.023 | मुखन चीक वगैरह | 2365 | अंश | 2364 | 2367 | सेमर–1, | 1 | | |
| 40 | 205 | 2359 | रैयती | दोन दो | 0.019 | धमड़ू साहु वगैरह | अंश | 2365 | 2360 | 2365 | | | | |
| 41 | 250 | 2358 | रैयती | टांड़ दो | 0.037 | सोमरा खड़िया वल्द विरसा खड़िया | अंश | 2365 | 2358 | 1333 | | | | |
| 42 | 255 | 2365 | गै0म0 | रास्ता | 0.222 | गैरमजरूआ आम रास्ता | रास्ता | रास्ता | रास्ता | रास्ता | | | | |
| 43 | 219 | 2367 | रैयती | टांड़ तीन | 0.003 | धनेश कुमार साहु वल्द कलिन्द्र साहु | 2365 | अंश | 2368 | 2366 | | | | |
| 44 | 254 | 2366 | गै0म0 | टांड़ दो | 0.065 | गैरमजरूआ मालिक | 2365 | अंश | 2365 | 1333 | | | | |
| 45 | 241 | 1333 | रैयती | टांड़ एक | 0.113 | रंजीत सिंह वल्द रघुवर सिंह वगैरह | 2325 | अंश | 2358 | 1334 | गम्हार–2, | | अमृत सिंह का कच्चा मकान, | |
| 46 | 209 | 1366 | रैयती | टांड़ एक | 0.002 | मुदु अहिर वल्द करीया अहिर वगैरह | अंश | 1334 | 1354 | 1367 | | | जगमोहन गोप का कच्चा मकान | |
| 47 | 209 | 1367 | रैयती | टांड़ एक | 0.004 | मुदु अहिर वल्द करीया अहिर वगैरह | अंश | 1334 | 1366 | 1368 | बांस झुन्ड | | झूलन गोप का कच्चा मकान | |
| 48 | 209 | 1368 | रैयती | टांड़ एक | 0.055 | मुदु अहिर वल्द करीया अहिर वगैरह | अंश | 1334 | 1367 | 1369 | कटहल–1 महुआ–1, डहु–1 | 3 | | |
| 49 | 213 | 1347 | रैयती | टांड़ दो | 0.042 | मारटीन खड़िया वगैरह | 1334 | अंश | 1351 | 1346 | | | | |
| 50 | 213 | 1346 | रैयती | टांड़ दो | 0.052 | मारटीन खड़िया वगैरह | 1334 | अंश | 1347 | 1342 | | | | |
| 51 | 209 | 1368 | रैयती | टांड़ एक | 0.055 | दिगम्बर साहु वो मनिजर साहू पे0 जगर साहू | अंश | 1334 | 1367 | 1369 | | | | |
| 52 | 234 | 1369 | रैयती | टांड़ दो | 0.018 | भुखराम वो देवनारायण सिंह पे0 रामसरण सिंह | अंश | 1334 | 1368 | अंश | | | सुअर सेड कच्चा | |
| 53 | 213 | 1342 | रैयती | टांड़ दो | 0.052 | मारटीन खड़िया वगैरह | 1334 | अंश | 1346 | 1344 | डहु–2, सेमर–1 | 3 | | |
| 54 | 213 | 1344 | रैयती | टांड़ दो | 0.206 | मारटीन खड़िया, जोसेफ कुल्लू, प्रदीप कुल्लू वगैरह | 1334 | अंश | 1342 | 1343 | सेमर –1 | 1 | | |
| 55 | 221 | 1070 | रैयती | टांड़ | 0.038 | बंधना खड़िया वगैरह | अंश | अंश | 1080 | 1069 | | | | |
| 56 | 229 | 1069 | रैयती | | 0.048 | कीनु चीक वगैरह | अंश | अंश | 1070 | 1067 | सेमर–1, बरगद–1, सागवान–1 | 3 | | |
| 57 | 221 | 1068 | रैयती | | 0.028 | बंधना खड़िया वगैरह | अंश | अंश | 1067 | 1065 | | | | |
| 58 | 229 | 1067 | रैयती | | 0.062 | कीनु चीक वगैरह | अंश | अंश | 1069 | 1068 | जामुन–1 | 1 | | |
| 59 | 243 | 962 | रैयती | दोन दो | 0.017 | जेम्स खड़िया वगैरह | अंश | 861 | 1064 | 979 | जामुन–2, पोकरी–1 | 3 | | |
| 60 | 243 | 961 | रैयती | टांड़ दो | 0.057 | जेम्स खड़िया वगैरह | 962 | अंश | 1064 | 960 | पलाश–1 | 1 | | |
| 61 | 243 | 1064 | रैयती | परती कदीम | 0.072 | जेम्स खड़िया वगैरह | अंश | अंश | 1065 | 861 | जामुन–1 | 1 | | |
| 62 | 244 | 960 | रैयती | दोन दो | 0.060 | लहरू खड़िया वगैरह | अंश | अंश | 961 | 967 | | | | |
| 63 | 243 | 1063 | रैयती | टांड़ तीन | 0.067 | जेम्स खड़िया वगैरह | अंश | 1064 | 1064 | 1064 | जामुन–1 | 1 | | |
| 64 | 243 | 967 | रैयती | परती कदीम | 0.02 | जेम्स खड़िया वगैरह | 979 | 960 | 960 | 967 | | | | |
| 65 | 243 | 966 | रैयती | दोन दो | 0.052 | जेम्स खड़िया वगैरह | 1084 | 979 | 965 | अंश | | | | |
| 66 | 255 | 979 | गै0म0 | रास्ता | 0.338 | गैरमजरूआ आम रास्ता | रास्ता | रास्ता | रास्ता | रास्ता | | | | |
| 67 | 243 | 978 | रैयती | दोन दो | 0.009 | जेम्स खड़िया वगैरह | 979 | अंश | 979 | 967 | | | | |
| 68 | 243 | 977 | रैयती | परती कदीम | 0.053 | जेम्स खड़िया वगैरह | 979 | अंश | 978 | अंश | | | | |
| 69 | 243 | 933 | रैयती | दोन एक | 0.151 | जेम्स खड़िया वगैरह | अंश | 935 | 931 | सीमांना पाकरटांड़ | | | | |
| 70 | 243 | 935 | रैयती | दोन एक | 0.042 | जेम्स खड़िया वगैरह | 933 | अंश | 931 | सीमांना पाकरटांड़ | जामुन–1 | 1 | | |
| 71 | 244 | 931 | रैयती | दोन तीन | 0.045 | लहरू खड़िया वगैरह | अंश | अंश | 935 | 999 | | | | |
| 72 | 254 | 999 | गै0म0 | परती कदीम | 0.037 | गैरमजरूआ मालिक | अंश | अंश | 974 | 931 | आम–1 जामुन–1 | 2 | | |
| 73 | 243 | 974 | रैयती | दोन दो | 0.035 | जेम्स खड़िया वगैरह | 979 | अंश | 975 | 999 | | | | |
| 74 | 243 | 998 | रैयती | दोन दो | 0.034 | जेम्स खड़िया वगैरह | अंश | 979 | 996 | 999 | | | | |
| 75 | 221 | 1370 | रैयती | | 0.06 | बंधना खड़िया वगैरह | अंश | 1334 | 1334 | अंश | महुआ–2 | 2 | | |
| 76 | 232 | 1417 | रैयती | टांड़ दो | 0.017 | परदेशिया चीक वगैरह | अंश | 1081 | 1343 | 1081 | सिरिस–1 | 1 | | |
| 77 | 234 | 1081 | रैयती | टांड़ तीन | 0.16 | रामकिसुन साव पिता गुलाबचन्द साव | अंश | 1082 | 1343 | 1080 | | | | |
| 78 | 234 | 1082 | रैयती | | 0.025 | रामकिसुन साव पिता गुलाबचन्द साव | 1081 | अंश | 1081 | 1081 | | | | |
| 79 | 254 | 1065 | गै0म0 | नदी | 0.54 | गैरमजरूआ मालिक | अंश | 1065 | 1068 | 1064 | | | | |
| 80 | 254 | 1061 | गै0म0 | परती कदीम | 0.001 | गैरमजरूआ मालिक | 1063 | 1064 | अंश | 1063 | | | | |
| 81 | 221 | 1080 | रैयती | | 0.100 | बंधना खड़िया वगैरह | अंश | अंश | 1081 | 1070 | | | | |
| 82 | 243 | 996 | रैयती | टांड़ दो | 0.065 | जेम्स खड़िया वगैरह | अंश | 979 | 995 | 998 | | | | |
| 83 | 243 | 995 | रैयती | टांड़ दो | 0.084 | जेम्स खड़िया वगैरह | अंश | 979 | 979 | 996 | | | | |
| 84 | 243 | 975 | रैयती | टांड़ तीन | 0.112 | जेम्स खड़िया, एडमोन किड़ो, कुलदीप किड़ो वगैरह | 979 | अंश | 979 | 974 | जमुन –1 कटहल–1 बरगद–1 | 3 | | |
| 85 | 243 | 985 | रैयती | टांड़ तीन | 0.061 | जेम्स खड़िया वगैरह | अंश | 979 | 984 | 965 | | | | |
| 86 | 244 | 965 | रैयती | दोन II | 0.012 | लहरू खड़िया पिता एतवा खड़ियावगैरह | अंश | 979 | अंश | 966 | | | | |
| 87 | 243 | 1040 | रैयती | परती कदीम | 0.031 | जेम्स खड़िया वगैरह | अंश | अंश | 966 | 980 | | | | |
| 88 | 243 | 980 | रैयती | टांड़ दो | 0.128 | जेम्स खड़िया वगैरह | अंश | अंश | 1040 | 979 | | | | |
| 89 | 213 | 1343 | रैयती | टांड़ दो | 0.103 | मारटीन खड़िया व0 | 1334 | अंश | 1344 | 1081 | छतियान –1 | 1 | | |
| 90 | 243 | 984 | रैयती | टांड़ दो | 0.112 | जेम्स खड़िया वगैरह | अंश | 979 | 980 | 985 | जामुन एक | 1 | | |
| कुल | | | | | 7.93 | | | | | | | | | |

यह अधिसूचना भू–अर्जन पुनर्वास और पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 अधिनियम संख्या – 30 / 2013 की धारा –11 (1) के उपबंधों के अधीन सभी व्यक्तियों के लिए जारी की जाती है।

भूमि की योजना का निरीक्षण **जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, सिमडेगा** के कार्यालय में किसी प्रकार कार्य दिवस को कार्यावधि में किया जा सकेगा। झारखण्ड सरकार / उपायुक्त सिमडेगा–सह–समुचित सरकार उक्त अधिनियम की धारा 12 में यथाउपबंधित एवं यथाविनिर्दिष्ट कार्यों के समुचित निष्पादन हेतु अपेक्षित किसी भूमि का सर्वेक्षण एवं उसकी प्रविष्टि करने किसी भूमि के किसी स्तर को मापने के लिए अवमूमि खोदने या भू–वेधन छिद्र करने सहित सभी अन्य कार्यों के संचालन करने हेतु जिला भू–अर्जन पदाधिकारी सिमडेगा और उनके कर्मचारी को प्राधिकृत करती है।

अधिनियम की धारा 11(4) के अधीन कोई व्यक्ति उपायुक्त सिमडेगा के पूर्विक अनुमोदन के बिना इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से प्रारम्भिक अधिसूचना में विनिर्दिष्ट भूमि का कोई अंतरण यथा क्रय / विक्रय नहीं करेगा या ऐसा कोई अंतरण नहीं करवाएगा या ऐसी भूमि पर कोई अवभार नहीं उत्पन्न करेगा। अधिनियम की धारा – 15 के अधीन यथाउपबंधित इस अधिसूचना के प्रकाशन की तिथि से साठ (60) दिनों के अंतर्गत भू–अर्जन की बाबत किसी प्रकार का आपतियाँ हितबद्ध व्यक्ति द्वारा **जिला भू–अर्जन पदाधिकारी सिमडेगा** के समक्ष दर्ज की जा सकेगी।

PR 319662 Land Reforms (23-24)_D

उपायुक्त, सिमडेगा

# किसान आंदोलन और राजनीति

न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी कानून की गारंटी के लिए आंदोलनरत किसानों से सरकार बातचीत के माध्यम से समस्या सुलझाना चाहती है लेकिन किसान नेताओं के तेवरों और मांगों की लंबी सूची के दृष्टिगत इस बात की संभावना न्यून है कि बातचीत से ये मसला निपटेगा। वास्तव में किसान नेता भी जानते हैं कि एमएसपी कानून की गारंटी देना इस सरकार तो क्या किसी भी सरकार के लिए आसान नहीं है। किसान जिस तरह ट्रैक्टर ट्रालियों में महीनों का राशन और दूसरा जरूरी सामान लेकर वो घरों से निकले हैं, उससे साफ है कि उनकी मंशा समझौते की नहीं, टकराव की है। वो चाहते हैं कि गलती से शासन प्रशासन के हाथों कोई ऐसा काम हो जाए, जिससे वो और उनका पूरा इको सिस्टम सरकार को किसान विरोधी साबित कर सके। ये सारी कवायद चुनाव से पहले माहौल खराब करने और सरकार की छवि को ठेस पहुंचाने की दिखाई देती है। लगता है किसान समस्या का हल नहीं चाहते ऐसा होता तो बातचीत में विश्वास करते। वो तो दिल्ली की तरफ हजारों की भीड़ लेकर ट्रैक्टर ट्रालियों, गाड़ियों और अन्य साधनों से दिल्ली की ओर ऐसे बढ़े मानो उन्हें किसी विदेशी सरकार से निर्णायक संघर्ष करना है। किसान नेता जब मीडिया या किसी सार्वजनिक मंच से बोलते हैं तो ऐसा व्यवहार करते हैं कि मानो केंद्र सरकार उनकी सबसे बड़ी दुश्मन है। मीडिया से बातचीत के समय किसान नेताओं और उनके समर्थकों की भाषा, बॉडी लैग्वेंज और भाषणों की टोन ऐसी होती हैं मानो किसी दुश्मन देश की सरकार को वो चेतावनी दे रहे हों। करोड़ों नागरिकों द्वारा निर्वाचित सरकार, जो बातचीत के लिए हमेशा तैयार है, उसके प्रति किसान नेताओं का अनादर का भाव कदम कदम पर दिखाई देता है।किसान नेता अपने आंदोलन को अराजनीतिक बताते हैं। लेकिन राजनीतिक संगठनों के साथ उनके रिश्ते जगजाहिर हैं। इसीलिए कहा जा रहा है कि किसान आंदोलन तो बहाना है- असली काम तो मोदी सरकार को हटाना है। लोगों में चर्चा इस बात को लेकर है कि आखिर बिना राजनीतिक दलों के समर्थन के इतना बड़ा आंदोलन इतनी जल्दी कैसे खड़ा हो सकता है। 2020 में तीन कृषि कानूनों को लेकर पंजाब के 34 किसान संगठन विरोध कर रहे थे, जबकि यह आंदोलन मात्र कुछ किसान संगठनों द्वारा ही किया जा रहा है। तो क्या यह सही है कि इस बार का आंदोलन किसी विशेष उद्देश्य से हो रहा है? भारतीय किसान यूनियन सिद्धूपुर के प्रधान जगजीत सिंह डल्लेवाल इस बार किसान आंदोलन के सबसे प्रमुख चेहरे हैं। जिस तरह पिछली बार गुरुनाम सिंह चढूनी और राकेश टिकैत थे इस बार डल्लेवाल हैं। उनके मुंह से किसान आंदोलन की सच्चाई निकल गई है। डल्लेवाल का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह कह रहे हैं कि राम मंदिर बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का ग्राफ बहुत बढ़ गया था, उसे नीचे लाना है। आंदोलन में शामिल पंजाब के किसान नेता तेजवीर सिंह का एक वीडियो बहुत तेजी से वायरल हो रहा है जिसमें वो किसान आंदोलन के जरिए देश की सरकार बदलने की बात कर रहे हैं। इतना ही नहीं वो किसान आंदोलन को विपक्ष की लड़ाई लड़ने वाला भी बता रहे हैं।

**किसान जिस तरह ट्रैक्टर ट्रालियों में महीनों का राशन और दूसरा जरूरी सामान लेकर वो घरों से निकले हैं, उससे साफ है कि उनकी मंशा समझौते की नहीं, टकराव की है। वो चाहते हैं कि गलती से शासन प्रशासन के हाथों कोई ऐसा काम हो जाए, जिससे वो और उनका पूरा इको सिस्टम सरकार को किसान विरोधी साबित कर सके। ये सारी कवायद चुनाव से पहले माहौल खराब करने और सरकार की छवि को ठेस पहुंचाने की दिखाई देती है। लगता है किसान समस्या का हल नहीं चाहते ऐसा होता तो बातचीत में विश्वास करते।**

इन दिनों

# अलौकिक आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण थे आचार्य विद्यासागर



नरेंद्र मोदी

जीवन में हम बहुत कम ऐसे लोगों से मिलते हैं, जिनके निकट जाते ही मन-मस्तिष्क एक सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। ऐसे व्यक्तियों का स्नेह, उनका आशीर्वाद, हमारी बहुत बड़ी पूंजी होता है। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज मेरे लिए ऐसे ही थे। उनके समीप अलौकिक आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता था। आचार्य विद्यासागर जी जैसे संतों को देखकर ये अनुभव होता था कैसे भारत में आध्यात्म किसी अमर और अजस्त्र जलधारा के समान अविरल प्रवाहित होकर समाज का मंगल करता रहता है। आज मुझे, उनसे हुई मुलाकातें, उनसे हुआ संवाद, सब बार-बार याद आ रहा है। पिछले साल नवंबर में छत्तीसगढ़ में डोंगरगढ़ के चंद्रगिरी जैन मंदिर में उनके दर्शन करने जाना मेरे लिए परम सौभाग्य की बात थी। तब मुझे जरा भी इस बात का अंदाजा नहीं था कि आचार्य जी से मेरी यह आखिरी मुलाकात होगी। वह पल मेरे लिए अविस्मरणीय बन गया है। इस दौरान उन्होंने काफी देर तक मुझसे बातें कीं। उन्होंने पितातुल्य भाव से मेरा ख्याल रखा और देश सेवा में किए जा रहे प्रयासों के लिए मुझे आशीर्वाद भी दिया। देश के विकास और विश्व मंच पर भारत को मिल रहे सम्मान पर उन्होंने प्रसन्नता भी व्यक्त की थी। अपने कार्यों की चर्चा करते हुए वह काफी उत्साहित थे। इस दौरान उनकी सौम्य दृष्टि और दिव्य मुस्कान प्रेरित करने वाली थी। उनका आशीर्वाद आनंद से भर देने वाला था, जो हमारे अंतर्मन के साथ-साथ पूरे वातावरण में उनकी दिव्य उपस्थिति का अहसास करा रहा था। उनका जाना उस अद्भुत मार्गदर्शक को खोने के समान है, जिन्होंने मेरा और अनगिनत लोगों का मार्ग निरंतर प्रशस्त किया है। भारतवर्ष की ये विशेषता रही है कि यहां की पावन धरती ने निरंतर ऐसी महान विभूतियों को जन्म दिया है, जिन्होंने लोगों को दिशा दिखाने के साथ-साथ समाज को भी बेहतर बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संतों और समाज सुधार की इसी महान परंपरा में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज जी का प्रमुख स्थान है। उन्होंने वर्तमान के साथ ही भविष्य के लिए भी एक नई राह दिखाई है। उनका संपूर्ण जीवन आध्यात्मिक प्रेरणा से भरा रहा। उनके जीवन का हर अध्याय, अद्भुत ज्ञान, असीम करुणा और मानवता के उत्थान के लिए अटूट प्रतिबद्धता से सुशोभित है। संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जी सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन और सम्यक चरित्र की त्रिवेणी थे। उनके व्यक्तित्व की सबसे विशेष बात ये थी कि उनका सम्यक दर्शन जितना आत्मबोध के लिए था, उतना ही सशक्त उनका लोक बोध भी था। उनका सम्यक ज्ञान जितना धर्म को लेकर था, उतना ही उनका चिंतन लोक विज्ञान के लिए भी रहता था। करुणा, सेवा और तपस्या से परिपूर्ण आचार्य जी का जीवन भगवान महावीर के आदर्शों का प्रतीक रहा, उनका जीवन, जैन धर्म की मूल भावना का सबसे बड़ा उदाहरण रहा। उन्होंने जीवन भर अपने काम और अपनी दीक्षा से इन सिद्धांतों का संरक्षण किया। हर व्यक्ति के लिए उनका प्रेम, ये बताता है कि जैन धर्म में 'जीवन' का महत्व क्या है। उन्होंने सत्यनिष्ठा के साथ अपनी पूरी आयु तक ये सीख दी कि विचारों, शब्दों और कर्मों की पवित्रता कितनी बड़ी होती है। उन्होंने हमेशा जीवन के सरल होने पर जोर दिया। आचार्य जी जैसे व्यक्तित्वों के कारण ही, आज पूरी दुनिया को जैन धर्म और भगवान महावीर के जीवन से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। वो जैन समुदाय के साथ ही अन्य विभिन्न समुदायों के भी बड़े प्रेरणास्त्रोत रहे। विभिन्न पंथों, परंपराओं और क्षेत्रों के लोगों को उनका सानिध्य मिला, विशेष रूप से युवाओं में आध्यात्मिक जागृति के लिए उन्होंने अथक प्रयास किया। शिक्षा का क्षेत्र उनके हृदय के बहुत करीब रहा है। बचपन में सामान्य विद्याधर से लेकर आचार्य विद्यासागर जी बनने तक की उनकी यात्रा ज्ञान प्राप्ति और उस ज्ञान से पूरे समाज को प्रकाशित करने की उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दिखाती है। उनका दृढ़ विश्वास था कि शिक्षा ही एक न्यायपूर्ण और प्रबुद्ध समाज का आधार है। उन्होंने लोगों को सशक्त बनाने और जीवन के लक्ष्यों को पाने के लिए ज्ञान को सर्वोपरि बताया। सच्चे ज्ञान के मार्ग के रूप में स्वाध्याय और आत्म-जागरूकता के महत्त्व पर उनका विशेष जोर था। इसके साथ ही उन्होंने अपने अनुयायियों से निरंतर सीखने और आध्यात्मिक विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का भी आग्रह किया था। संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज की इच्छा थी कि हमारे युवाओं को ऐसी शिक्षा मिले, जो हमारे सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित हो। वह अक्सर कहा करते थे कि चूंकि हम अपने अतीत के ज्ञान से दूर हो गये हैं, इसलिए वर्तमान में हम अनेक बड़ी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। अतीत के ज्ञान में वो आज की अनेक चुनौतियों का समाधान देखते थे। जैसे जल संकट को लेकर वो भारत के प्राचीन ज्ञान से अनेक समाधान सुझाते थे। उनका यह भी विश्वास था कि शिक्षा वही है, जो स्किल डवलपमेंट और इनोवेशन पर अपना ध्यान केंद्रित करे। आचार्य जी ने कैदियों की भलाई के लिए भी विभिन्न जेलों में काफी कार्य किया था। कितने ही कैदियों ने आचार्य जी के सहयोग से हथकरघा का प्रशिक्षण लिया। कैदियों में उनका इतना सम्मान था कि कई कैदी रिहाई के बाद अपने परिवार से भी पहले आचार्य विद्यासागर जी से मिलने जाते थे। संत शिरोमणि आचार्य जी को भारत देश की भाषायी विविधता पर बहुत गर्व था। इसलिए वह हमेशा युवाओं को स्थानीय भाषाएं सीखने के लिए प्रोत्साहित करते थे। उन्होंने स्वयं भी संस्कृत, प्राकृत और हिंदी में कई सारी रचनाएं की हैं। एक संत के रूप में वे शिखर तक पहुंचने के बाद भी जिस प्रकार जमीन से जुड़े रहे, ये उनकी महान रचना 'मूक माटी' में स्पष्ट रूप से दिखाई पड़ती है। इतना ही नहीं, वे अपने कार्यों से वंचितों की आवाज भी बने। संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जी के योगदान से स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भी बड़े परिवर्तन हुए हैं। उन्होंने उन क्षेत्रों में विशेष प्रयास किया, जहां उन्हें ज्यादा कमी दिखाई पड़ी। स्वास्थ्य को लेकर उनका दृष्टिकोण बहुत व्यापक था। उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य को आध्यात्मिक चेतना के साथ जोड़ने पर बल दिया, ताकि लोग शारीरिक और मानसिक रूप, दोनों से स्वस्थ रह सकें। मैं विशेष रूप से आने वाली पीढ़ियों से यह आग्रह करूंगा कि वे राष्ट्र निर्माण के प्रति संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज की प्रतिबद्धता के बारे में व्यापक अध्ययन करें। वे हमेशा लोगों से किसी भी पक्षपातपूर्ण विचार से ऊपर उठकर राष्ट्रीय हित पर ध्यान केंद्रित करने का आग्रह किया करते थे। वे मतदान के प्रबल समर्थकों में से एक थे और मानते थे कि यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया में भागीदारी की सबसे सशक्त अभिव्यक्ति है। उनका कहना था- 'लोकनीति लोभसंग्रह नहीं, बल्कि लोकसंग्रह है।', इसलिए नीतियों का निर्माण निजी स्वार्थ के लिए नहीं, बल्कि लोगों के कल्याण के लिए होना चाहिए। आचार्य जी का गहरा विश्वास था कि एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण उसके नागरिकों के कर्तव्य भाव के साथ ही अपने परिवार, अपने समाज और देश के प्रति गहरी प्रतिबद्धता की नींव पर होता है। आज जब हम विकसित भारत के निर्माण की दिशा में लगातार काम कर रहे हैं कर्तव्यों की भावना और ज्यादा महत्वपूर्ण हो जाती है। ऐसे कालखंड में जब दुनियाभर में पर्यावरण पर कई तरह के संकट मंडरा रहे हैं, तब संत शिरोमणि आचार्य जी का मार्गदर्शन हमारे बहुत काम आने वाला है। उन्होंने कृषि में आधुनिक टेक्नोलॉजी अपनाने पर भी बल दिया। मुझे विश्वास है कि वो नमो ड्रोन दीदी अभियान की सफलता से बहुत खुश होते। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज जी, देशवासियों के हृदय और मन-मस्तिष्क में सदैव जीवंत रहेंगे। (**लेखक भारत के प्रधानमंत्री हैं।**)



## आपकी बात

### पकड़ौआ शादी महत्वपूर्ण विषय



विजय केसरी
संपादक सह वरिष्ठ पत्रकार



हिंदी दैनिक 'राष्ट्रीय नवीन मेल' के कार्यकारी सुनील बादल द्वारा लिखित 'समय की मांग है पकड़ौआ शादी के मूल कारणों की समीक्षा की' शीर्षक से प्रकाशित आलेख पर बहुत ही महत्वपूर्ण विषय की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। पकड़ौआ विवाह एक सामाजिक कुरीति के रूप में हमारे सामने है। इस विवाह को संपन्न कराने में जिस तरह के अपराधिक कृत्य किए जाते हैं, यह कृत्य सामाजिक हो ही नहीं सकता है । ऐसे कृत्य सीधे तौर पर मौलिक अधिकारों के हनन के समान प्रतीत होता है। लड़का एवं उनके परिवार के इच्छा के विरुद्ध लड़का को बा जबरदस्ती अपहरण कर उसकी शादी किसी अनजान लड़की से करवा दिया जाना, किसी भी सूरत में उचित नहीं है। यह कृत्य सामाजिक मयार्दा के भी खिलाफ है। पकड़ौआ विवाह के एक दो दृष्टांत मुझे भी देखने को मिले हैं पर जो लड़की इसके घर की बहू बनी है, उसे वह सम्मान अब तक नहीं मिल पाया है, जो उसे मिलना चाहिए था । वह एक बहू के रूप में उस घर में जरूर रह रही है, लेकिन वह हर पल घुटन ही महसूस कर रही होती है । शादी के 18 - 20 वर्ष बीत जाने के बावजूद उस लड़की को जो सास - ससुर, पति और परिवार के अन्य सदस्यों का प्यार मिलना चाहिए नहीं मिल पा रहा है।सामाजिक डर के कारण लड़का और उसके परिवार वाले उस लड़की को बहू बनाकर रख जरूर रहें हैं, लेकिन न लड़का खुश है और न लड़की खुश है । इसके साथ ही न लड़के के परिवार वाले खुश हैं । अब सवाल यह उठता है कि जिनकी लड़की इस घर में बहू के रूप में रह रही है, क्या उनके परिवार वाले खुश हैं ? मेरी दृष्टि में लड़की के मां-बाप और उनके परिवार भी खुश नहीं होंगे।अब सवाल यह उठता है कि इस तरह की अपारंपरिक पकड़ौआ विवाह करके लड़की के माता-पिता ने धन तो जरूर कुछ बचा लिया है। लेकिन दूसरी ओर लड़का और लड़की दोनों के जीवन? एक नरक सा बना दिया है। यह किसी भी मायने में उचित नहीं है।एक उत्कृष्ट आलेख के लिए हृदय से आभार।

**- हजारीबाग**

सियासत

# श्रीराम मंदिर, मोदी का तपस्वी नेतृत्व और संसद में अमित शाह



संजय तिवारी

**देश** के गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह ने लोकसभा में इस दिन जो उद्गार व्यक्त किया वह देश के ससंदीय इतिहास का एक ऐसा पृष्ठ बन गया जिसे सदियों तक भुलाया नहीं जा सकता। भारतीय संसद में दिये गये विगत 76 वर्षों के कुछ ऐतिहासिक उद्बोधनों में से एक अमित शाह का यह उद्बोधन जिसने भी सुना होगा वह निश्चित रूप से भारत, भारतीयता, श्रीराम और भारतीय जीवन में रामतत्व की महत्ता से बहुत ही भावपूर्ण तरीके से परिचित हुआ होगा। इस संबोधन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि गृहमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के लगभग 500 वर्षों के संघर्ष को तो रेखांकित किया ही, भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के एक ऐसे स्वरूप से उन्होंने सभी को परिचित कराया जिसको जानना खासतौर पर नयी पीढ़ी के लिये अतिआवश्यक है। श्रीरामचरितमानस के रचयिता कविकुल शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्रीहनुमान चालीसा में एक चैपाई की एक अद्धार्ली में हनुमान जी के लिये लिखा है - सब पर राम तपस्वी राजा, तिनके काज सकल तुम साजा। लोकसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने श्रीअयोध्या जी में श्रीराम जन्मभूमि पर निर्मित श्रीराम मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव पर जो कुछ बोला वह भारतीय संसद के साथ-साथ भारत की लोक परम्परा के लिये भी धरोहर है। अपने संबोधन के आरंभ में ही गृहमंत्री ने स्पष्ट कर दिया कि भारत की स्वाधीनता के बाद राष्ट्र के जीवन में जो कुछ महत्वपूर्ण प्रस्ताव आए हैं उनमें से एक प्रस्ताव श्रीराम जन्मभूमि पर मन्दिर के निर्माण का है। गृहमंत्री ने अपने संबोधन के आरंभ में ही यह स्पष्ट कर दिया कि वह किसी प्रश्न का उत्तर नहीं दे जा रहे हैं बल्कि स्वयं के मन की, भारत की जनता की भावनाओं की और भारत से बाहर के सभी रामभक्तों की भावनाओं के प्रतिनिधि स्वरूप अपनी बात कर रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि भारत की 140 करोड़ जनता और विश्व में अलग-अलग देशों में रह रहे रामभक्तों का यह ऐसा स्वर है जो वर्षों से न्यायालयी प्रत्रावलियों में दबा हुआ था।

**आंदोलन के लगभग 500 वर्षों के संघर्ष को तो रेखांकित किया ही, भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के एक ऐसे स्वरूप से उन्होंने सभी को परिचित कराया जिसको जानना अतिआवश्यक है।**

## फेसबुक वॉल से

pawantoon
SOUND BY SABDAR · Tabla Trance




## X- से

Eminent Intellectual @total... · 18m
Experiments with truth #Sandeshkhali




9 69 249 2.3K

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# मेगा प्रोजेक्ट्स और स्थानीय हितों में टकराव



कुलभूषण उपमन्यु

**देश** में विकास के मेगा प्रोजेक्ट्स और स्थानीय हितों में टकराव के समाचार रोज कहीं न कहीं से आते ही रहते हैं। यह ठीक है कि कुछ नया बनेगा तो कुछ पुराने को हानि भी झेलनी पड़ेगी। किन्तु जीवन के लिए आवश्यक हवा पानी और भोजन जैसे संसाधनों पर जब चोट पड़ने लगती है तो मामला चिंतनीय हो जाता है और उस पर तार्किक रूप से विचार करना जरूरी हो जाता है। किन्तु खेद का विषय है कि आमतौर पर स्थानीय निवासियों के हितों पर परियोजना हितों को वरीयता दी जाति है। इस स्थिति में टकराव शुरू हो जाते हैं, जिनका समाधान यदि तर्क और स्थानीय हितों को ध्यान में रख कर न किया जाय तो मामले बिना वजह ही उलझ जाते हैं और बहुत बार अनावश्यक प्रतिष्ठा का प्रश्न बन जाते हैं। कई बार गलत या अधूरी सूचनाओं के कारण भी मामले उलझ जाते हैं। आजकल हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिला में इसी तरह का आन्दोलन अली खड्ड के पानी को ले कर चल रहा है। आंदोलनकारी तीन सप्ताह से बैठे हैं किन्तु किसी अर्थपूर्ण संवाद के अभाव में कोई हल निकल नहीं सका है। अनुभव यह बताता है कि शांतिपूर्ण आंदोलनों को जब समय पर सुना नहीं जाता है तो आन्दोलन उलझ जाते हैं और कई बार गलत हाथों में चले जाते हैं। इस लिए एक स्वस्थ प्रजातंत्र में लोगों के असहमति के अधिकार का सम्मान करते हुए आन्दोलन की बात को जल्दी सुना जाना चाहिए। किन्तु प्रशासन अपनी जिद पूरी करने के लिए मुद्दे की बात समझने के बजाय आन्दोलन को लंबा लटका कर लोगों को थका कर आन्दोलन को समाप्त करने की रणनीति अपनाने का प्रयास करता है। यह समस्या को बिना सुने समझे टाल देने का तरीका वाजिब नहीं है। यदि प्रशासन की बात सही है तो तर्क और पूरी सूचना देकर मामला सुलझाया जा सकता है। और यदि आन्दोलनकारियों की बात तथ्यात्मक है तो तथ्यों का ध्यान रखते हुए मामला हल किया जा सकता है। जीवनयापन के लिए अपरिहार्य रूप से आवश्यक संसाधनों की जब बात आती है तो स्थनीय निवासियों के अधिकारों को वरीयता दी जानी चाहिए, यही प्राकृतिक न्याय की मांग है।

**कई बार गलत या अधूरी सूचनाओं के कारण भी मामले उलझ जाते हैं। आजकल हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिला में इसी तरह का आन्दोलन अली खड्ड के पानी को ले कर चल रहा है।**

## बोधि वृक्ष

### लातेहार जिले का मां उग्रतारा मंदिर

**फूल चढ़ाकर मांगा जाता है आशीर्वाद :** जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से यहां माता के चरणों में ग्यारह फूल चढ़ाता है और यदि फूल माता के चरणों से गिर जाता है तो यह समझा जाता है कि श्रद्धालु की मनोकामना पूरी हो जायेगी। उन्होंने कहा कि माता की महिमा अपरंपार है। इसी कारण यहां दूर-दूर से साल भर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं परंतु नवरात्रि के समय तो यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ लगती है। प. बंगाल, बिहार समेत देश के कोने-कोने से आते हैं

**श्रद्धालुः** शाही परिवार के सदस्य गोकुल शाही ने बताया कि इस मंदिर में विराजमान माता की महिमा अपरंपार है। इसी कारण प. बंगाल, बिहार, ओडिशा समेत देश के कोने कोने से बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन करने आते हैं। उन्होंने कहा कि 16 दिनों की दुर्गा पूजा की परंपरा काफी पुरानी है। वहीं, उदयनाथ शाही ने बताया कि यहां आने वाले प्रत्येक भक्त पर माता की कृपा बरसती है।



400 साल से भी पुराना है इतिहास

**रानी अहिल्याबाई ने भी की थी मंदिर में पूजाः** पलामू गजट में इस मंदिर का उल्लेख है. मंदिर के पुजारी अच्युतानंद मिश्र ने बताया कि इतिहास में दर्ज है कि रानी अहिल्याबाई भी माता की महिमा सुनकर यहां पूजा करने आईं थीं।

**(क्रमशः)**

## टेक वर्ल्ड

### जीमेल के छिपे हुए फीचर्स से अपने काम को करें आसान

यह दृष्टिकोण सोरा को प्रतिस्पर्धियों से अलग करता है, जो लंबे, अधिक गतिशील वीडियो का निर्माण करता है जो पारंपरिक फिल्म निर्माण तकनीकों को टक्कर देता है।

**लॉन्चिंग में है समय**

वर्तमान में सोरा को आम जनता के लिए उपलब्ध नहीं करवाया गया है। सोरा आम यूजर्स के लिए उपलब्ध नहीं है। अब तक ये जानकरी सामने नहीं आई है कि इसे कब तक आमजनता के लिए उपलब्ध करवाया जायेगा। वर्तमान में सोरा रेड टीम के लिए उपलब्ध है। ये टीम मूल रूप से एआई सिस्टम के खामियों को खोजती और फीडबैक देती है। ये टूल बेहद खास है टेक्स्ट के जरिये ही सभी कैरेक्टर वाले वीडियो का निर्माण हो सकता है। इसमें कई स्पेशल इफेक्ट और मल्टीपल शॉट्स भी उपलब्ध है। इस टूल की मदद से फोटो को एनिमेशन में बदला जा सकता है। इसकी जानकारी कंपनी ने अपने ब्लॉग में उपलब्ध कराई है।




**(समाप्त) ट्रेन की कंफर्म टिकट पाने के लिए अपनाएं यह तरीका**

अगर आप भी यात्रा का प्लान कर रहें और आपको कंफर्म टिकट चाहिए तो इस तरह से बुक करें अपनी ट्रेन की टिकट, इस तरीके से आफ कंफर्म टिकट बुक कर सकते हैं। फेस्टिवल के दौरान ट्रेन में काफी भीड़ देखने को मिलती है। ट्रेन की कंफर्म टिकट कैसे बुक करें, हम इस आर्टिकल में टिप्स लेकर आये है। अक्सर कई बार हम सभी ट्रेन में सफर करते है लेकिन उसकी कंफर्म टिकट नहीं मिलती है। **(क्रमशः)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### घर के बाहर खड़े ट्रेक्टर की हुई चोरी, प्रशासन से लगाया गुहार



**गिरीडीह:** सरिया थाना क्षेत्र के चन्द्रमारनी निवासी सुखदेव प्रसाद के घर के सामने रखा महिंद्रा ट्रेक्टर को गत रात चोरी हो गई। महेंद्र ने बताया कि हर दिन की तरह ट्रेक्टर को अपने घर के समीप रखा था ज्योंहि सुबह बाहर निकला तो देखा ट्रेक्टर गायब हैं आस-पास के लोगों से बात किया पर ट्रेक्टर का कंही पता नही चला। इन्होंने कहा कि उस ट्रेक्टर में मेरा रोजगार चलता था उसके गुम होने से हमारी आर्थिक स्थिति खराब हो जाएगी। हमारा ट्रेक्टर मिले इसे लेकर सरिया थाना में आवेदन देकर प्रशासन से गुहार लगाया है कि उक्त ट्रेक्टर का खोजबीन करते हुए वापस कराने की कृपा करें। इधर सरिया प्रशासन जांच में जुट चुकी हैं।

### गांवा में सड़क हादसे में हुआ एक व्यक्ति घायल




**गिरिडीह:** मंगलवार को गावां थाना क्षेत्र के गदर पावर ग्रिड मोड़ के समीप एक मोटर साइकिल सवार युवक गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को गावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्थानीय ग्रामणों के सहयोग से युवक को इलाज के लिए गावां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती करवया गया। घायल युवक का पहचान पिहरा निवासी मो० टीपू सुल्तान पिता मो० दिलदार आलम के रूप में हुईं है। जानकारी के अनुसार युवक बाइक से बादीडीह किसी काम से आया था। वापस लौटकर घर जा था। तभी पावर ग्रिड मोड़ के समीप बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर गया। जिससे वह गंभीर रुप से जख्मी हो गया। घायल की स्थिति को देखते हुए गिरिडीह सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### कमरहातु में मागे पर्व पर डीजे बजाने व अश्लील नारे पर ग्रामसभा का प्रतिबंध

**चाईबासा।** सदर प्रखंड के मतकमहातु तथा कमरहातु में एक मार्च को संयुक्त रूप से माघे पर्व मनाया जायेगा। इसको लेकर मंगलवार को कमरहातु में ग्रामसभा की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता कमरहातु के ग्राम मुंडा बिरसा देवगम ने की। बैठक में माघे पर्व को भक्तिभाव तथा कायदे से मनाने के लिये ग्रामसभा द्वारा दिशा-निर्देश जारी किया गया। ताकि पर्व हर्षोल्लास के साथ सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न किया जा सके। दिशा-निर्देश के मुताबिक माघे पर्व के मौके पर गांव में अश्लील नारे लगाने पर प्रतिबंध रहेगा। साथ ही डीजे बजाने पर भी रोक रहेगी। पर्व को देखते हुए देशी शराब के सेवन पर भी सख्त प्रतिबंध रहेगा। ग्रामसभा ने ये भी फैसला सुनाया कि पर्व में अब रातभर नृत्य नहीं होगा।

# एक लाख से अधिक आबादी वाले स्वच्छ शहरों में तिरूपति को आठवां स्थान

**एजेंसी। नई दिल्ली**



आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले का सबसे बड़ा शहरी स्थानीय निकाय (यूएलबी) तिरुपति नगर निगम ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 रैंकिंग में 1 लाख से अधिक आबादी वाले सबसे स्वच्छ शहरों में 8 वां स्थान हासिल किया है। इसके साथ ही तिरूपति ने 5-स्टार कचरा मुक्त शहर और वाटर प्लस रेटिंग हासिल की है। आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है। तिरूपति नगर निगम टीम ने स्वच्छता सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए 1000 स्वच्छता कर्मचारियों को नियोजित किया है। 100 प्रतिशत डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण का लक्ष्य हासिल किया। तिरूपति में एकत्र किए गए सभी कचरे को संबंधित अपशिष्ट प्रसंस्करण और प्रबंधन सुविधाओं में वैज्ञानिक रूप से संसाधित किया। शहर में वास्तविक समय में घर-घर कचरा संग्रहण ट्रैकिंग के लिए आरएफआईडी तकनीक के साथ एक ऑनलाइन अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली लगाया गया है। तिरूपति में प्रतिदिन लगभग 60 टन सूखा कचरा और 1 टन घरेलू खतरनाक कचरा उत्पन्न होता है। कचरे को व्यवस्थित रूप से पुनर्चक्रण योग्य और गैर-पुनर्चक्रण योग्य वस्तुओं में अलग किया जाता है। रिसाइकिल योग्य सामग्री दोबारा रिसाइकिल करने के लिए संस्थाओं को बेची जाती है। तिरूपति प्रतिदिन 2 टीपीडी प्लास्टिक कचरा उत्पन्न करता है। तिरुपति ने एक अनोखे तरीके से प्लास्टिक कचरे को रि-साइक्लिंग के लिए एक वॉशिंग प्लांट और एक एग्लोमरेटर मशीन ने नगर निगम टीम को एक वर्ष के दौरान 263.29 टन प्लास्टिक दाने बेचने में सक्षम बनाया है। थुकिवकम में लगे बायो ग्रीन सिटी से 50 टीपीडी जैविक कचरे को बायो-मीथेन गैस में परिवर्तित करता है। उच्च फाइबर वाले जैविक कचरे का उपयोग कृषि के लिए गुणवत्तापूर्ण खाद बनाने के लिए किया जाता है, जबकि उत्पन्न 1728 घन मीटर बायो-गैस प्रतिदिन, खाना पकाने, ऊर्जा और वाहन ईंधन के लिए होटलों और उद्योगों को बेची जाती है। संयंत्र से प्रतिदिन 5 टन खाद भी प्राप्त होती है। तिरुपति में प्रतिदिन 20-25 टन निर्माण कार्य से जो मलबा निकतला है उसे प्रसंस्करण के बाद संसाधित सामग्री का उपयोग कर्ब स्टोन, टाइल्स, पेवर ब्लॉक इत्यादि के निर्माण के लिए कच्चे माल के रूप में किया जाता है। बाद में नगर निगम द्वारा फुटपाथ, सड़क के किनारे, पार्क आदि में विकासात्मक कार्यों के लिए उपयोग किया जाता है। तिरुपति में रामापुरम डंपसाइटको अब पूरी तरह से उपचारित कर लिया गया है। इसके साथ 5.65 एकड़ भूमि को पुनः प्राप्त कर लिया गया है। जो प्रभावी अपशिष्ट प्रबंधन, बढ़ी हुई नागरिक जागरूकता और समावेशी स्वच्छता की दृष्टि के प्रति तिरुपति की प्रतिबद्धता इसे स्वच्छता पहल में एक अग्रणी शहर के रूप में स्थापित करती है।

# अनिश्चितकालीन धरना में जमे रहे पीरटांड़ प्रखंड के पसंस

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



जिले के पीरटांड़ प्रखण्ड में भ्रष्टाचार समेत विभिन्न मांगों को लेकर प्रखण्ड के पंचायत समिति सदस्यों का अनिश्चि त कालीन धरना प्रदर्शन आज मंगलवार को भी लगातार जारी रहा। पूर्व घोषित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम के दूसरे दिन भाजपा के जिलाध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में नेताओं, समाजसेवी,जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी रही। यहां बता दें कि सोमवार की सुबह से जारी धरना रात्रि समय भी जारी रहा। पीरटांड़ प्रखण्ड के आंदोलनकारी पंचायत समिति सदस्य रात भर धरना स्थल पर जमे हुए रहे। वहीं मंगलवार को सभी पंचायत समिति सदस्यो का उत्साहवर्धन व समर्थन करने समाजसेवी मनोज साहू, भाजपा ज़िला अध्यक्ष श्री महादेव दूबे का आगमन पीरटांड़ प्रखंड कार्यालय के समक्ष धरना स्थल पर हुआ। बताया जाता है कि पीरटांड़ प्रखण्ड के इस मुद्दे पर विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा उक्त आंदोलन को बल मिलता दिख रहा है। मौके पर प्रखंड प्रमुख सविता टुडू, पंचायत समिति सदस्य केशव पाठक, नवीन सिंह, योगेंद्र तिवारी, बिनोद किस्कू, सुशील टुडू, पूनम देवी, कमली मुर्मू, अलका कुमारी, रिंकी देवी, अनिता किस्कू, संगीता देवी, जीवलाल पंडित, गुलाम कादिर, तुलशी मोहली आदि उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने जा रही महिलाएं हुई घायल, स्थिति गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह स्थित झंडा मैदान में सोमवार को सुबे के मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के कार्यक्रम में जेएसएलपीएस समूह के मधुबन से महिलाओं को कार्यक्रम मे ले जाने वाली ऑटो कथवारा के समीप अनियंत्रित होकर पलट गई। जिसमें बैठी महिलाओं को गंभीर चोटें आई। घायल महिलाओं को 108 एंबुलेंस के माध्यम से सभी घायलों को सदर अस्पताल गिरिडीह में उपचार कराया जा रहा है।

बताया जाता है कि ऑटो में कुल दस महिलाएं सवार थी जिसमें छः महिलाओं को गंभीर चोटें आई हैं। ज्ञात हो कि किसी भी कार्यक्रम में जेएसएलपीएस समूह के महिलाओं को भेड़ बकरी की तरह बोझ कर ले जाता रहा गया है। अगर किसी भी दृष्टिकोण से देखा जाए तो महिला कर्मचारियों सहित महिला समूह के दीदियों को किसी कार्यक्रम में शामिल होने के लिए इस प्रकार की परेशानी से रूबरू होना पड़ता है।

## बिरनी: सड़क दुर्घटना में युवक हुआ घायल

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**



**बिरनी:** बिरनी प्रखण्ड के बरहमसिया-जोरासाख मुख्य मार्ग दासोडीह के पास मंगलवार को तेज रफ्तार बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस घटना में चालक घायल हो गया । घायल युवक की पहचान हजारीबाग जिला अंतर्गत बरकट्ठा थाना के कटघरा निवासी 28 वर्षीय प्रदीप मल्हार पिता विजय मल्हार के रूप में हुई है ।स्थानीय लोगों ने 108 एम्बुलेंस से घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिरनी भेजवाया जिसका उपचार डॉ पीके अग्रवाल ने किया । जानकारी के अनुसार युवक जोरासाख की ओर से आ रहा था । राहगीरों ने बताया कि युवक तेज रफ्तार से आ रहा था तथा कान में हेडफोन लगाया हुआ था । हेलमेट नहीं पहना था तथा घुमावदार होने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हो गया ।वहीं युवक के बैग से बाइबल, सिंदूर व अन्य सामग्री पाया गया।जिससे तरह-तरह की चचाएं हो रही है । आशंका जताई जा रही है कि कहीं यह किन्ही का धर्मांतरण करवाने का काम करता है और वह उससे जुड़ा तो नहीं है। हालांकि पुलिस की जांच पड़ताल में ही सब कुछ साफ हो पाएगा। उपस्थित लोगों ने कहा इस तरह के पुस्तक व अन्य वस्तुएं के बारे में जानकारी प्राप्त कर ऐसे लोगों पर पुलिस को कड़ी कार्रवाई करना चाहिए ताकि किसी का धर्मांतरण न करा सके । हालांकि घटना की सूचना पुलिस व घायल युवक के परिजन को दे दी गई । खबर लिखे जाने तक परिजन नही पहुँचे थे । वहीं इस संबन्ध में थाना प्रभारी मृत्युंजय सिंह ने कहा बाइबल मिलने की सूचना प्राप्त हुई है यदि धर्मांतरण के लिए कोई शिकायत मिलेगी तो कार्रवाई की जाएगी ।

# ध्वजारोहण के साथ महायज्ञ का ढोल के साथ हुआ शंखनाद

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**





सरिया प्रखंड क्षेत्र के सिंगदहा में 11 मार्च से आयोजित श्री श्री 1008 श्री शिव एवं हनुमंत प्राणप्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर सोमवार को ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के पूर्व आचार्य सीताराम पांडेय द्वारा पूजा अर्चना के बाद पूरे गांव का भ्रमण किया गया इसके बाद यज्ञ स्थल पर ध्वजारोहण किया गया। भ्रमण के दौरान श्रद्धालु जय श्री राम, धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सद्भावना जगे, विश्व का कल्याण हो, जय माता दी सहित कई नारे लगा रहे थे। यज्ञ समिति के अध्यक्ष मनोज राम ने बताया कि यज्ञ का कार्यक्रम 11 मार्च से प्रारम्भ होगी जिसमे कलश यात्रा के साथ वेदी पूजन के साथ पाठ प्रारंभ होगा। वहीं 15 मार्च को विशाल भगवती जागरण कार्यक्रम रखी गई हैं। जून को जलाधिवास, 11 जून को रथ यात्रा एवं नगर भ्रमण का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यज्ञ के अंतिम दिन में, ब्राह्मण भोजन व कन्या भोजन के साथ सामूहिक प्रसाद का वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि यज्ञ के आचार्य क्षेत्र के विख्यात आचार्य पंडित हरेंद्र द्वेदी होंगे एवं प्रवचन कर्ता के रूप में सुविख्यात पर्वाचिका वाराणसी के सुश्री अंजनी सुप्रिया उपस्थित होंगे। यज्ञ को सफल बनाने में सचिव अशोक विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष विजय यादव,महेंद्र मिस्त्री,भोला मिस्त्री, प्रयाग राम, देवकी राणा, सुरेंद्र राम, प्रमोद राणा सहित कई लोग जुटे हुए हैं।

## अबुआ आवास सूची में अनियमितता पर बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

**नावाडीह:** नावाडीह उप प्रमुख हरिलाल महतो के नेतृत्व में पंसस सोमवार को बीडीओ प्रशांत हेम्ब्रम को ज्ञापन सौंपा। कहा कि अबुआ आवास में जांच से लेकर जियो टैग में काफी अनियमितता बरती गई है। पंसस से अबुआ आवास अनुमोदन करने करने के उपरांत अंतिम सूची प्रकाशन से पूर्व पंचायत समिति से अनुमोदन किया जाय। ऐसा नहीं होने पर प्रकाशन सूची गलत पाए जाने पर क्रमवार आंदोलन किया जायेगा। वहीं बिरनी भेंडरा व कंजकीरो पंसस ने कहा कि पंचायत सचिव द्वारा मनमाने ढंग से अयोग्य लाभुकों को जियो टैग कर दिया है और बहुत से योग्य लाभुक को अयोग्य सूची में नाम शामिल कर दिया गया जिसके कारण गांव के उन गरीबों को अबुआ आवास का लाभ नहीं मिल पायेगा। बीडीओ ने सभी पंसस को आश्वस्त कराते हुए कहा कि पंचायत में मानक अनुरूप सूची में है तो उसे आवास की पहली किस्त के बाद भी स्वीकृति रेड कर राशि वसूली कर ली जाएगी। गोपाल यादव, जयनाथ रजक, गीता देवी, सरोजा देवी, गायत्री देवी, शांति देवी, रेवतलाल महतो, नूरजहां खातून आदि मौजूद थे।

# गर्भपात के बाद इलाज को आई महिला को डॉक्टर ने भगाया

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
सदर अस्पताल से वासेपुर निवासी शबनम परवीन नामक (21 वर्ष) महिला मरीज को बिना इलाज भगाए जाने का मामला सामने आया है। घटना सोमवार सुबह की है। गर्भपात के बाद महिला बच्चादानी साफ करवाने सदर अस्पताल आई थी। आरोप है कि वहां महिला चिकित्सक ने उसके साथ बदसलूकी की और भगा दिया। इस मामले की शिकायत सदर के नोडल ऑफिसर डॉ राजकुमार सिंह से की गई है। जानकारी के अनुसार महिला पहली बार गर्भवती हुई थी। उसे कुछ समस्या हुई तो उसने वासेपुर के एक डॉक्टर को दिखाया। डॉक्टर ने अल्ट्रासोनोग्राफी करवाई। अल्ट्रासोनोग्राफी की रिपोर्ट के अनुसार उसका गर्भपात (मिसकैरेज) हो गया था। डॉक्टर ने उसे बच्चादनी साफ करवाने की सलाह दी ताकि भविष्य में उसे कोई समस्या न हो। आर्थिक रूप से कमजोर महिला डॉक्टर की सलाह के बाद मदद के लिए शाहबाज सिद्दीकी मेमोरियल के फाउंडर समाजसेवी इरशाद से मिली और सारी घटना बताई। इरशाद की सलाह पर बच्चादानी साफ करवाने के लिए वह सोमवार की सुबह सदर अस्पताल गई थी। वहां ओपीडी की पर्ची लेकर डॉक्टर से मिली। महिला का आरोप है कि डॉक्टर उसकी रिपोर्ट को देखकर उसके साथ बदतमीजी से बात करने लगी। डॉक्टर ने यह कहते हुए मरीज को बिना इलाज किए भगा दिया कि सीजर करवाने प्राइवेट हॉस्पिटल में जाती हो और वाशिंग करवाने के लिए सदर अस्पताल आ जाती हो। इसके बाद महिला ने प्राइवेट अस्पताल में जाकर बच्चादानी साफ करवाई। इस घटना पर इरशाद ने नाराजगी जताते हुए कहा है कि वे लोग रक्तदान के माध्यम से हमेशा सरकारी अस्पतालों की मदद करते रहते हैं। बावजूद सरकारी अस्पतालों में मरीज के साथ ऐसा व्यवहार मरीज की जान से खिलवाड़ करने जैसा है। इरशाद के अनुसार उन्होंने इस मामले में सदर के नोडल पदाधिकारी डॉ राजकुमार सिंह से भी बात की और मामले की शिकायत की।

### बाइक ने राहगीर को दिया धक्का, तीन घायल

**गोमिया:** प्रखंड के लोधी गांव के दो छात्र इंटर की परीक्षा देकर बाइक से लौट रहे थे। आईईएल थाना क्षेत्र के कसवागढ़ा गांव के निकट बाइक अनियंत्रित होकर एक राहगीर को ठोकर मार दी जिसके कारण तीनों घायल हो गए। तत्काल आर्डियर अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां इलाज चल रहा है। लोधी निवासी साहिल रजा व अहमद अंसारी गोमिया जमा दो हाई स्कूल से इंटर की परीक्षा देकर लौट रहे थे। कसवागढ़ा के निकट शाम में टहल रहे सुरेंद्रनाथ पोद्दार को ठोकर मार दी, जिसके कारण दोनों छात्र गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए।

# धनबाद सदर अस्पताल में उपकरणों की कमी से नहीं मिल रहा मुकम्मल इलाज

**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**




सदर अस्पताल में मरीजों की भीड़ लगातार बढ़ रही है। डॉक्टर भी बैठ रहे हैं। मरीजों को देख भी रहे हैं, लेकिन चिकित्सीय उपकरणों की कमी के कारण मरीजों को मुकम्मल इलाज नहीं मिल पा रहा है। स्थिति यह है कि आई (नेत्र रोग) और ईएनटी (कान, नाक और गला) विभाग में आवश्यकता के उपकरण भी उपलब्ध नहीं हैं। अन्य विभागों की भी यही स्थिति है। इसका असर मरीजों के इलाज पर पड़ रहा है। इस अस्पताल में चिकित्सीय उपकरणों की कमी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि नेत्र रोग विभाग ने सिविल सर्जन को 32 प्रकार के उपकरण की सूची सौंपते हुए इसकी आपूर्ति का आग्रह किया है। वहीं ईएनटी विभाग के चिकित्सकों ने 20 प्रकार के उपकरण की मांग की है। अन्य विभागों में भी उपकरणों की घोर कमी है। इससे मरीजों के इलाज में परेशानी होती है। इस अस्पताल के ओपीडी से लेकर ऑपरेशन थियेटर (ओटी) तक में चिकित्सीय उपकरणों की कमी है। नेत्र विभाग द्वारा सिविल सर्जन से मांगे गए उपकरणों में 15 प्रकार के उपकरण ओपीडी के इस्तेमाल के और 17 प्रकार के उपकरण ओटी के इस्तेमाल के हैं। वहीं ईएनटी की सूची में 13 प्रकार के उपकरण ओपीडी के लिए और सात प्रकार के उपकरण ओटी के लिए हैं। सबसे आश्चर्यजनक यह है कि इन विभागों ने इस साल 11 जनवरी में ही पत्र लिखकर सिविल सर्जन को उपकरणों की सूची सौंप दी थी और इसकी आपूर्ति की मांग की थी। दो महीने के बाद भी उपकरण उपलब्ध नहीं कराए गए।

**दांत के एक्स-रे के लिए मरीज जाते हैं बाहर :** उपकरणों की कमी की हालत यह है कि यहां दंत रोग के मरीज दांत के एक्स-रे के लिए बाहर भेजे जाते हैं। यहां वर्ष 2022 के अंत में रांची से एक्स-रे मशीन आई थी। जुलाई-अगस्त 2023 में इसे शुरू किया गया। डॉक्टरों की मानें तो इस मशीन पर सिर्फ एक एक्स-रे की गई। इसके बाद यह खराब हो गई थी। छह महीने गुजर गए, अभी तक इस खराब मशीन को नहीं बनाया जा सका है। इस मशीन के नहीं बनने के कारण यहां दांत का एक्स-रे नहीं हो पा रहा। इससे यहां रूट कैनाल ट्रीटमेंट (आरसीटी) शुरू नहीं हो पा रहा है। मरीजों को इसके लिए बाहर जाना पड़ता है और आठ से दस हजार रुपए खर्च करने पड़ते हैं। सिर्फ एक्स-रे पर 150 से 250 रुपए खर्च करने होते हैं।

## आज का राशिफल

**मेष :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी।

**वृष :** मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे।

**मिथुन :** च्कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

**कर्क :** शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार मिलेंगे। किसी से कहा सुनी न हो यही ध्यान रहें। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी।

**सिंह :** अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।

**कन्या :** संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। सब्र का फल मीठा होता है। अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाए रखें।

**तुला :** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा।

**वृश्चिक :** स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें।

**धनु :** संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा।

**मकर :** व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। सच्चाई का सहारा लें कार्यसिद्धि होगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी।

**कुंभ :** कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है।

**मीन :** मध्याह्न से ही आशाएं बलवती होंगी। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें, उसके बाद समय व्ययकारी सिद्ध होगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है।

# चौथे टेस्ट में गेंदबाजी कर सकते हैं बेन स्टोक्स



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** कोच ब्रेंडन मैकुलम ने कहा कि वह बेन स्टोक्स को गेंदबाजी करने के लिए टोकेंगे जरूर लेकिन उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि गेंदबाजी में स्टोक्स की प्रगति इंग्लैंड के लिए एक अच्छा संकेत है। स्टोक्स इस दौरे पर नेट्स में गेंदबाजी का लगातार अभ्यास कर रहे हैं। राजकोट टेस्ट से पहले भी स्टोक्स को 20 मिनट तक गेंदबाजी का अभ्यास करते देखा गया था। हालांकि स्टोक्स ने इस सीरीज में अपनी गेंदबाजी की संभावना को लेकर हां या ना में जवाब नहीं दिया था। सोमवार को मैकुलम ने स्टोक्स के आत्मविश्वास की जमकर सराहना की लेकिन वह नहीं चाहते कि एक कप्तान होने के नाते स्टोक्स बिना मतलब के जोर लगाएं। मैकुलम ने कहा, 'यह अच्छी बात है कि वह अपने आप को ऐसी स्थिति में ले आए हैं, जहां उनको लगता है कि अब वह गेंदबाजी कर सकते हैं। लेकिन मुझे बेन की होशियारी पर पूरा भरोसा है। वह तब तक गेंदबाजी नहीं करेंगे जब तक उन्हें इस बात का पूरा भरोसा नहीं हो जाता कि वह गेंदबाजी कर सकते हैं।' ऑलराउंडर के रूप में स्टोक्स की वापसी से इंग्लैंड की प्लेइंग कसंतुलित बन सकती है। पहले दो टेस्ट में सिर्फ.एक तेज गेंदबाज के साथ खेलने वाली इंग्लैंड टीम को तीसरे टेस्ट में दो तेज गेंदबाजों को खिलाने के लिए शोएब बशीर को बाहर बैठाना पड़ गया था। शुक्रवार को रांची में खेले जाने वाले चौथा टेस्ट शुरू होने में अब ज्यादा समय बाकी नहीं रह गया है। इंग्लैंड रांची में ओली रॉबिंसन को मौका दे सकता है। अगर स्टोक्स गेंदबाजी करने का फैसला करते हैं तब इंग्लैंड के पास दो तेज गेंदबाज और चार स्पिनर के साथ खेलना मुमकिन हो सकता है। अपने टेस्ट करियर में स्टोक्स ने अब तक कुल 197 विकेट लिए हैं। रांची में 2019 में खेले गए टेस्ट मैच में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को पारी और 202 रन से हराया था। हालांकि मैकुलम ने कहा है कि उन्होंने अभी तक पिच को नहीं देखा है। मैकुलम ने कहा, 'जाहिर तौर पर हमने अभी तक पिच को नहीं देखा है लेकिन मुझे लगता है यहां गेंद स्पिन होगी। हमारे पास अच्छे खिलाड़ी हैं और उन्होंने पहले तीन टेस्ट में अच्छा प्रदर्शन भी किया है।

## राजकोट में बुरी तरह आउट होने के बाद रूट को 'बैजबॉल' दृष्टिकोण छोड़ देना चाहिए : इयान चैपल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान इयान चैपल का मानना है कि तीसरे टेस्ट में रिवर्स रैंप शॉट पर आउट होने के बाद जो रूट को 'बैजबॉल' दृष्टिकोण छोड़ देना चाहिए और 'अपना स्वाभाविक खेल खेलना चाहिए'। चैपल ने अपना स्वाभाविक खेल खेलते समय रूट के कौशल पर जोर दिया और सुझाव दिया कि दृष्टिकोण में आमूल-चूल बदलाव अपनाने का प्रयास अनावश्यक था। चैपल ने नाइन वाइड से कहा, 'रूट का सामान्य रूप से खेलने का रिकॉर्ड बहुत अच्छा था और वह सामान्य रूप से खेलते हुए भी एक तेज स्कोरर थे। मुझे समझ नहीं आता कि वह चीजों को इतनी तेजी से बदलने की कोशिश क्यों कर रहे हैं और मैंने कभी नहीं माना कि आपको पूर्व नियोजित शॉट खेलने चाहिए।' रूट के हालिया आंकड़े कोई अच्छी तस्वीर पेश नहीं करते, खासकर ब्रेंडन मैकुलम के कार्यकाल से पहले उनके शानदार फॉर्म की तुलना में। ब्रेंडन मैकुलम के पदभार संभालने के बाद से रूट का औसत 50.12 है - जो उनके करियर औसत 49.32 से थोड़ा अधिक है। चैपल ने परिस्थितियों और गेंदबाजों के अनुसार खेलने के महत्व को रेखांकित किया, यह स्वीकार करते हुए कि आक्रामकता को स्थितिजन्य जागरूकता से नियंत्रित किया जाना चाहिए। 'आप हमेशा ऐसा नहीं कर सकते - यह परिस्थितियों के अनुसार होना चाहिए और यह भी कि कौन गेंदबाजी कर रहा है। कुछ गेंदबाजों पर आप दूसरों की तुलना में बहुत तेजी से रन बना सकते हैं, लेकिन जब वास्तव में एक अच्छा गेंदबाज अच्छा स्पैल फेंक रहा हो, तो आप कोशिश करने और इससे लड़ने के लिए तैयार रहें और अपने आप से सोचें 'ठीक है, जब वह चला जाएगा, तो यह थोड़ा आसान हो जाएगा।'

## भारत को हराने के लिए आपको बेस्ट देना होगा : मैथ्यू हेडन

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने मेजबान भारत के मजबूत घरेलू रिकॉर्ड की सराहना की है। उन्होंने रोहित शर्मा एंड कंपनी को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज जीतने के लिए पसंदीदा के रूप में देखा है। हेडन ने स्टार स्पोर्ट्स को बताया, 'मुझे लगता है कि यह पूरी तरह से भारत है। मैं आज सुबह परिणाम देख रहा था और सोचा कि भारत, एक भ्रमणशील पक्ष के रूप में इस कारण से एक चुनौती है। यह ऊर्जा और उस संसाधन के संरक्षण की लड़ाई है, जो बहुत सीमित है।' हेडन ने भारत में मेहमान टीमों के सामने आने वाली मानसिक चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला, जहां भीड़ की अथक ऊर्जा और प्रतियोगिता का तीव्र दबाव भारी पड़ सकता है। उन्होंने उत्साहपूर्ण माहौल के बीच संयम और ध्यान बनाए रखने के महत्व पर जोर दिया, एक ऐसी परीक्षा जिसे पास करने के लिए इंग्लैंड को लगातार संघर्ष करना पड़ा है।

## इंग्लैंड के लिए भारत से बराबरी करना चुनौतीपूर्ण होगा : ग्रीम स्मिथ



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ ने भारत के खिलाफ चल रही टेस्ट सीरीज में अपनी संभावनाओं के बारे में इंग्लैंड को आगाह करते हुए कहा है कि अगर मेजबान टीम आगे निकल गई तो उन्हें पकड़ना मुश्किल होगा। भारत में खेलने की अपनी पसंदीदा शैली पर कायम रहने और अपने प्रतिद्वंद्वी को अपनी चालों पर विचार करने के लिए मजबूर करने के लिए बेन स्टोक्स और ब्रेंडन मैकुलम की प्रशंसा करते हुए, अब क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेट निदेशक स्मिथ ने आगाह किया कि आगे चलकर भारत से बराबरी करना चुनौतीपूर्ण होगा। विजडन ने स्मिथ के हवाले से कहा, 'हमेशा बहुत सारी प्रतिभाएं रही हैं, लेकिन ऐसा लगता है कि उन्होंने डर को दूर कर दिया है। लोगों को काफी सुरक्षा प्रदान की है और खेल को वास्तव में सकारात्मक तरीके से देखते हैं। इंग्लैंड निश्चित रूप से जिस तरह से खेलना चाहता है, उस पर कायम है।" पूर्व प्रोटियाज बल्लेबाज ने इंग्लैंड को मानसिक रूप से तरोताजा रहने और अपने गेम प्लान के तहत रहने की सलाह दी, क्योंकि भारत के खिलाफ कड़ी मेहनत, मैदान में लंबे समय तक रहने के साथ-साथ भीषण गर्मी, श्रृंखला के आगे बढ़ने के साथ उन्हें थका सकती है।

## जायसवाल की तारीफ पर नासिर हुसैन ने बेन डकेट पर साधा निशाना



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने बेन डकेट की उस टिप्पणी पर निशाना साधा है जिसमें उन्होंने कहा था कि राजकोट टेस्ट में भारत के युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल का आक्रामक रुख इंग्लैंड की बैजबॉल रणनीति से प्रभावित था। जायसवाल के शानदार नाबाद दोहरे शतक ने भारत को शानदार जीत दिलाई जिससे इंग्लैंड को मौजूदा श्रृंखला के तीसरे टेस्ट में 434 रन की करारी हार का सामना करना पड़ा। राजकोट टेस्ट के तीसरे दिन के अंत में बोलते हुए डकेट ने शतक के लिए जायसवाल की प्रशंसा की, लेकिन यह भी कहा कि 'जब आप विपक्षी टीम के खिलाड़ियों को इस तरह खेलते हुए देखते हैं, तो ऐसा लगता है कि हमें (इंग्लैंड को) कुछ श्रेय लेना चाहिए।' डकेट की टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, हुसैन ने कहा कि जायसवाल की सफलता इंग्लैंड की रणनीति के किसी प्रभाव के बजाय उनकी कड़ी मेहनत और आईपीएल जैसे टूर्नामेंटों में मिले अनुभव से आई है। इस श्रृंखला में जायसवाल के शानदार प्रदर्शन ने उन्हें सीरीज का अग्रणी रन-स्कोरर बना दिया है। उन्होंने 109 के औसत और 80 से अधिक की स्ट्राइक रेट से कुल 545 रन बनाए हैं । श्रृंखला में इंग्लैंड के खराब प्रदर्शन के बारे में बोलते हुए हुसैन ने बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम से अपनी गलतियों का विश्लेषण करने और रांची में चौथे टेस्ट से पहले आवश्यक समायोजन करने का आग्रह किया।

# कैंप में आत्मविश्वास काफी ऊंचा है : हार्दिक



**राउरकेला (एजेंसी)।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम एफआईएच प्रो लीग 2023/24 में शानदार प्रदर्शन कर रही है, और निर्धारित समय के भीतर अपने पांच मैचों में से दो में जीत हासिल करने में कामयाब रही है। नीदरलैंड पर 2-2 (4-2 शूट आउट) और स्पेन पर 2-2 (8-7 शूट आउट) की शूटआउट जीत के साथ बोनस अंक अर्जित किए। भारत की एकमात्र हार ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुई। भारत ने भुवनेश्वर में स्पेन पर 4-1 की शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरूआत की। इसके बाद दुनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली टीम नीदरलैंड के खिलाफ शूटआउट में 2-2 (4-2) की रोमांचक जीत हासिल की। फिर, भारत को ऑस्ट्रेलिया से 4-6 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन टीम ने आयरलैंड पर 1-0 की जीत के साथ वापसी की और भुवनेश्वर चरण का समापन शानदार तरीके से किया। एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 के राउरकेला चरण में आगे बढ़ते हुए भारत ने एक करीबी मुकाबले में स्पेन के खिलाफ 2-2 (8-7) शूटआउट जीत हासिल करके गति बनाए रखी।भारत बुधवार को प्रसिद्ध बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में प्रो लीग के रिवर्स लेग में अपने अगले मैच में नीदरलैंड से भिड़ने के लिए तैयार है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने पिछले दो मुकाबलों में नीदरलैंड के खिलाफ विजयी रही है। उनकी ताजा जीत 11 फरवरी को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 के भुवनेश्वर चरण के दौरान हुई। उस मैच में 1-2 से पिछड़ने के बावजूद भारतीय टीम ने वापसी करते हुए स्कोर बराबर किया और आखिरकार शूटआउट में 4-2 से जीत हासिल की।

# दिल्ली कैपिटल्स ने महिला टीम की जर्सी का किया अनावरण




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली कैपिटल्स ने आगामी टाटा महिला प्रीमियर लीग (डब्लूपीएल) 2024 के लिए अपनी महिला टीम की जर्सी का अनावरण कर दिया है। साथ ही डीपी वर्ल्ड और दिल्ली कैपिटल्स की आपस में दीर्घकालीन साझेदारी की घोषणा हुई है। स्मार्ट एंड-टु-एंड सप्लाई चेन सॉल्यूशंस प्रदान करने वाली अग्रणी कंपनी डीपी वर्ल्ड अब डब्लूपीएल 2024 से दिल्ली कैपिटल्स की महिला टीम की टाइटल पार्टनर होगी। इस साझेदारी से दिल्ली कैपिटल्स के साथ डीपी वर्ल्ड के संबंधों को मजबूती मिलेगी। भारत में क्रिकेट के खेल को बढ़ावा देने के लिए कई पहल एवं प्रयास किए गए हैं। डीपी वर्ल्ड में हम इस साझेदारी के माध्यम से क्रिकेट में प्रतिभाओं को निखारने के लिए निवेश कर रहे हैं। क्रिकेट की इन प्रतिभाओं ने खेल के लिए अपनी प्रतिभा, दृढ़ता एवं जोश को लगातार प्रदर्शित किया है। वर्तमान समय में डीपी वर्ल्ड दिल्ली कैपिटल्स की पुरुष टीम के साथ ग्लोबल लॉजिस्टिक्स पार्टनर के रूप में जुड़ी है और इस साझेदारी को महिला टीम के लिए विस्तार देने का हमें गर्व है। हम इस खेल को बढ़ावा देने के लिए अपने प्रयासों के प्रति समर्पित हैं। नई साझेदारी को लेकर दिल्ली कैपिटल्स के अंतरिम सीईओ सुखविंदर सिंह ने कहा, "महिला टीम की टाइटल पार्टनर के रूप में डीपी वर्ल्ड को अपने साथ जोड़ने की दिल्ली कैपिटल्स को खुशी है। महिलाओं के खेल के प्रति डीपी वर्ल्ड की प्रतिबद्धता सराहनीय है और इस साझेदारी से ज्यादा रोमांचक कुछ नहीं हो सकता है। हमारी आईपीएल टीम के साथ सफल साझेदारी के बाद यह गठजोड़ एक स्वाभाविक प्रक्रिया से हुआ गठजोड़ है। हम आगामी सीजन की शुरूआत स्टाइल के साथ करने के लिए तैयार हैं और ऐसे में यह साझेदारी दिल्ली कैपिटल्स और डीपी वर्ल्ड दोनों के लिए महत्वपूर्ण पड़ाव है।' इस साझेदारी के तहत दिल्ली कैपिटल्स लॉजिस्टिक्स सेक्टर की अग्रणी कंपनी डीपी वर्ल्ड को उसकी बियॉन्ड बाउंड्रीज इनीशिएटिव में भी मदद करेगी। इस पहल के तहत डीपी वर्ल्ड अपने इंटरकनेक्टेड ग्लोबल नेटवर्क और स्मार्ट लॉजिस्टिक्स क्षमता का लाभ लेते हुए 50 रीपर्पज्ड शिपिंग कंटेनर डिजाइन एवं डिस्ट्रीब्यूट कर रही है।

## रियो ओपन खिताब की रक्षा के लिए जीत के साथ कैमरून नोरी ने किया आगाज

**रियो डी जेनेरो (एजेंसी)।** ब्रिटेन के कैमरून नोरी ने अपने रियो ओपन खिताब की रक्षा के लिए एक बेहतरीन शुरूआत करते हुए ह्यूगो डेलियन को 6-3, 6-2 से हराया। एटीपी की रिपोर्ट के अनुसार, दूसरे वरीय ने अपने सामने आए एकमात्र ब्रेक प्वाइंट को बचाया और अपने सात अवसरों में से तीन को भुनाकर सोमवार रात को एक घंटे और 22 मिनट के बाद एटीपी 500 के दूसरे दौर में प्रवेश किया। नोरी का अगला मुकाबला चिली के टॉमस बारियोस से होगा, जिन्होंने ब्राजीलियाई वाइल्ड कार्ड गुस्तावो हेइड को 7-5, 6-3 से हराया। अन्य मैचों में चौथी वरीयता प्राप्त फ्रांसिस्को सेरुंडोलो ने साथी अर्जेंटीना फ्रांसिस्को कोमेसाना के खिलाफ 6-1, 1-6, 6-2 से जीत के साथ तीन मैचों की हार का सिलसिला तोड़ दिया। दो बार के एटीपी टूर टाइटलिस्ट का दूसरे दौर में स्पैनियार्ड अल्बर्ट रामोस-विनोलास से मुकाबला होगा। एटीपी रैंकिंग में पूर्व नंबर 17 खिलाड़ी, रामोस-विनोलास ने पेरू के जुआन पाब्लो वरिल्लास को दो घंटे और 44 मिनट के बाद 3-6, 6-3, 7-5 से हराया।

# सूर्यकुमार यादव और मोहम्मद शमी को मिला क्रिकइंफो अवॉर्ड 2023



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईएसपीएनक्रिकइंफो अवॉर्ड के 17वें संस्करण की पुरुष श्रेणी में भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिलाड़ियों का बोलबाला रहा। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में शतकीय पारी खेलने वाले ट्रैविस हेड को पुरुष क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ टेस्ट बल्लेबाज का अवॉर्ड मिला है। हालांकि वनडे में हेड यह अवॉर्ड नहीं जीत पाए, बावजूद इसके कि उन्होंने बीते एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में भी शतकीय पारी खेली थी। वनडे में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का यह अवॉर्ड उनके ही हमवतन ग्लेन मैक्सवेल को गया, जिन्होंने विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ दोहरा शतक लगाकर ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल में पहुंचाया था। पुरुषों में वनडे के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का अवॉर्ड मोहम्मद शमी को गया। शमी ने एकदिवसीय विश्व कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ सात विकेट चटकाए थे। शमी के इस प्रदर्शन की बदौलत भारत फाइनल में पहुंच पाया था। पिछले एक दशक में घर पर भारत का रिकॉर्ड बेहद शानदार रहा है। भारत ने 2013 से 2023 तक घर पर खेले 46 टेस्ट में सिर्फ.तीन टेस्ट ही हारे थे। इसमें एक हार नाथन लियोन की वजह से मिली थी। इंदौर टेस्ट में लियोन ने ऑस्ट्रेलिया की नौ विकेट से मिली जीत में आठ विकेट चटकाए थे और इसलिए लियोन को टेस्ट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का अवॉर्ड दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप और एकदिवसीय विश्व कप का खिताब जिताने वाले पैट कमिंस को सर्वश्रेष्ठ कप्तान चुना गया है। कमिंस के नेतृत्व में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड में एशेज को ड्रॉ पर समाप्त किया जबकि घर पर पाकिस्तान को रौंद दिया। सूर्यकुमार यादव को लगातार दूसरे वर्ष सर्वश्रेष्ठ पुरुष टी20 बल्लेबाज का अवॉर्ड दिया गया है। उन्हें इस बार यह अवॉर्ड राजकोट में श्रीलंका के खिलाफ 220 के स्ट्राइक रेट से खेली गई 112 रनों की पारी के लिए दिया गया है। जबकि जोहानसबर्ग में साउथ अफ्रीका के खिलाफ पांच विकेट चटकाने वाले वेस्टइंडीज के अल्जारी जोसेफ को पुरुषों में सर्वश्रेष्ठ टी20 गेंदबाज चुना गया है। वीमेंस टी20 लीग की श्रेणी में दो अन्य ऑस्ट्रेलिया खिलाड़ियों को अवॉर्ड मिला। ब्रिस्बेन हीट की ओपनर ग्रेस हैरिस को डब्लूबीबीएल इतिहास में सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बनाने के लिए सर्वश्रेष्ठ बल्लेबज चुना गया, जबकि एडिलेड स्ट्राइकर्स के लिए डब्लूबीबीएल फाइनल के अंतिम ओवर में 11 रन डिफेंड करने के लिए अमांडा वेलिंगटन को सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का अवॉर्ड दिया गया है। वीमेंस टी20 लीग की इस श्रेणी में डब्लूबीबीएल के अलावा डब्लूपीसीएल, डब्लूपीएल और वीमेंस हंड्रेड जैसी लीग को भी शामिल किया गया था। न्यूजीलैंड के खिलाफ गॉल में नाबाद 140 रन की पारी खेलने के लिए चामरी अटापट्टू को महिलाओं में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज चुना गया, जबकि मारुफा अख़्तर को भारत के खिलाफ वनडे में बांग्लादेश की पहली जीत सुनिश्चित करने के लिए महिलाओं में वनडे का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज चुना गया। 2023 में दक्षिण अफ्रीका ने महिला टी20 विश्व कप का फाइनल खेला था। सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ चार विकेट चटकाने वालीं अयाबोंगा खाका को टी20 में सर्वश्रेष्ठ महिला गेंदबाज चुना गया, जबकि पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में अपनी गेंदबाजी से प्रभावित करने वाले दक्षिण अफ्रीका के ही 23 वर्षीय गेराल्ड कोएत्जी को डेब्यूटेंट ऑफ द ईयर चुना गया।

# एथलेटिक बिलबाओ ने गिरोना को 3-2 से हराया



**मैड्रिड (एजेंसी)।** एथलेटिक बिलबाओ ने सैन मैम्स स्टेडियम में 3-2 की रोमांचक घरेलू जीत के साथ गिरोना की ला लीगा खिताब की उम्मीदों को बड़ा झटका दिया। लगातार सातवीं घरेलू जीत से एथलेटिक बिलबाओ के पास शीर्ष चार में जगह बनाने का मौका है। गिरोना अब शीर्ष पर चल रहे रियल मैड्रिड से छह अंक पीछे है जबकि, एथलेटिक बिलबाओ पांचवे स्थान पर एटलेटिको मैड्रिड से दो अंक पीछे है। घरेलू टीम के लिए एलेक्स ने दो गोल और इनाकी विलियम्स ने एक गोल किया, जबकि विक्टर त्सिहानकोव और एरिक गार्सिया ने मेहमान टीम के लिए गोल किया। मैच में शुरूआत से ही एथलेटिक बिलबाओ ने अपना दबदबा बनाया क्योंकि एलेक्स ने मैच के दूसरे मिनट में ही अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद दोनों टीमों के बीच कड़ी टक्कर हुई और आखिरकार 49वें मिनट में विक्टर के गोल की मदद से गिरोना ने 1-1 से बराबरी की। लेकिन इसके कुछ देर बाद ही एलेक्स ने 56वें मिनट में अपना और टीम का दूसरा गोल दागा। फिर, विलियम्स ने बिलबाओ की बढ़त को और बढ़ाते हुए मैच के 60वे मिनट में तीसरा गोल दागा। इसके बाद गार्सिया ने 75वें मिनट में गिरोना के लिए गोल किया। हालांकि, इसके बाद मैच के अंतिम क्षणों में दोनों टीमें गोल करने में सफल नहीं हुई और एथलेटिक बिलबाओ ने 3-2 से यह मुकाबला अपने नाम किया।

## खबरें व्यापार जगत की

# निफ्टी लगातार छठे सत्र में नई रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचा



**मुंबई (एजेंसी)।** निफ्टी ने मंगलवार को लगातार छठे सत्र में अपनी बढ़त बरकरार रखी और कारोबार के आखिरी घंटे में एक बार फिर नई रिकॉर्ड ऊंचाई को छू लिया। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के रिटेल रिसर्च प्रमुख दीपक जसानी ने कहा कि कारोबार की समाप्ति पर निफ्टी 74.70 अंक या 0.34 प्रतिशत ऊपर 22,197 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स 349.24 अंक या 0.48 प्रतिशत ऊपर 73,057.40 अंक पर रहा। कारोबार के आखिरी घंटे में संस्थागत खरीदारी से निफ्टी को हरे निशान में बंद होने में मदद मिली। जसानी ने कहा कि निफ्टी अब अल्पावधि में मामूली तेजी के रुझान के साथ 22,280 अंक से 22,053 अंक के बीच रह सकता है। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि बाजार में उतार-चढ़ाव के बीच घरेलू बाजार एक बार फिर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने को तैयार है। बाजार को बैंकिंग क्षेत्र में लाभ से बल मिला है। निजी बैंकों में हाल ही में तेज सुधार से उछाल देखा गया है। हालांकि, मिड और स्मॉलकैप में गिरावट से पता चलता है कि ऊंचे वैल्यूएशन के कारण निवेशक सावधानी बरत रहे हैं। नायर ने कहा कि इस सप्ताह अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक का विवरण जारी होना है जो हाल के अस्थिर मुद्रास्फीति आंकड़ों के प्रकाश में महत्वपूर्ण है।

## आईपीओ की संख्या 2023 में छह साल के उच्चतम स्तर पर रही

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस डेटा के अनुसार, पिछले साल कुल 243 कंपनियां भारतीय शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हुईं, जो कम से कम छह साल में सबसे ज्यादा है। हालाँकि, 2023 में आईपीओ कुल राशि 7.10 अरब डॉलर रही जो में 2022 की तुलना में नौ फीसदी से ज्यादा कम है। वर्ष 2022 में केंद्र सरकार ने अकेले भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) जैसी बड़ी कंपनी के आईपीओ से 205 अरब रुपये से अधिक जुटाए थे। संख्या के लिहाज से 2023 में शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने वाली कंपनियों की संख्या एक साल पहले के मुकाबले 65 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई। दुनिया भर के अन्य प्रमुख बाजारों में गतिविधि धीमी होने देश में आईपीओ में उछाल देखा गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में वैश्विक स्तर पर आईपीओ की संख्या 15 प्रतिशत गिरकर 1,429 हो गई और कुल लेनदेन मूल्य में 33.6 फीसदी की भारी गिरावट आई। जनवरी में जारी पीडब्ल्यूसी रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में आईपीओ आय के मामले में भारत ने वैश्विक बाजारों में तीसरा स्थान हासिल किया, जो पूंजी के स्रोतों में बदलाव और स्थानीय बाजारों के परिपक्व होने का संकेत देता है। पेशेवर सेवा फर्म ने कहा कि भारत का नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) नवंबर 2023 में बाजार पूंजीकरण के मामले में हांगकांग को पीछे छोड़कर चार लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच गया।

## उत्तर प्रदेश में निवेश के माहौल को उद्यमियों ने भी सराहा



**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी के लखनऊ में आयोजित चौथी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के दूसरे दिन 'यूपी- भारत में विदेशी निवेश के लिए उभरता गंतव्य' कॉन्क्लेव के दौरान विभिन्न उद्योग समूहों के प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखे। इस दौरान लुलु समूह के चेयरमैन एमए यूसुफ अली, शराफ ग्रुप के उपाध्यक्ष मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) शराफुद्दीन शराफ, एयर लिक्विड के एमडी बेनोइट रेनार्ड, डोर्ना के सीईओ कामेलो एस्पेलेटा और ग्रीनको ग्रुप के प्रतिनिधि ने प्रदेश में निवेश के बेहतरीन माहौल की सराहना की। लुलु समूह के अध्यक्ष और एमडी एमए यूसुफ अली ने कहा कि विदेशी निवेश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र समेत कई क्षेत्रों में निवेश की बेहतरीन संभावनाएं हैं। निवेशक निवेश से पहले चार चीजें देखते हैं, दूरदर्शी नेतृत्व, संसाधन, अच्छा बुनियादी ढांचा और व्यापार करने में आसानी। ये सारी चीजें हमारे पास भारत और उत्तर प्रदेश में हैं। शराफ ग्रुप के उपाध्यक्ष मेजर जनरल (सेवानिवृत्त) शराफुद्दीन शराफ ने कहा कि एक आदमी, एक परिवार, एक समाज, अपना पैसा वहीं निवेश करना चाहता है, जहां वे पूरी तरह संतुष्ट हो और आश्वस्त हो कि उसका निवेश उत्पादक होगा। भारत और यूपी के साथ हमारा रिश्ता मील का पत्थर हासिल करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। एयर लिक्विड के एमडी बेनोइट रेनार्ड ने कहा कि जब भी आवश्यकता हुई, हमें उत्तर प्रदेश और भारत में निवेश के अपने निर्णय के लिए व्यापक समर्थन मिला है। एयर लिक्विड समूह की ओर से मैं आने वाले वर्षों में भारत में प्रगतिशील निवेश के प्रति अपनी मजबूत प्रतिबद्धता व्यक्त करना चाहता हूं। डोर्ना के सीईओ कामेलो एस्पेलेटा ने मोटोजीपी भारत जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम की मेजबानी करने के लिए यूपी सरकार द्वारा प्रदान किए गए अवसर की सराहना की।

## जापान ने नौ बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए भारत को दिया 12,814 करोड़ रुपये का ऋण



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** जापान सरकार ने मंगलवार को भारत में विभिन्न क्षेत्रों की नौ परियोजनाओं के लिए लगभग 12,814 करोड़ रुपये का आधिकारिक विकास सहायता (ओडीए) ऋण देने की प्रतिबद्धता जताई। भारत की ओर से वित्त मंत्रालय के अतिरिक्त सचिव विकास शील और जापान की ओर से यहाँ जापान के राजदूत सुजुकी हिरोशी ने समझौते पर हस्ताक्षर किये। जिन नौ परियोजनाओं के लिए ओडीए ऋण सहायता दी जानी है, वे हैं - उत्तर पूर्व सड़क नेटवर्क कनेक्टिविटी सुधार परियोजना (चरण 3) (दूसरी किस्त): धुबरी-फुलबारी पुल; उत्तर पूर्व सड़क नेटवर्क कनेक्टिविटी सुधार परियोजना (चरण 7): एनएच 127बी (फुलबारी-गोएराग्रे खंड); तेलंगाना में स्टार्ट-अप और इनोवेशन को बढ़ावा देने की परियोजना; चेन्नई पेरिफेरल रिंग रोड (चरण 2) के निर्माण की परियोजना; हरियाणा में सतत बागवानी को बढ़ावा देने के लिए परियोजना (पहली किस्त); राजस्थान में जलवायु परिवर्तन प्रतिक्रिया और पारिस्थितिकी तंत्र सेवा संवर्धन के लिए परियोजना; कोहिमा स्थित नागालैंड इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च में मेडिकल कॉलेज अस्पताल की स्थापना के लिए परियोजना; उत्तराखंड में शहरी जल आपूर्ति प्रणाली में सुधार के लिए परियोजना; और समर्पित माल गलियारा परियोजना (चरण 1) (पाँचवीं किस्त)। सड़क नेटवर्क कनेक्टिविटी परियोजनाओं का लक्ष्य देश के पूर्वोत्तर क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास में सुधार करना है। चेन्नई पेरिफेरल रिंग रोड परियोजना का उद्देश्य यातायात में भीड़ को कम करना और राज्य के दक्षिणी हिस्से में कनेक्शन को मजबूत करना है।

## एक नजर

### अज्ञात वाहन की चपेट आकर 43 वर्षीय राज मिस्त्री की मौत

**मेदिनीनगर।** पांकी थाना क्षेत्र के आशेहार गांव निवासी राज मिस्त्री सुनील विश्वकर्मा उम्र 43 वर्ष की अज्ञात वाहन की सोमवार की रात सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। इस घटना के बारे में मृतक के परिजनों ने बताया कि प्रतिदिन की तरह सुनील विश्वकर्मा सोमवार को मेदनीनगर शहर में राज मिस्त्री का काम करने गया था। शाम को काम कर जब वह अपने घर वापस लौट रहा था। इसी बीच रास्ते में अज्ञात वाहन के ढके से गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा उसे इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई।इसके बाद किसी व्यक्ति के माध्यम से इस घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को मिला। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन मंगलवार की सुबह सदर अस्पताल पहुंचकर इस घटना की जानकारी पुलिस को दी।

### समाजसेवी ने मरीज को खून उपलब्ध करा बचाई उसकी जान

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव शह अधिवक्ता रुचिर कुमार तिवारी और युआ समाजसेवी आशुतोष कुमार सिंह ने गरीब महिला को ब्लड देकर जान बचाने का काम किया।बताते चले की रुचिर तिवारी और आशुतोष सिंह सोमवार को हरिहरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सरसोत निवासी बबन यादव के पुत्र जो सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया था उसका इलाज करवाने मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचे थे। इसी बीच किसी व्यक्ति ने आशुतोष कुमार सिंह को सूचना दिया कि मनातू थाना क्षेत्र के टुनका निवासी धर्मेंद्र भुइयां की पत्नी पूजा देवी को एक यूनिट ओ पॉजिटिव ब्लड की अति आवश्यक है। महिला के परिजन काफी गरीब व्यक्ति है इसके वजह से ब्लड की व्यवस्था नहीं कर पा रहे हैं। उसे व्यक्ति के बाद को सुनकर आशुतोष कुमार सिंह ने देर ना करते हुए तुरंत गरीब महिला पूजा कुमारी को ब्लड देने को इच्छुक हो गए। ब्लड ब्लड उपलब्ध हो जाने के बाद गरीब मरीज पूजा कुमारी के परिजनों ने दोनों को दिल से धन्यवाद दिया।

### परिवारिक विवाद में बाप बेटी गंभीर रूप से घायल

**मेदिनीनगर।** मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर निवासी रहमुद्दीन अंसारी और उनकी बेटी तजबुल खातून को मामूली विवाद में परिवार के लोगों ने लाठी डंडे से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बारे में घायल रहमुद्दीन अंसारी और उनकी बेटी तजबुल खातून ने बताया कि रविवार की सुबह वह अपने घर के पास पुवाल को सूखने के लिए रखे थे। इसी बीच उनका अपना भाई जहरुद्दीन अंसारी वहा पहुंचा और रहमुद्दीन अंसारी को कहा कि तुम हमारे खेत में अपना पुआल क्यों रखे हो अभी तुरंत हटाओ। इसी बीच दोनों भाइयों में बहस होने लगा।बहस इतना बढ़ गया कि जहरूदीन अंसारी और उसका बेटा हसीब अंसारी ने रहमुद्दीन अंसारी और उनकी बेटी को लाठी डंडे से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया।

# प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरे देश में तेजी से बदलाव हुआ : डॉ मेहता

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी क्षेत्र से विधायक सह भाजपा नेता डॉ कुशवाहा शशि भूषण मेहता ने मंगलवार को मनातू में पथ-निर्माण विभाग की सड़क निर्माण कार्य के लिए शिलान्यास किया। 2022-23 में पदमा से चक तक भाया मनातू सड़क निर्माण में सड़क के छूट गए हिस्से का निर्माण कराने के लिए शिलान्यास किया गया है। इस कार्य के पूरा होने से पदमा से चक तक आवागमन सुगम हो जाएगा। इस क्रम में अधूरे पुल-पुलिया का भी निर्माण किया जाएगा। विधायक ने शिलान्यास कार्यक्रम के अलावा मंगलवार को तरहसी प्रखंड के गोगदा गांव में देवी मंदिर में प्रतिमा का तीन दिनी प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को लेकर कलश यात्रा का शुभारंभ किया जबकि नीलांबर-पीतांबरपुर



(लेस्लीगंज) प्रखंड के पिपरा खुर्द गांव में नॉक आउट क्रिकेट टूनार्मेंट का उदघाटन किया। इस क्रम में उपस्थित क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक व युवाओं को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि विकास की दौड़ में दशकों तक काफी पीछे छूटा रह गया पलामू जिले में पांकी क्षेत्र और भी अधिक पिछड़ा रह गया था। परंतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में तेज बदलाव की जो शुरूआत हुई है उसकी महक पलामू जिला और उसके पांकी विधानसभा क्षेत्र में भी सहजता से महसूस की जा सकती है। पदमा से चक तक की सड़क में कई जगह काम अधूरा छोड़ दिया गया था जिससे आम नागरिकों को आवागमन में असुविधा होती थी। यह सड़क पलामू होते बिहार के गया को जोड़ती है। सड़क का निर्माण हो जाने से आवागमन सुगम हो जाएगी। उन्होंने गोगदा गांव में कलश यात्रा की शुरूआत करते हुए कहा कि धर्म की जय हो, अधर्म का नाश हो, प्राणियों में सदभावना हो, विश्व का कल्याण हो आदि केवल नारा नहीं है, यह सनातन जीवन शैली है। इससे दूर होकर विकास की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने पिपरा खुर्द में खेल भावना से लक्ष्य केंद्रीत कर अपनी खेल क्षमता को मांजने की अपील करते हुए कहा कि युवाओं को अपनी ऊर्जा का हमेशा सकारात्मक दिशा में प्रयोग करना चाहिए। गोगदा में कलश यात्रा के दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष उदय बैठा, सचिव शिव कुमार, कोषाध्यक्ष मुकेश पांडेय, लाला प्रसाद यादव, रामदास ठाकुर, बबल प्रजापति, उमेश सिंह, विनोद पांडेय, विजय तिवारी, उपेंद्र नाथ,

## राज्य में सीएनटी व एसपीटी एक्ट कड़ाई से लागू हो

**पलामू।** मेदिनीनगर शहर के बेलवाटिका स्थित रंजन कुमार के आवास पर प्रेस वार्ता की गई। प्रेसवार्ता में अति पिछड़ा वर्ग के दर्जनों नेता गण शामिल थे। सभी ने जोरदार संघर्ष का संकल्प लेते हुए कहा कि झारखण्ड में सीएनटी एक्ट और एसपीटी एक्ट को सख्ती से लागू किया जाय व झारखण्ड के बडी आवादी अति पिछड़ा वर्ग को आवादी के अनुपात में आरक्षण दिया जाय व बिहार के तर्ज पर झारखण्ड में अति पिछड़ा वर्ग आयोग का गठन किया जाय। अति पिछड़ा वर्ग महासभा के अध्यक्ष रंजन कुमार ने कहा कि मुठ्ठी भर लोग पिछड़ा समाज के उत्पीडित लोगों को अपने स्वार्थ में गुमराह कर रहे हैं। जिसे कतई माफ नही किया जा सकता है। शैलेश चन्द्रवंशी ने कहा कि हम पलामू से लड़ाई की शुरूआत कर राज्य स्तर पर ले जाएंगे। राज किशोर चौधरी ने कहा कि झारखण्ड सरकार का जातिय जनगणना कराने का निर्णय स्वागत योग्य हैं।

## पंचायत की मुखिया चिंता देवी ने नाली निर्माण का किया शिलान्यास

**पांकी।** पांकी प्रखंड के लोहरसी पंचायत के अंतर्गत मंगलवार को दो पीसीसी पथ निर्माण एवं एक नाली निर्माण का लोहरसी मुखिया चिंता देवी ने विधिवत पूजा अर्चना व नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। जहां पीसीसी सड़क निर्माण को लेकर जानकारी देते हुए मुखिया चिंता देवी ने कहा कि यह सड़क एवं नाली 15 वें वित्त आयोग की राशि के अंतर्गत निर्माण की जाएगी। शिलान्यास करने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए मुखिया चिंता देवी ने कहा कि गांव की सड़क निर्माण से गांव का विकास होता है। उन्होंने कहा कि इस सड़क निर्माण को लेकर इस स्थान में रहने वाले ग्रामीणों से सहमति ली गई । इससे इस सड़क निर्माण के हो जाने से सड़क पर चलने वाले ग्रामीणों को सुविधा होगी। इधर मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि सड़क नहीं होने के कारण हम सभी ग्रामीणों को बरसात के दिनों में इस सड़क से पार होने में काफी परेशानी हो रही थी।

## तीन पंचायतों में लगे पेंशन शिविर, 613 आवेदन आए

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** प्रखंड विकास पदाधिकारी के निर्देश पर मंगलवार को प्रखंड के बलिगढ़, केतार और लोहरगाडा. पंचायत सचिवालय में राज्य वृद्धा पेंशन योजना से योग्य लाभुको को लाभान्वित करने के लिए शिविर लगाया गया। इस अवसर लोहरगाडा. पंचायत सचिवालय में मुखिया नीलम देवी, बलिगढ़.में मुखिया ललिता कुमारी और केतार में मुखिया प्रमोद कुमार ने पेंशन योजना के बारे में ग्रामीणों को विस्तार पुर्वक जानकारी दी। ग्रामीणों को बताया गया की सभी वर्ग के महिला जिनका उम्र 50-60 के बीच है उन सभी को पेंशन योजना से लाभान्वित किया जायेगा। जबकि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के पुरूष जिनका उम्र 50 वर्ष पुरा हो गया है वो आवेदन के साथ जाति प्रमाण पत्र लगायें उन्हें भी पेंशन योजना का लाभ मिलेगा। लोहरगाडा. में 176 आवेदन, बलिगढ़. में 227 आवेदन और केतार में 210 आवेदन ग्रामीणों ने जामा किया। जांचोपरांत योग्य लाभुको को इसका लाभ मिलेगा। इस मौके पर पंचायत सचिव राजीव कुमार, अशोक कुमार, आदित्य कुमार, समन्वयक राकेश कुमार, रोजगार सेवक राम कुमार प्रजापति, मनोज कुमार, विनय कुमार, मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन गुप्ता, सिताराम शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# पलामू के गंगेश्वर सिंह को बंगाल में मिली बड़ी जिम्मेदारी

## कभी पोस्ट ग्रेजुएशन का कोर्स पूरा नहीं कर पाए थे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर/कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल में महानिदेशक (इन्फोर्समेंट) के पद से सेवानिवृत होकर कर्मचारी चयन आयोग में बड़ी जवाबदेही संभाल रहे 1987 बैच के आईपीएस अधिकारी गंगेश्वर सिंह को राज्यपाल के आदेशानुसार बंगाल कर्मचारी चयन आयोग में सदस्य के रूप में उनके कार्यभार संभालने से पांच साल की अवधि के लिए या 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, सेवा विस्तार दिया गया है । पलामू जिला मुख्यालय सिटी, मेदिनीनगर (डालटनगंज) के मेराल के रहने वाले हैं। वहां से प्रारंभिक शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने उच्चतर माध्यमिक स्तर की शिक्षा मेदिनीनगर के ब्राह्मण हाई स्कूल से पूरी की। मेदिनीनगर में ही जीएलए कॉलेज से ग्रेजुएशन करने के बाद उन्होंने पोस्ट- ग्रेजुएशन के लिए प्रयागराज (तत्कालीन इलाहाबाद) के विश्वविद्यालय में दाखिला लिया, परंतु यूपीएससी को लक्ष्य बना चुके गंगेश्वर सिंह पहले प्रयास में ही इंटरव्यू तक पहुंच गए और दूसरे प्रयास में सफलता हासिल कर ली। इसके कारण पोस्ट-ग्रेजुएशन पूरा करने का लक्ष्य अधूरा रह गया। डालटनगंज की माटी और समाज से मजबूत संबंध बनाकर रखने वाले





साहित्यिक रुचि के लेखक,कवि गंगेश्वर सिंह ने राष्ट्रीय नवीन मेल से बातचीत में कहा कि अब भी यूपीएससी में सफल होना आसान नहीं है। मेधावी विद्यार्थी, सही दिशा में योजनाबद्ध तरीके से मेहनत करता है तभी सफलता मिलती है। औसत विद्यार्थियों के लिए यूपीएससी में सफल होना अब भी असहज है जबकि टेक्नोलॉजी के कारण कर दुनिया मुट्ठी में जैसी अनुकूल स्थिति बन गई है। उन्होंने कहा कि उनके लिए यूपीएससी में सफलता हासिल करना काफी कठिन रहा था। ऐसा नहीं कि तब गांव में यूपीएससी के बारे में जानकारी नहीं थी, स्कूल में भी शिक्षक बताते थे, कॉलेज में इसके बारे में काफी जानकारी मिली परंतु पलामू में तब एक आईएएस चैनपुर से और दूसरा आईपीएस डॉ रामेश्वर उरांव हुए थे पलामू में तब तैयारी के लिए समुचित संसाधन सुलभ नहीं हो पाता था।

### महिला के घर में घुसकर गोली मारने वाला आरोपी गोलू गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के नावाहाता में 16 फरवरी को घर में घुसकर एक महिला को गोली मार दी गई थी. पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए गोली मारने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार आरोपी बिहार के सीतामढ़ी का रहने वाला है और पलामू में रहकर कारोबार करता है. उधर, गोली लगने से महिला जख्मी हो गई थी. महिला का इलाज फिलहाल मेदिनीनगर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार आरोपी कृष्ण गोस्वामी उर्फ गोलू गोस्वामी मीनाक्षी नामक महिला के घर में किराए पर रहता था. कुछ दिनों पहले उसने मीनाक्षी का घर खाली कर दिया था. घर खाली करने के बाद दोनों के बीच विवाद चल रहा था. इसी विवाद में 16 फरवरी को कृष्ण मीनाक्षी देवी के घर में घुसकर उसे गोली मार दी थी।इस संबंध में शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि किराए के विवाद में गोली मारी गई थी।

# प्रभार पर चल रहे हैं कई विभाग, विकास कार्य बाधित

**नवीन मेल संवाददाता**

**केतार।** केतार प्रखंड सह अंचल कार्यालय में अधिकांश सृजित पद इन दिनों प्रभार के सहारे चल रहा है। जब कुशल रिक्त पदों के विरुद्ध अधिकारियों एवं कर्मियों की नियुक्ति न हो तो इसका असर विकास कार्यों पर पड़ना लाजिमी है। प्रखंड कार्यालय में बीडीओ के पद पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सावित्री कुमारी की पोस्टिंग एक माह पुर्व हो गयी है।लेकिन अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी की पोस्टिंग अब तक नहीं हुआ है। अंचलाधिकारी का प्रभार बीडीओ सावित्री कुमारी को ही संभालना पड़ रहा है। जबकि अंचल निरीक्षक का पद राजस्व कर्मचारी के सहारे चल रहा है। अंचल के 4 हल्का का जिम्मा दो राजस्व कर्मचारी के जिम्मे है। आपूर्ति विभाग में प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी का पदभार खरौंधी प्रखंड के अंचलाधिकारी सुनील कुमार को मिला है। गोदाम प्रबंधक के दायित्व का निर्वहन जनसेवक द्वारा किया जा रहा है। इधर शिक्षा विभाग में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी का प्रभार बंशीधर नगर के बीईओ विजय कुमार पांडेय संभाल रहे हैं। प्रखंड कृषि पदाधिकारी, प्रखंड कल्याण पदाधिकारी का प्रभार जनसेवक के पास है। जबकि बाल कल्याण परियोजना द्वारा संचालित आंगनबाड़ी केंद्रो का संचालन एवं प्रवेक्षण का जिम्मा भवनाथपुर के बीडीओ के पास है। जबकि 7 पंचायतों का कामकाज एक पंचायत सचिव और एक जनसेवक संभाल रहे हैं।जबकि प्रखंड कार्यालय में दो पंचायत सचिवों ने 6 माह पुर्व योगदान दिया है लेकिन उन्हें पंचायत आवंटन नहीं किया गया है।इसका असर पंचायत के विकास कार्यों पर पड़ रहा है।मनरेगा विभाग में बीपीओ का प्रभार रोजगार सेवक संभाल रहे हैं। वहीं कंप्यूटर सहायक का कार्य निजी ऑपरेटर के जिम्मे तथा सहायक अभियंता का पद भवनाथपुर के सहायक अभियंता के जिम्मे है।




### 16 वर्ष बाद भी अस्तित्व में नहीं आया प्रखंड कार्यालय

केतार प्रखंड सह अंचल कार्यालय का स्थापना नवम्बर 2008 में हुई थी। स्थापना के डेढ़ दशक गुजर जाने के बाद भी पुर्ण रूप से अस्तित्व में नहीं आ सका है। आज भी कई कार्यालयों का संचालन भवनाथपुर से होता है। वहीं कई पदाधिकारी कार्यालय तो क्या बैठक में भी उपस्थित नहीं रहते हैं। केतार प्रखंड में पशुपालन विभाग, कृषि विभाग,श्रम विभाग,बाल विकास व आंगनबाड़ी, स्वास्थ्य विभाग का कार्यालय अस्तित्व में नहीं आ सका है।

### आवासीय परिसर में नहीं हैं कर्मी

प्रखंड कार्यालय के ठीक सामने अधिकारी, पदाधिकारी और कर्मचारियों को ठहरने के लिए आवासीय परिसर बनाया गया है। इस परिसर में बीडीओ सावित्री कुमारी, एक राजस्व कर्मचारी, नाजिर, एक जेई ,कम्प्यूटर आपरेटर को छोड़कर एक भी अधिकारी - पदाधिकारी नहीं रहते हैं। जबकि आवास में बिजली, पेयजल, सहित सारी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## पेज एक के शेष

### 3 माह में देंगे और नौ लाख...

जरिए 106 करोड़ की धनराशि ऑनलाइन प्रथम किस्त ट्रांसफर किये गये। कार्यक्रम के दौरान 196.51 करोड़ की लागत से 104 योजनाओं का शिलान्यास और 3.33 करोड़ से कुल छह योजनाओं का ऑनलाइन उद्घाटन किया । इस दौरान 74 लाभुकों में 7.69 करोड़ की लागत से परिसंपत्तियों का वितरण किया गया। समारोह को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता, सत्यानंद भोक्ता, बेबी देवी, विधायक सुदीप्य कुमार, लम्बोदर महतो, विनोद सिंह और अन्य ने भी संबोधित किया।

### बजट सत्र के मद्देनजर स्पीकर ने...

उपलब्ध कराया जाए। बैठक में पूर्व से लंबित प्रश्नों, ध्यानाकर्षण, निवेदन, शून्यकाल, सरकारी आश्वासन एवं अनागत प्रश्नों के उत्तर उपलब्ध कराये जाने के संबंध में स्पीकर ने विचार-विमर्श किया। स्पीकर ने कहा कि अब तक शून्य काल के कुल 1835 में से 1255 प्रश्नों के उत्तर नहीं मिले हैं। विधानसभा सदस्य विशेष परिस्थिति में ही शून्य काल में प्रश्न डालते हैं। एक कार्यदिवस में 25 शून्य काल के ही प्रश्न स्वीकृत किये जाते हैं। हालांकि, इसकी संख्या ज्यादा होती है। प्रश्नों के उत्तर लंबित होने पर एटीआर में इनका उल्लेख नहीं हो पाता है। स्पीकर ने विभिन्न समितियों के अप्राप्त उत्तरों के संबंध में संज्ञान लिया। उन्होंने कहा कि विधानसभा इसलिए आहूत होती है कि जनसमस्याओं का निराकरण हो सके। स्पीकर ने कहा कि बजट सत्र में विधेयक के लिए दो मार्च का कार्य दिवस तय है। इस समय से तीन दिन पहले जिन विधेयकों को सभा पटल पर रखा जाना या उसमें किसी प्रकार का संशोधन होना है, उसकी प्रतियां सभा सचिवालय को उपलब्ध कराया जाए। स्पीकर ने सत्र के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी निर्देश दिए। विधानसभा के तीनों एप्रोज रोड में निगरानी को सीसीटीवी कैमरा लगाने को भी कहा गया। सत्र के दौरान डॉक्टरों, दवाओं और एंबुलेंस की व्यवस्था भी तय किए जाने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव एल ख्यांगते, डीजीपी अजय कुमार सिंह, मंत्रिमंडल विभाग के सचिव अजय कुमार सिंह समेत अन्य वरीय अधिकारी भी उपस्थित थे।

### दिल्ली हाईकोर्ट डिवीजन बेंच ने ...

अभी कोई अंतिम आदेश नहीं दिया है, ऐसे में उसके अंतरिम फैसले पर हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं बनता है। सिंगल बेंच के फैसले को शिबू सोरेन ने डिवीजन बेंच में चुनौती दी थी। याचिका में कहा गया था कि इस मामले में उनके खिलाफ कोई जांच नहीं की जा सकती है, क्योंकि शिकायतकर्ता ने घटना के सात साल बाद शिकायत की है। लोकपाल ऐंड लोकायुक्त एक्ट की धारा 53 के तहत इस मामले में शिकायत करने की समय सीमा समाप्त हो चुकी है। याचिका में कहा गया था कि पांच अगस्त, 2020 को लोकपाल के समक्ष शिबू सोरेन, उनकी पत्नी और बच्चों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई। फरवरी 2022 तक सोरेन को शिकायत की प्रति उपलब्ध नहीं कराई गई। सितंबर 2020 में सीबीआई को इस मामले में प्रारंभिक जांच का आदेश दिया था। सोरेन पर आरोप है कि उन्होंने दस साल में आय से काफी अधिक मात्रा में संपत्ति हासिल की। संपत्ति न केवल अपने नाम पर बल्कि अपने परिवार के दूसरे सदस्यों और कंपनियों के नाम पर की गई। लोकपाल में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शिकायत की थी। इसके आधार पर लोकपाल ने शिबू सोरेन को नोटिस जारी किया था।

### चतरा में टीपीसी के...

पिपरवार थाना क्षेत्र स्थित सेंगाबिलारी में जय अम्बे ट्रांसपोर्ट कम्पनी के हाईवा में आगजनी की घटना को अंजाम देने वाला मास्टर माइंड था। इरफान अंसारी पर रांची, चतरा, लातेहार के विभिन्न थाना में 17 मामले दर्ज है। अभिषेक पर रांची चतरा के विभिन्न थानों में आधा दर्जन मामले दर्ज हैं। गिरफ्तार उग्रवादी चतरा के टंडवा, पिपरवार और रांची के खलारी, मैक्लूस्कीगंज, बुढ़मू, रातू थाना क्षेत्र में कोयला कारोबारी एवं विकास के कार्यों से जुड़े कारोबारी के लिये आतंक का पर्याय बन चुके थे। रातू थाना क्षेत्र में कोयला कारोबारी अभिषेक श्रीवास्तव की हत्या कारोबारियों में दबदबा और लेवी वसूली के लिए की गई थी। उग्रवादियों की योजना थी कि अभिषेक की हत्या के बाद अन्य कारोबारी दहशत में आ जाएंगे और फिर लेवी वसूल कर सकेंगे। पुलिस के अनुसार विगत कुछ दिनों से चतरा जिला के पिपरवार एवं टंडवा थाना क्षेत्र में कोल-व्यवसायी तथा विकास कार्य से जुड़े व्यवसायियों को टीएसपीसी के सब-जोनल कमाण्डर अभिषेक उर्फ राजा उर्फ शोभित एवं एरिया कमाण्डर इरफान अंसारी उर्फ तुफान एवं सक्रिय सदस्य बलवंत उर्फ संदीप लोहरा के नाम पर जान से मारने की धमकी देकर रंगदारी स्वरूप लेवी की मांग की जा रही थी, जिस कारण कोयलांचल क्षेत्र में कार्य से जुड़े व्यवसायियों के मन भय व्याप्त था। विगत माह पिपरवार थाना क्षेत्र में कोल-व्यवसाय से जुड़े व्यवसायी अभिषेक श्रीवास्तव की रातू थाना क्षेत्र में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना को अंजाम देने वाले आरोपितों की गिरफ्तारी के लिये टंडवा एसडीपीओ प्रभात रंजन बरवार के नेतृत्व में विशेष कार्यबल का गठन किया गया। पुलिस की टीम अनुसंधान एवं तकनीकी सहयोग से छापेमारी कर टीपीसी के सब-जोनल एवं एरिया कमाण्डर सहित तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार उग्रवादियों ने अपराध स्वीकारोक्ति बयान में टीपीसी उग्रवादी संगठन के अन्य सक्रिय सदस्यों के बारे में जानकारी दी है।

### पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के ...

की अवहेलना को लेकर शिकायतवाद दर्ज कराया है। ईडी के समक्ष 20 जनवरी को 8वां समन एवं 31 जनवरी को 10वां समन में हेमंत उपस्थित हुए थे। सुनवाई के दौरान ईडी की ओर से दलील देते हुए कहा गया कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के समन मामले में ईडी ने दिल्ली में सीजेएम कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराया था।

### चौथे टेस्ट मैच के लिए ...

तीन मुकाबलों में अब तक दो में जीत हासिल की है और सीरीज में 2-1 से आगे है। इससे पहले राजकोट टेस्ट में भारत ने 434 रनों के विशाल और रिकॉर्ड अंतर से जीत दर्ज की थी। यह रनों के मामले में भारत का किसी भी टीम पर सबसे बड़ी जीत है। टेस्ट मैच 23 से 27 फरवरी तक होगा। रांची में सभी खिलाड़ी सात दिनों तक रुकेंगे। मैच को लेकर जिला प्रशासन और स्टेडियम प्रबंधन ने सारे इंतजाम कर लिए हैं। स्टेडियम में दर्शकों के लिए भी कई नए इंतजाम किए गए हैं, जिससे ज्यादा से ज्यादा संख्या में लोग स्टेडियम आकर टेस्ट क्रिकेट का आनंद उठा सकें।

## उपलब्धि

### पीएम उषा परियोजना में नीलांबर पीतांबर विवि का चयन

# विवि के उन्नयन के लिए मिले 20 करोड़

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय झारखंड राज्य का तीसरा विश्वविद्यालय बना जिसे प्रधानमंत्री उषा परियोजना की 20 करोड़ की राशि दी गई। अन्य दो विश्वविद्यालय हैं विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग और कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे डिजिटल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग यह घोषणा की। कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा को भी 20 करोड़ की राशि ढट उषा परियोजना के तहत आवंटित की गई है। जबकि विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग को 99 करोड़ 79 लाख रुपए की राशि आवंटित की गई है। नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के कुल सचिव मृत्युंजय कुमार ने बताया कि 20 करोड़ की यह राशि जो पीएम उसा परियोजना से आवंटित हुई है। वह इस विश्वविद्यालय के सुदृढकरण के लिए है। उन्होंने बताया की सुदृढकरण में आधारभूत संरचनाओं को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि हजारीबाग स्थित विनोबा भावे विश्वविद्यालय को 99 करोड़ 79 लाख रुपए शोध और विकास के लिए दिया गया है। जब के नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय



को सुदृढकरण के लिए यह राशि दी गई है। नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय 2009 में डाल्टनगंज शहर में क्रियाशील हुआ प्रभारी कुलपति तपन कुमार शांडिल्य ने प्रेस को बताया कि यह एक ऐतिहासिक छन है नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के लिए जिसे पीएम उषा परियोजना के तहत 20 करोड़ की राशि दी गई है। उन्होंने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि पीएम उषा परियोजना के तहत मिलने वाले 20 करोड़ की राशि से इस विश्वविद्यालय को और भी आधारभूत संरचनाओं और शिक्षक विद्यार्थियों के सहूलियत को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने पीएम उषा परियोजना का उद्घाटन ऑनलाइन किया जीएलए कॉलेज के वर्चुअल क्लास रूम में आज इस समारोह को लोगों ने बड़े पर्दे पर देखा पूरा वर्चुअल क्लासरूम लड़के और लड़कियों शिक्षाको और गणमानी व्यक्ति से भरा था। नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय को केंद्र से मिलने वाली इस वर्ष की यह एक बड़ी राशि के रूप में देखा जा रहा है।

# पुलिस को मिली बड़ी सफलता बाइक चोर गिरोह का खुलासा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बाइक चोर गिरोह के चोरी के आठ बाइक के साथ पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से चोरी की 8 बाइक बरामद की गई है। इस संबंध में हुसैनाबाद थाना परिसर में हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश महतो ने बताया कि 18 फरवरी को बिहार के बरूण थाना क्षेत्र के निवासी गोविंद कुमार सिंह ने हुसैनाबाद थाना में आवेदन देकर बाइक बीआर 26 आर 8811 के चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अनुसंधान के क्रम में हुसैनाबाद के नहर मोड़ निवासी रोहित कुमार उर्फ लड्डू को बीआर 26 आर 8811 चोरी की बाइक के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार रोहित ने अपने जुर्म को स्वीकार करते हुए गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में बताया। उसने बताया कि सभी मिलकर बाइक चोरी कर



बेचने का कार्य करते हैं। जिन अन्य युवकों को गिरफ्तार किया गया है, उसमें रोहित कुमार उर्फ लड्डू, रामजी दस उर्फ गोलू, अमन कुमार उर्फ बटेर मकबरा रोड, हुसैनाबाद, आदित्य वर्धन सिंह उर्फ सुडू ग्राम टेंटा, हुसैनाबाद व पवन कुमार ग्राम कुकही थाना हैदरनगर आदि का नाम शामिल है। एसडीपीओ मुकेश महतो ने बताया कि सभी ने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बाइक चोरी व बिक्री करने की बात स्वीकार की है। उन्होंने पुलिस को बताया कि हुसैनाबाद के हरिहर चौक, स्टेशन रोड के अलावा आस पास के थाना क्षेत्रों के साथ बिहार के औरंगाबाद जिला अंतर्गत नबीनगर थाना क्षेत्र में भी बाइक चोरी की घटना को अंजाम देते थे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
आरसीटी
पायरिया का ईलाज
टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
स्माईल डिजाइन
इनविजिबल क्लिप
दंत रोपण
फिक्स दाँत लगाना
अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com



## एक नजर

### प्रधानमंत्री मोदी आज करेंगे 9वें रायसीना डायलॉग का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बुधवार को 9वें रायसीना डायलॉग का उद्घाटन करेंगे। ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोताकिस उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे और मुख्य भाषण देंगे। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि रायसीना डायलॉग का 9वां संस्करण 21-23 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। रायसीना डायलॉग भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र पर भारत का प्रमुख सम्मेलन है। यह अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने आने वाले सबसे चुनौतीपूर्ण मुद्दों के समाधना के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 फरवरी को इस संवाद का उद्घाटन करेंगे। ग्रीस के प्रधानमंत्री मित्सोताकिस मुख्य अतिथि के रूप में उद्घाटन सत्र में शामिल होंगे और मुख्य भाषण देंगे।

### जेपी नड्डा 21 और 22 को महाराष्ट्र के दौरे पर

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा बुधवार से दो दिवसीय प्रवास पर मुंबई जाएंगे। इस दौरान नड्डा कई सांगठनिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। भाजपा ने मंगलवार को बताया कि नड्डा बुधवार एवं गुरुवार (21 एवं 22 फरवरी) को मुंबई में कई सार्वजनिक एवं सांगठनिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस प्रवास के दौरान वे कार्यकर्ता सम्मेलन और क्लस्टर बैठक के साथ-साथ लाभार्थी सम्मेलन को भी संबोधित करेंगे। इस दौराव वे छत्रपति शिवाजी महाराज शिल्प का पूजन एवं उद्घाटन भी करेंगे।

### हाईकोर्ट ने शुभेंदु को संदेशखाली जाने की अनुमति दी

**कोलकाता।** कलकत्ता हाईकोर्ट की सख्ती के बाद आखिरकार पुलिस ने वरिष्ठ भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी को संदेशखाली जाने की अनुमति दे दी है। मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की खंडपीठ ने साफ कर दिया कि विधायक शुभेंदु अधिकारी और शंकर घोष केवल दो लोग एक साथ संदेशखाली जा सकते हैं।

### चार टाइम बमों की बरामदगी के मामले में एनआईए की जांच शुरू

**नई दिल्ली।** एनआईए ने उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में चार टाइम बमों की बरामदगी के मामले में जांच शुरू कर दी है। बम बरामदगी मामले में उत्तरप्रदेश एसटीएफ के द्वारा 25 वर्षीय जावेद और 60 वर्षीय इमराना की गिरफ्तारी हुई थी। एनआईए ने मंगलवार को जारी एक बयान में कहा कि गिरफ्तारी के बाद इमराना और जावेद के खिलाफ आईपीसी की धारा 286 (विस्फोटक पदार्थ के लिए लापरवाहीपूर्ण आचरण) और विस्फोटक अधिनियम की धारा 4/5 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### वाईएसआरसीपी विधायक की इस्तीफे के दो महीने बाद पार्टी में वापसी

**अमरावती।** सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा देने के दो महीने बाद मंगलवार को एक बार फिर अल्ला रामकृष्ण रेड्डी पार्टी में शामिल हो गए हैं। मंगलागिरी निर्वाचन क्षेत्र के विधायक ने मुख्यमंत्री और वाईएसआरसीपी अध्यक्ष वाईएस जगन मोहन रेड्डी से मुलाकात की, जिन्होंने पार्टी में उनका वापस स्वागत किया। वाईएसआरसीपी सांसद अयोध्या रामी रेड्डी के साथ रामकृष्ण रेड्डी ने मुख्यमंत्री से उनके कैंप कार्यालय में मुलाकात की।

# सरकार किसी परिवार की नहीं, जम्मू-कश्मीर की सेवा कर रही : प्रधानमंत्री

### साम्बा में 1661 करोड़ की लागत से बने एम्स का किया उद्घाटन

### जम्मू में 32,000 करोड़ रुपये की विकास योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया



**एजेंसी। जम्मू/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को जम्मू में एम्स का उद्घाटन करने के साथ ही शिक्षा, रेल, सड़क, विमानन, पेटोलियम तथा नागरिक सुविधाओं और बुनियादी ढांचे से संबंधित 32 हजार करोड़ की विकास योजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। मौके पर प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने विकसित जम्मू-कश्मीर का संकल्प लिया है। विकसित भारत का मतलब विकसित जम्मू-कश्मीर है। जम्मू-कश्मीर को परिवार संचालित पार्टियों का शिकार बताते हुए कहा कि सरकार अब किसी परिवार की नहीं, बल्कि जम्मू-कश्मीर की सेवा कर रही है। इसलिए कोई भी पात्र नागरिक लाभ से नहीं चूकेगा। जनसभा में मोदी ने पिछले 10 वर्षों में जम्मू-कश्मीर सहित पूरे भारत में हुए विकास कार्यों का लेखा-जोखा रखा। परिवारवाद की राजनीति को लेकर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस जमकर निशाना साधा। कहा, कांग्रेस ने दशकों तक झूठ बोला है। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ बातचीत भी की।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आपके सपने पिछले 70 साल से अधूरे हैं। हालांकि आपके सपने आने वाले कुछ ही वर्षों में मोदी पूरे करके देगा। प्रधानमंत्री ने उस समय को याद किया जब जम्मू-कश्मीर से सिर्फ बम, अपहरण और अलगाव की निराशाजनक खबरें ही आती थीं। उन्होंने कहा कि आज जम्मू-कश्मीर विकसित होने के संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है। आगामी लोकसभा चुनावों में भाजपा की जीत का दावा करते हुए मोदी ने कहा कि मैंने सभी को बता दिया है कि भाजपा को 370 सीटें और एनडीए को 400 से ज्यादा सीटें मिलेंगी। मोदी ने कहा कि मैंने इस जगह पर 2014 में जो वादा किया था उसे पूरा किया। आज हमारे पास जम्मू में आईआईटी और आईआईएम हैं। कहा, प्रदेश के विकास में सबसे बड़ी दीवार अनुच्छेद-370 थी, इस दीवार को भाजपा सरकार ने हटा दिया है। अब जम्मू कश्मीर संतुलित विकास की ओर बढ़ रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में भारत में रिकॉर्ड संख्या में स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय स्थापित हुए अकेले जम्मू-कश्मीर में 50 नए डिग्री कॉलेज स्थापित किए गए।

### 1661 करोड़ से बने एम्स का लोकार्पण

साम्बा जिले के विजयपुर में 1661 करोड़ रुपये से बने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) का प्रधानमंत्री ने लोकार्पण किया। यह एम्स 226.84 एकड़ में फैला है। इस एम्स के बनने से जम्मू-कश्मीर सहित पंजाब व हिमाचल के लोगों को भी स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिलेगा। एम्स में 30 जनरल और 20 सुपर स्पेशियलिटी विभाग होंगे। पहले चरण में लगभग तीस से अधिक जनरल और सुपर स्पेशियलिटी विभागों में ओपीडी सेवाएं शुरू की जा रही है, जो 1 मार्च से शुरू होंगी। पहले चरण में एम्स में आपात सेवाएं शुरू नहीं की जाएंगी। अगले छह माह में एम्स पूरी तरह से काम करने लगेगा।

### रेल परियोजनाओं का लोकार्पण

प्रधानमंत्री मोददी ने जम्मू कश्मीर में बनिहाल-खड़ी-सुंबड़-संगलदान (48 किमी) रेल लाइन और बारामूला-श्रीनगर-बनिहाल-संगलदान खंड (185.66 किमी) के बीच नवविद्युतीकृत सहित कई रेल परियोजनाओं का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री ने पहली इलेक्ट्रिक ट्रेन और संगलदान स्टेशन तथा बारामूला स्टेशन के बीच रेल सेवा को भी हरी झंड़ी दिखाई। बनिहाल-खड़ी-सुंबड़-संगलदान का शुरू होना महत्वपूर्ण है। भारत की सबसे लंबी रेलवे परिवहन सुरंग टी-50 (12.77) खड़ी-सुंबड़ के बीच इसी हिस्से में स्थित है। इस ट्रैक पर अब इलेक्ट्रिकल इंजन वाली ट्रेन तेज गति से चल सकेंगी।

### 7874 करोड़ की सड़क परियोजनाओं का किया शिलान्यास

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्य में 7874 करोड़ की सड़क परियोजनाओं का भी शिलान्यास किया। इसमें जम्मू को कटरा से जोड़ने वाले दिल्ली-अमृतसर-कटड़ा एक्सप्रेसवे के दो पैकेज (44.22 किलोमीटर) सहित महत्वपूर्ण सड़क परियोजनाओं भी शामिल है। इसके अलाव श्रीनगर रिंग रोड को चार लेन का बनाने के लिए चरण दो, राष्ट्रीय राजमार्ग-1 के 161 किलोमीटर लंबे श्रीनगर-बारामूला-उड़ी खंड के उन्नयन के लिए पांच पैकेज तथा राष्ट्रीय राजमार्ग-444 पर कुलगाम बाईपास और पुलवामा बाईपास का शिलान्यास किया।

# आचार्य विद्यासागर जी का अस्थि संचय हुआ

### अस्थि कलश जमीन में दबाया जाएगा, उसी जगह बनेगी समाधि



**एजेंसी। रायपुर**

आचार्य विद्यासागर जी महाराज के समाधिस्थ होने के बाद मंगलवार को उनका अस्थि संचय किया गया। अस्थियों को शुद्धिकरण के बाद एक कलश में रखा गया है। आचार्य श्री शनिवार-रविवार की दरमियानी रात करीब 2:35 बजे ब्रह्मलीन हो गए थे। रविवार को जैन परंपरा के अनुसार उनका अंतिम संस्कार किया गया था। जैन धर्म में अस्थियों को जल में विसर्जित नहीं किया जाता। आचार्य विद्या सागर जी की अस्थियों का कलश में संकलन किया गया। उसके बाद उसे जमीन में दबाया जाएगा। जिस जगह पर अस्थि कलश दबाया जाएगा, वहीं उनकी समाधि बनाई जाएगी। छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ स्थित चंद्रगिरि तीर्थ में विद्यासागर जी की अस्थि संचय क्रिया पूज्य मुनि श्री महासागर जी के सानिध्य में हुई। आचार्य जी की अस्थि लेने के लिए छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात और ओडिशा समेत कई राज्यों से लोग पहुंच रहे हैं।

#### मुनि समय सागर महाराज को गद्दी सौंपी जाएगी

आचार्य विद्या सागर जी ने छह फरवरी को मुनि योग सागर से चर्चा के बाद आचार्य पद का त्याग कर दिया था। उन्होंने मुनि समय सागर जी महाराज को आचार्य पद देने की घोषणा की थी। मुनि समय सागर के चंद्रगिरी तीर्थ पहुंचने के बाद विधिवत तरीके से उन्हें आचार्य की गद्दी सौंपी जाएगी। मुनि समय सागर जी 43 साधुओं के साथ पैदल यात्रा कर 22 फरवरी को बालाघाट से डोगरगढ़ पहुंचेंगे। वहां उन्हें विधिवत रूप से आचार्य की गद्दी सौंपी जाएगी।

# पीएम ने आईआईटी पटना व आईआईएम बोधगया का किया वर्चुअल उद्घाटन



**एजेंसी। पटना**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को आईआईटी पटना के नवनिर्मित 24 भवनों, आईआईएम बोधगया के स्थायी भवन तथा भागलपुर ट्रिपल आईटी के नये स्थायी भवन का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया। कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी बिहार विधानसभा के विस्तारित भवन स्थित अपने कक्ष से जुड़े। 466 करोड़ रुपये की लागत से बने आईआईटी पटना में 24 भवनों के निर्माण होने से अकादमिक ब्लॉक, केंद्रीय पुस्तकालय, छात्रावास, सेंट्रल लेक्चर हॉल और स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर सहित अन्य सुविधाएं छात्रों को मिलने लगीं। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2007 में केंद्र सरकार से पटना में आईआईटी की स्थापना के लिए आग्रह किया था और वर्ष 2008 में पटना में इसकी स्थापना हुई थी।

राज्य सरकार द्वारा पटना के बिहटा में उसके लिए 500 एकड़ भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराई गई थी। आईआईएम, बोधगया के भवन के उद्घाटन होने से इस परिसर में छात्रों को अत्याधुनिक स्मार्ट कक्षाएं और पुस्तकालय आदि की और बेहतर सुविधाएं मिलने लगी हैं। 128 करोड़ रुपये की लागत से भागलपुर में ट्रिपल आईटी भवन के उद्घाटन से छात्र-छात्राओं को भी सुविधाएं मिलने लगी हैं।

कार्यक्रम में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा तथा विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह भी जुड़े।

#### आईआईटी भिलाई का भी वर्चुअल लोकार्पण

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को छत्तीसगढ़ के आईआईटी भिलाई के स्थायी परिसर का वर्चुअल उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, केंद्रीय मानव संसाधन विकासमंत्री धर्मेंद्र प्रधान, दुर्ग के सांसद विजय बघेल, आईआईटी के अधिशासी मंडल के अध्यक्ष के. वेंकटरमण और निदेशक आईआईटी प्रोफेसर राजीव प्रकाश मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी कवर्धा और कुरूद में केंद्रीय विद्यालय के नवनिर्मित भवन का भी लोकार्पण किया। भिलाई आईआईटी कैंपस 400 एकड़ में बना है।

# केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव, 2 अन्य ओडिशा से राज्यसभा के लिए चुने गए



**भुवनेश्वर।** केंद्रीय मंत्री और भाजपा उम्मीदवार अश्विनी वैष्णव तथा बीजू जनता दल (बीजद) के दो उम्मीदवार राज्यसभा के लिए ओडिशा से निर्विरोध चुने गए। रिटर्निंग अधिकारी अबनिकांत पटनायक ने मंगलवार को घोषणा की कि अनुभवी बीजद नेता और बाराबती-कटक निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व विधायक, देबाशीष सामंतराय और बीजू युवा जनता दल (बीजेवाईडी) के उपाध्यक्ष सुभाशीष खुंटिया भी राज्यसभा के लिए चुने गए हैं। बीजद ने दूसरी बार भाजपा द्वारा नामित वैष्णव की उम्मीदवारी को समर्थन दिया, जिससे यह सुनिश्चित हो गया कि पूर्व आईएएस अधिकारी इस बार भी राज्य सभा पहुंच सकें। रिटर्निंग अधिकारी ने कहा, ओडिशा से राज्यसभा की रिक्त सीटों के लिए तीन उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। नामांकन पत्र जांच के दौरान सही पाए जाने पर स्वीकार कर लिए गए। निर्धारित समय सीमा के भीतर नामांकन वापस नहीं लिया गया, इसलिए तीनों उम्मीदवारों द्वारा दाखिल नामांकन वैध रहेंगे। अब उनकी उम्मीदवारी घोषित की जा सकती है। वे अश्विनी वैष्णव, देबाशीष सामंतराय और सुभाशीष खुंटिया हैं। उन्होंने पहले स्पष्ट किया था कि 27 फरवरी को कोई मतदान नहीं होगा क्योंकि ओडिशा से राज्यसभा की तीन सीटों पर एक-एक उम्मीदवार ही है।

**चंडीगढ़ मेयर चुनाव : आप के पक्ष में फैसला आया**

# सुप्रीम कोर्ट की वजह से यह संभव हुआ : केजरीवाल



**एजेंसी। नई दिल्ली**

चंडीगढ़ मेयर चुनाव पर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को बड़ा फैसला सुनाया। आम आदमी पार्टी के कुलदीप कुमार चंडीगढ़ के मेयर होंगे। सुप्रीम कोर्ट ने दोबारा गिनती करने के बाद यह निर्णय लिया है। सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल का बयान सामने आया है। उन्होंने चंडीगढ़ मेयर चुनाव में जीत पर इंडिया गठबंधन को बधाई दी। केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "कुलदीप कुमार एक गरीब घर का लड़का है। इंडिया गठबंधन की ओर से चंडीगढ़ का मेयर बनने पर बहुत-बहुत बधाई। ये केवल भारतीय जनतंत्र और सुप्रीम कोर्ट की वजह से संभव हुआ। हमें किसी भी हालत में अपने जनतंत्र और स्वायत्त संस्थाओं की निष्पक्षता को बचाकर रखना है।" पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर लिखा, "आखिरकार सत्य की जीत हुई, चंडीगढ़ में मेयर चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हम स्वागत करते हैं। पीठासीन अधिकारी द्वारा खारिज किए गए 8 वोटों को सही ठहराते हुए सीजेआई ने आप के कुलदीप कुमार को मेयर घोषित किया। बीजेपी द्वारा सरेआम की गई गुंडागर्दी का उन्हें मुंहतोड़ जवाब मिला है, लोकतंत्र की इस बड़ी जीत पर चंडीगढ़ वासियों को बहुत-बहुत बधाई।" आप नेता राघव चड्ढा ने अपने पोस्ट में लिखा, "सत्यमेव जयते! आज सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक निर्णय ने भारत में लोकतंत्र के स्तम्भ - स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की रक्षा की है। माननीय सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव में 8 'अमान्य' मतपत्रों को वैध मानकर पुनर्मतगणना का निर्देश देने के बाद आप मेयर उम्मीदवार को विजेता घोषित किया।

# मोदी सरकार को किसान हितों की परवाह नहीं : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने आरोप लगाया है कि मोदी सरकार को किसानों के हित की परवाह नहीं है। उन्होंने कहा कि यह सरकार अपनी सहूलियत के हिसाब से बयान बदलती रही है। पार्टी प्रवक्ता पवन खेड़ा ने मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का समर्थन किया था और प्रधानमंत्री बनने के बाद वह इसके विरोधी हो गए। वर्ष 2014 के पहले एमएसपी को भाजपा किसानों का हक बताती थी और आज इस मुद्दे पर किसानों को दिल्ली तक नहीं आने दिया जा रहा है। खेड़ा ने कहा कि एमएसपी और अन्य मुद्दों को लेकर प्रदर्शन कर रहे किसानों का कांग्रेस समर्थन करती है लेकिन भाजपा सरकार को किसान हितों की परवाह नहीं है। इससे पहले हुए किसान आंदोलन में 700 से ज्यादा किसान शहीद हो गए लेकिन इनके कान पर जूं तक नहीं रेंगी। अब फिर से किसान दिल्ली आना चाहते हैं तो उन्हें रास्ते में रोक दिया गया है।

# सीजेआई को एससीबीए अध्यक्ष ने आंदोलनरत उग्र किसानों पर कार्रवाई के लिए लिखा पत्र



**ब्यूरो। नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट के कई वकीलों ने किसानों के प्रदर्शन के खिलाफ भारत के मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ को लिखे पत्र पर सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष आदिश को पद से हटाने की मांग की है। मालूम हो कि आदिश ने एमएसपी को लेकर प्रदर्शन करने वाले किसानों के विरूद्ध स्वतः कार्रवाई के लिए सीजेआई को 13 फरवरी के पहले एक पत्र लिखा है। यह पता चलने पर सुप्रीम कोर्ट के लगभग 150 वकीलों ने प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए, जिसमें सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की आम सभा की बैठक बुलाने का आह्वान किया गया। उक्त बैठक में मामले में किसी भी अधिकार और क्षमता के बिना और लेटर हेड पर सीजेआई को पत्र लिखने के लिए सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष को हटाने पर चर्चा की जाएगी। क्योंकि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में अपने पद का खुला दुरुपयोग किया। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की कार्यकारी समिति के ज्यादातर सदस्यों ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन अध्यक्ष के पत्र से खुद को अलग कर लिया था। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की कार्यकारी समिति के 21 में से 13 सदस्यों ने प्रस्ताव में स्पष्ट किया कि अध्यक्ष ने कार्यकारी समिति के सदस्यों के साथ किसी भी परामर्श के बिना एकतरफा पत्र लिखा। यह व्यक्त करते हुए कि सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के लेटरहेड पर लिखा गया विवादास्पद पत्र गलत धारणा देता है कि यह सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की राय को प्रतिबिंबित करता है, संबंधित कार्यकारी सदस्यों ने उक्त पत्र की सामग्री से असहमति जताई है और खुद को अलग कर लिया। कहा गया, यह पत्र अध्यक्ष द्वारा कार्यकारी समिति के सदस्यों के साथ बिना किसी परामर्श के एकतरफा जारी किया गया। सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के लेटरहेड पर लिखे गए पत्र से यह गलत धारणा बनती है कि यह पत्र सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से लिखा गया। हम पत्र की सामग्री से सहमत नहीं हैं और इस पत्र से खुद को अलग करते हैं।

#### सुप्रीम कोर्ट ने आप पार्षद कुलदीप को मेयर घोषित किया

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी परदीवाला व जस्टिस मनोज मिश्र की पीठ ने 30 जनवरी, 2024 को हुए चंडीगढ़ नगर निगम का मेयर पद के चुनाव में पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह द्वारा घोषित परिणाम अवैध घोषित कर करते हुए आम आदमी पार्टी के पार्षद कुलदीप कुमार को मेयर घोषित कर दिया। मालूम हो कि विवादास्पद पीठासीन अधिकारी अनिल मसीह ने उक्त परिणाम में भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार मनोज कुमार सोनकर को विजेता घोषित किया था। सर्वोच्च न्यायालय ने पाया कि पीठासीन अधिकारी ने जानबूझकर 8 मतपत्रों को क्रॉस किया था, जो कुलदीप कुमार के पक्ष में डाले गए थे, जिससे उन्हें अमान्य कर दिया जाए। न्यायालय ने मतपत्रों की भौतिक जांच की और पाया कि वे विरूपित नहीं थे। कोर्ट ने इन 8 वोटों को नतीजों में जोड़ते हुए कुलदीप कुमार को विजेता घोषित कर दिया।चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पीठ ने अदालत के समक्ष गलत बयान देने के लिए अनिल मसीह के खिलाफ सीआरपीसी की धारा 340 के तहत आपराधिक कार्यवाही भी शुरू की। अदालत ने मतपत्र और रिकॉर्ड पेश करने का आदेश दिया था, जिन्हें 5 फरवरी को जारी पिछले आदेश के अनुसार पंजाब एंड हरियाणा उच्च न्यायालय ने अपने कब्जे में ले लिया था। विवाद का मुद्दा 8 मतपत्रों से जुड़ा था, जिन्हें पीठासीन अधिकारी ने अवैध घोषित कर दिया था। कुल 36 वोटों में से सिर्फ 28 वोटों की गिनती हुई। आप पार्षद को 12 और भाजपा उम्मीदवार को 16 वोट मिले। मतपत्रों के भौतिक निरीक्षण के बाद अदालत ने पाया कि 8 'अमान्य' मतपत्रों में आप पार्षद के पक्ष में वोट थे। न्यायालय ने यह भी पाया कि पीठासीन अधिकारी ने इन आठ मतपत्रों के अंत में एक पंक्ति का निशान लगाया था। इससे पहले अदालत के समक्ष अपने बयान में मसीह ने दावा किया कि उसने ये निशान लगाए थे, क्योंकि ये मतपत्र पहले ही विरूपित हो चुके थे।

# इमरान की बहन उज्मा ने इस्लामाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया





### बुशरा बीबी की मेडिकल जांच कराने की मांग

**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान की जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान की बहन डॉ. उज्मा खान ने अपनी भाभी के संबंध में इस्लामाबाद हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उज्मा खान ने हाई कोर्ट में याचिका दाखिल कर इमरान की पत्नी बुशरा बीबी की मेडिकल जांच कराने मांग की है।

डॉ. उज्मा खान की इस याचिका की संक्षिप्त जानकारी इमरान की पार्टी पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ ने अपने एक्स हैंडल पर साझा की है। इसमें मांग की गई है कि बुशरा बीबी की मेडिकल जांच एसकेएमसीएच के गैस्ट्रो एंटेरोलॉजिस्ट डॉ. असीम यूसुफ से कराने की अनुमति दी जाए।

इससे पहले डॉ. उज्मा खान ने आरोप लगाया था कि बुशरा बीबी को अवैध रूप से कैद कर रखा गया है। उन्हें एक सप्ताह पहले रसायन मिला हुआ भोजन दिया गया। इससे उनका गला और पेट जल गया है। वह खाने में असमर्थ हैं और अस्वस्थ हैं। उन्हें चिकित्सा उपचार से वंचित कर दिया गया है। उज्मा ने कहा है, "यह नाजायज, फासीवादी और सत्तावादी शासन का इमरान खान की पत्नी पर दुर्भावनापूर्ण हमला था। यह खान पर समर्पण के लिए दबाव डालने का एक व्यर्थ प्रयास था।"